


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु. । वर्ष-6 । अंक-261

# तिरुपति के लड्डू प्रसाद में जानवरों की चर्बी वाला घी!

## चंद्रबाबू नायडू सरकार द्वारा भेजे गए नमूनों की जांच में मिलावट की पुष्टि

**अमरावती, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश में भगवान तिरुपति के प्रसाद को लेकर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बड़ा आरोप लगाया है, जिसके बाद राज्य की राजनीति गरमा गई। सीएम नायडू का मानना है कि पिछली सरकार में भगवान तिरुपति के प्रसाद के लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल हो रहा था। टीडीपी नेता ने बताया कि लैब की रिपोर्ट के अनुसार, प्रसाद तैयार करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली घी में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल पाया गया है।

प्रसाद में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने पर टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमन रेड्डी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि घी तैयार करने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है। गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई है कि कि घी की तैयारी में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किया गया था। यह हिंदू धर्म का अपमान है। भगवान




को दिन में तीन बार चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में इस घी का इस्तेमाल किया गया था। हमें उम्मीद है कि न्याय होगा और भगवान हमें माफ कर देंगे।

सीएम चंद्रबाबू नायडू के आरोपों पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे गंभीर मुद्दा बताया और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हालांकि, जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सीएम नायडू के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं।

वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, सभी को आंध्र प्रदेश में हिंदू विरोधी कृत्यों और पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के कारनामों के बारे में मालूम है, लेकिन किसी को भी उम्मीद नहीं था कि यह इस स्तर तक गिर सकता है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है, जिसे मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उठाया। तिरुपति लड्डु प्रसादम में जो भी जानवरों की चर्बी मिलाता था, उसे सजा मिलनी चाहिए।

चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में एनडीए विधायक दल की बैठक में दावा किया था कि तिरुमाला लड्डू भी ▶10 पर

### शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में गरजे पीएम मोदी, कहा

# मेरा मिशन जम्मू-कश्मीर को अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की जागीरदारी से मुक्त कराना है

**इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों में डर और अनिश्चितता पैदा की**

**भाजपा दिल और दिल्ली की दूरी को कम करके एक बार फिर लोगों को एकजुट कर रही**

**पहले चरण के चुनाव में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा**



**श्रीनगर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की प्रशंसा करते हुए गुरुवार को कहा कि उनका अंतिम मिशन केंद्र शासित प्रदेश को तीन परिवारों- अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की राजनीतिक जागीरदारी से पूरी तरह मुक्ति दिलाना है।

श्री मोदी ने यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम सोनवार में खचाखच भरी जनसभा में यह बात कही। उन्होंने अपना भाषण कश्मीरी में शुरू किया, म्यानीन सारनी केशरें बयान, ते बेनीन चू मायने तरफे नमस्कार (मेरे सभी कश्मीरी भाइयों और बहनों को नमस्कार)। जब भीड़ मोदी, मोदी चिल्ला रही थी, तो प्रधानमंत्री ने मंच से कहा, यह नया कश्मीर है। हमारा प्रयास जम्मू-कश्मीर की प्रगति और विकास है। मैं आज देख सकता हूं कि मेरे भाई-बहन खुशामदीद पीएम (स्वागत है पीएम) के नारे लगा रहे हैं। मैं आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

श्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है। उन्होंने कहा, कल सात जिलों में पहले चरण का चुनाव हुआ, पहली बार आतंकवाद की छाया के बिना चुनाव हुए। यह वास्तव में गर्व का क्षण था कि कल इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के लिए निकले। प्रधानमंत्री ने कहा, किश्तवाड़ में 80 प्रतिशत, डोडा में 71 प्रतिशत से अधिक, रामबन में 70 प्रतिशत और कुलगाम में 62 प्रतिशत से ▶10 पर

### अनुच्छेद 370 बहाल करने के पाकिस्तानी एजेंडे को लागू करने की मंजूरी कभी नहीं देंगे: मोदी

**जम्मू, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस पार्टी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करके पाकिस्तान के एजेंडे को लागू करना चाहती हैं, लेकिन वह ऐसा कभी नहीं होने देंगे। श्री मोदी ने 25 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में रियासी जिले के कटरा कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान नेकां-कांग्रेस के बीच गठबंधन से बहुत उत्साहित है और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने के उनके एजेंडे का खुले तौर पर स्वागत किया है। ▶10 पर

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर भड़के गृहमंत्री अमित शाह

# कांग्रेस और पाकिस्तान दोनों के इरादे और एजेंडा एक



राहुल गांधी हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** भाजपा ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद कांग्रेस-नेशनल कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय तक सभी ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को आड़े हाथ लिया। अमित शाह ने कहा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस-एनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी एक है। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करना हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल 370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद।

वहीं, भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देने वाला देश है। वह कश्मीर पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख का समर्थन करता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल करने के लिए एक ही ओर हैं। ▶10 पर

### ओड़ीशा सरकार ने 39 हजार करोड़ से अधिक की 12 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी

*भुवनेश्वर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।*




ओड़ीशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को 36वीं उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक के दौरान 39 हजार करोड़ रुपए से अधिक की 12 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार ने कुल 39,271.50 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 17,098 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने आने वाले पांच वर्षों में 2.5 लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश करने का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, नई सरकार के पहले 100 दिनों में ही वार्षिक लक्ष्य का 90 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है, क्योंकि 44,682.92 करोड़ रुपये के निवेश को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है, जिससे 36,462 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। इससे पहले, जुलाई में हुई राज्य स्तरीय एकल खिड़की प्राधिकरण की बैठक में ईएसडीएम, स्टील, मेटल डाउनस्ट्रीम, रसायन, सीमेंट, हरित अमोनिया और रबर, ▶10 पर

# हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना: राजनाथ

**भारत को हिंद महासागर में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है**

**नौसेना को खरीदार से निर्माता में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक पूरा होगा**


**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की जरूरत पर बल देते हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों से मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।



श्री सिंह ने गुरूवार को यहां नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में कमांडरों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए और कमांडरों को समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की और इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से संवेदनशील बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक समय समुद्र तटों से घिरा हुआ देश था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीप देश के रूप में देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में प्रथम उत्तरदाता के रूप में विश्वसनीयता के लिए भारतीय नौसेना की तत्परता की सराहना की। श्री सिंह ने कहा, दुनिया के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। वहीं, समुद्र में समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। ▶10 पर

### किसानों को सस्ता उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: शिवराज

*नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।*



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को सस्ता उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

श्री चौहान ने गुरुवार को यहां अपने मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को समय पर सस्ता फर्टिलाइजर उपलब्ध हो जाए, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यूरिया की एक बोरी 2366 रुपए में आती है और किसानों को 266 रुपए में उपलब्ध कराते हैं। डीएपी की एक बोरी 2433 रुपए में आती है और किसानों को 1350 रुपए में उपलब्ध कराते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 65 फसलों की 109 नई किस्में जारी की गईं, जो जलवायु अनुकूल, कीट प्रतिरोधी और अधिक उपज वाली हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना आधुनिक किसान चौपाल अक्टूबर में प्रारंभ करने की है। सरकार लैब टू लैंड कार्यक्रम चला रही है जिसमें किसानों तक जानकारियां पहुंचाई जाएंगी। ▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 33°
न्यूनतम : 24°

# स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ें: मुर्मू

**सफाईकर्मी अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा हैं, इन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं**

**राष्ट्रपति ने 1692 करोड़ की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन किया**



**उज्जैन, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये सभी आगे बढ़ें। स्वच्छता ही देश को स्वस्थ और विकसित बना सकती है। देश का प्रत्येक व्यक्ति इस कार्य में सहयोग करे और सब मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाएं।

श्रीमती मुर्मू गुरुवार को यहां सफाई मित्रों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सफाई मित्रों रश्मि टांकले, किरण खोड़े, शोभा घावरी, अनिता चावरे और गोपाल खरे का सम्मान किया। राष्ट्रपति ने 1692 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन भी किया। प्रारम्भ में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और उन्हें श्रीमहाकाल लोक की प्रतिकृति प्रदान की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यप्रदेश ने शहरी और ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के कई शहरों को सफाई के लिये श्रेष्ठ शहर घोषित किया गया है। इन्दौर निरन्तर 7वीं बार देश का स्वच्छतम शहर घोषित हुआ है। भोपाल स्वच्छतम राजधानी बनी है। राष्ट्रपति ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव और उनकी ▶10 पर


### मुर्मू ने श्रीमहाकाल परिसर में स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

*उज्जैन, 19 सितंबर (एजेंसियां)।*



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर मन्दिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता के लिये श्रमदान किया। श्रीमती मुर्मु ने मन्दिर परिसर में कोटितीर्थ के समीप झाड़ू भी लगाई। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी स्वच्छता के लिये श्रमदान में शामिल हुए। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कोटितीर्थ से श्रीमहाकालेश्वर मन्दिर के शिखर दर्शन भी किए।

श्रीमती मुर्मु ने उज्जैन में श्रीमहाकालेश्वर मन्दिर में दर्शन के बाद ई-कार्ट में बैठकर श्रीमहाकाल लोक का भ्रमण कर विभिन्न प्रतिमाओं को देखा। उन्होंने श्रीमहाकाल लोक के निर्माण और वहां स्थापित शिल्प की प्रशंसा की। राष्ट्रपति के श्रीमहाकाल लोक भ्रमण के दौरान नीलकंठ महादेव की प्रतिमा के समीप 45 सदस्यीय बटुक दल ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ स्वागत किया। ▶10 पर






# अमेरिका में राष्ट्रपति कोई भी बने एलन मस्क की रहेगी बल्ले–बल्ले

**वाशिंगटन, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

टेस्ला, स्पेसएक्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क को नेताओं का नेता कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने एक छोटी सी झलक दिखाई है। जिसकी वजह से मस्क मस्क एक बार फिर अमेरिकी राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से पहले मस्क के व्यवहार को लेकर नई बहस छिड़ गई है। एक तरफ जहां मस्क ने खुले तौर पर रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन किया है, वहीं उनकी कंपनियों के कर्मचारी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस को चंदा देने में सबसे आगे हैं। यह विरोधाभासी स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए ट्रम्प का समर्थन किया था, जिसमें ट्रम्प ने चुनाव जीतने पर मस्क को गवर्नमेंट एफिशिएंसी कमीशन का प्रमुख बनाने का वादा किया था। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब मस्क पर दक्षिणपंथी झुकाव के आरोप लगते रहे हैं। 2020 के चुनावों में मस्क ने जो बाइडेन का समर्थन किया था, लेकिन हाल ही में उन्होंने खुद को वामपंथी विचारधारा से दूर करते हुए ट्रम्प के साथ अपनी नजदीकियों का प्रदर्शन किया है।विशेषज्ञों का मानना है कि मस्क की कंपनियों के कई कर्मचारी कैलिफ़ोर्निया में रहते हैं, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का गढ़ माना जाता है। यह संभव है कि मस्क के कर्मचारी अपनी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर कमला हैरिस को समर्थन दे रहे हों। हालांकि, मस्क की व्यक्तिगत राजनीतिक मंशा और उनके कर्मचारियों के व्यवहार के बीच यह विरोधाभास चुनावी माहौल में एक चर्चा का विषय बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क की कंपनियों के कर्मचारी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के चुनावी अभियान को बड़े पैमाने पर आर्थिक योगदान दे रहे हैं। ओपनसीक्रेट्स लाबिंग और डोनेशन से जुड़े डेटा को इकट्ठा करने का काम करती है। इसके अनुसार, टेस्ला के कर्मचारियों ने हैरिस के राष्ट्रपति अभियान में 42,824 डॉलर का योगदान दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### शोध में खुलासा, पृथ्वी पर शनि की तरह मौजूद था रिंग सिस्टम



**मेलबर्न।** हाल ही में प्रकाशित शोध ने इसके सबूत पेश किए हैं कि करीब 46 करोड़ साल पहले पृथ्वी पर शनि की तरह एक रिंग सिस्टम मौजूद था। यह अध्ययन अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में प्रकाशित हुआ है। इस खोज से यह पता चलता है कि हमारे ग्रह के इतिहास में एक समय ऐसा भी था जब पृथ्वी पर एस्टेरॉयड से बने छल्ले थे, जो संभवतः जलवायु को भी प्रभावित कर सकते थे। शोध के अनुसार, करीब 46.6 करोड़ साल पहले, पृथ्वी पर कई उल्कापिंडों के टकराव के कारण एक रिंग सिस्टम का निर्माण हुआ। तभी पृथ्वी पर कई गड्ढे बने, जिनकी संख्या 21 है। ये गड्ढे भूमध्य रेखा के करीब स्थित पाए गए हैं, जबकि सामान्य परिस्थितियों में उल्कापिंड किसी भी अक्षांश पर टकरा सकते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान की तलछटी चट्टानों में उल्कापिंडों का मलबा पाया गया, जो दिखाता है कि ये उल्कापिंड कम समय के लिए अंतरिक्ष रेडिएशन के संपर्क में थे। टॉमकिंस और उनकी टीम ने पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के मॉडल का उपयोग करके यह पता लगाने की कोशिश की कि ये गड्ढे कैसे बने थे और उनकी स्थितियों का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि सभी गड्ढे उन महाद्वीपों पर थे जो इस अवधि में भूमध्य रेखा के करीब थे। इसका मतलब है कि ये गड्ढे एक समान पैटर्न में बने थे, जो संभावित रूप से पृथ्वी पर उस समय के रिंग सिस्टम से संबंधित हो सकते हैं। टॉमकिन्स ने कहा, हमारा मानना है कि एक बड़ा एस्टेरॉयड पृथ्वी के साथ टकराया और टूट गया।

### इजराइल की फिलिस्तीनी क्षेत्र में अवैध मौजूदगी हटाने का प्रस्ताव पास, यूएनजीए की वोटिंग में भारत ने नहीं लिया भाग अमेरिका ने दोस्त का दिया साथ

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन से जुड़े प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। भारत ने इसमें शामिल नहीं हुआ। भारत ने यूएनजीए में उस प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया जिसमें मांग की गई थी कि इजराइल के कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी अवैध मौजूदगी को 12 महीने के अंदर बिना किसी विलंब के हटाए। 193 सदस्यीय महासभा ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। प्रस्ताव के पक्ष में 124 देशों ने मतदान किया। इसमें 14 ने विरोध में मतदान किया और भारत समेत 43 देशों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। इजराइल और अमेरिका उन देशों में शामिल थे जिन्होंने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। बुधवार को पारित प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल बिना किसी देरी के कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी गैरकानूनी मौजूदगी को हटाए।

### स्ट्रोक पुनर्वास में एचआईआईटी की भूमिका पर डाली नई रोशनी



**वॉशिंगटन।** विशेषज्ञों ने हाल ही में पुष्टि की है कि उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण (एचआईआईटी), यानी एक मिनट की तीव्र व्यायाम और छोटे विश्राम के साथ किया गया प्रशिक्षण, स्ट्रोक के रोगियों के लिए पारंपरिक मध्यम व्यायाम की तुलना में अधिक प्रभावी हो सकता है। इस अध्ययन ने स्ट्रोक पुनर्वास में एचआईआईटी की भूमिका पर नई रोशनी डाली। जब स्ट्रोक होता है, तो मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है, जिससे मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में क्षति होती है। इससे शारीरिक और संज्ञानात्मक कार्यों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जैसे कि शरीर के कुछ हिस्सों में लकवा, याददाश्त में कमी, और बोलने में कठिनाई। पुनर्वास के दौरान, व्यायाम मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ावा देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे मस्तिष्क क्षतिग्रस्त कोशिकाओं के कार्यों को नए सिरे से संगठित कर सकता है। एचआईआईटी एक प्रकार का व्यायाम है जिसमें एक मिनट तक लगातार तीव्र शारीरिक गतिविधि की जाती है, उसके बाद थोड़े समय का आराम दिया जाता है। इसका उद्देश्य कम समय में अधिक शारीरिक क्षमता और सहनशक्ति का विकास करना है। स्थिर बाइक, ट्रेडमिल, बॉडीवेट एक्सरसाइज, केटलबेल और रस्सी कूदना इस प्रशिक्षण के सामान्य उदाहरण हैं। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, एचआईआईटी स्ट्रोक के बाद शरीर की एरोबिक फिटनेस में सुधार करने में पारंपरिक मध्यम व्यायाम की तुलना में अधिक प्रभावी पाया गया है। हालांकि एचआईआईटी के फायदे स्पष्ट हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता है। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित या शारीरिक रूप से कमजोर रोगियों के लिए यह व्यायाम सुरक्षित नहीं हो सकता। इसलिए, उन्हें तब तक इस प्रकार के व्यायाम से बचने की सलाह दी जाती है, जब तक कि वे एक निश्चित फिटनेस स्तर तक नहीं पहुंच जाते। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि स्ट्रोक के मरीजों को किसी भी प्रकार का व्यायाम विशेषज्ञ की देखरेख में और अपनी क्षमता के अनुसार करना चाहिए।

## इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के छक्के छुड़ाए

# पहले पेजर विस्फोट, अब वॉकी–टॉकी विस्फोट में 14 लोगों की दर्दनाक मौत

**बेरूत, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

**इजराइल की नई आक्रामक नीति से आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह सकते में है। आतंकवादी समूह पेजर विस्फोट से उबर भी नहीं पाया कि उसके वॉकी-टॉकी (हैंडहेल्ड रेडियो रिसीवर) में हुए विस्फोट से 14 लोगों की जान चली गई और कम से कम 450 लोग घायल हो गए। कुछ संचार माध्यमों की खबर में कहा गया है कि सीरिया में भी कुछ जगह पेजर धमाके हुए हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी एनएनए ने वॉकी-टॉकी विस्फोट की पुष्टि करते हुए मृतकों की संख्या नौ और घायलों की संख्या 300 बताई है।**





### घरों और वाहनों लगी आग

खबर के अनुसार, इससे पहले मंगलवार को हुए पेजर विस्फोट में 12 लोग मारे गए और लगभग 2,800 लोग घायल हो गए। बुधवार शाम करीब पांच बजे हिजबुल्लाह के वॉकी–टॉकी को निशाना बनाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सात बजे जारी बयान में वॉकी–टॉकी में हुए धमाकों में 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 450 लोग घायल हो गए। इन विस्फोटों से नबातियेह प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में 60 घरों और दुकानों, 15 कारों और दर्जनों मोटरसाइकिलों में आग लग गई।

### युद्ध नए चरण में

खबर के अनुसार, हजारों वॉकी–टॉकी कई स्थानों पर घरों और कारों में फट गए। इजराइल के तकनीक आधारित इन हमलों से देश सकते में है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने शाम को लेबनान में वॉकी–टॉकी विस्फोटों की पुष्टि की। बेरूत टुडे ने अपनी खबर में इजराइली सेना के रेडियो के हवाले से इजराइल के रक्षामंत्री योआव गैलेंट के बयान का जिक्र किया है। बयान में कहा गया है कि इजराइल का ध्यान अब उत्तर की तरफ केंद्रित है। देश युद्ध के नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

### अंतिम संस्कार के समय फटा वॉकी-टॉकी

वॉकी–टॉकी में विस्फोट शाम 5:00 बजे शुरू हुए। इनके फटने से बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिह और दक्षिण लेबनान के 20 से अधिक शहरों के कई अपार्टमेंट और वाहनों में आग लग गई। दहिह में तो पेजर विस्फोटों में मारे गए व्यक्तियों के अंतिम संस्कार के दौरान ऐसा ही एक विस्फोट हुआ।

### सभी वॉकी-टॉकी हिजबुल्लाह के

खबर के अनुसार, जितने भी वॉकी–टॉकी में विस्फोट हुआ, वह सभी हिजबुल्लाह सदस्यों के पास थे। हिजबुल्लाह ने बदला लेने की कसम खाई है। मगर, इजराइल ने अभी तक पेजर हमलों में शामिल होने की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। लेबनान और अमेरिका के अधिकारियों ने जरूर कहा है कि पेजर विस्फोटों के लिए इजराइल जिम्मेदार है।

### इजराइल ने कहा-हिज्बुल्लाह को हर बार चुकानी होगी अधिक कीमत

आईडीएफ के एक्स हैंडल और वेबसाइट में सेना प्रमुख जनरल हर्जी हलेवी के इरादों का जिक्र किया गया है। हलेवी ने कल उत्तरी कमान के दौरे में रक्षात्मक और आक्रामक योजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कमांडरों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल के पास अभी भी कई तरह की तकनीकी क्षमता मौजूद है। उन्हें अब तक सक्रिय नहीं किया गया है। युद्ध के हर चरण में हिजबुल्लाह को अधिक कीमत चुकानी होगी। इजराइल गाजा में हमास के खात्मे और बंधकों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनरल हर्जी की यह टिप्पणी इसलिए भी अहम है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उत्तरी सीमा क्षेत्रों से निकाले गए हजारों निवासियों को उनके घरों में वापस भेजने की शपथ ली है। रक्षामंत्री योव गैलेंट ने रमत–डेविड वायु सेना बेस के दौरे के दौरान शिन बेट, मोसाद और इजराइल रक्षा बलों के तालमेल की प्रशंसा की है।

# एफबीआई का बड़ा खुलासाः ईरानी हैकर्स ने ट्रंप की सीक्रेट फाइल्स चुराकर बाइडेन की टीम को दी



**वाशिंगटन, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी एफबीआई ने बयान में कहा है कि जुलाई महीने में बाइडेन के प्रचार अभियान टीम से जुड़े लोगों को एक अनचाहा ई–मेल मिला था, जिसमें ईरानी हैकर्स ने ट्रंप के अभियान से जुड़े गैर सार्वजनिक ऑनलाइन सामग्रियां भेजी थी। हालांकि बाइडेन की टीम ने उस ईमेल का जवाब नहीं दिया। अगस्त में, एजेंसी ने ईरान को इस हैक का जिम्मेदार ठहराया था और तेहरान पर 2024 के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार किया था।बयान में कहा गया है कि, नवंबर में चुनाव के दिन के करीब आने के साथ ही विदेशी ताकतें चुनाव प्रभावित करने वाली गतिविधियों को बढ़ा रहे हैं। रूस, ईरान और चीन पर विशेष रूप से यह आरोप लगाया गया है कि वे किसी न किसी तरह से अपने फायदे के लिए अमेरिकी समाज में विभाजन को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी एजेंसियों ने कहा कि ईरानी साइबर हमलावरों ने ट्रंप अभियान से चुराई गई जानकारी को अमेरिकी मीडिया संगठनों के साथ साझा करने का भी प्रयास किया था। हालांकि एजेंसी ने उन आउटलेट्स का नाम नहीं बताया। वहीं दूसरी तरफ अगस्त में ईरान ने आरोपों से इनकार किया था तथा संयुक्त राष्ट्र में उसके मिशन ने वाशिंगटन को सबूत जारी करने की चुनौती दी। उस समय ईरानी मिशन ने कहा था, ऐसे आरोप निराधार हैं और इनका कोई आधार नहीं है। जैसा कि हमने पहले घोषणा की है, इस्लामिक गणराज्य ईरान का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का न तो इरादा है और न ही मकसद है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। पिछली और दोनों के बीच हुई पहली डिबेट में हालांकि कमला हैरिस ने बाजी मार ली हो लेकिन, ट्रंप ने अभी अपनी हार नहीं स्वीकारी है। वो लगातार अमेरिका में नई सरकार बनाने का दावा पेश करते रहे हैं। अमेरिकी खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा कि हैकरों ने राष्ट्रपति बाइडेन के अभियान से जुड़े व्यक्तियों को अनचाहे ईमेल भेजे थे, जिनमें पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के अभियान से चुराई गई गैर सार्वजनिक सामग्री के अंश थे।

# रूस में लंच और कॉफी ब्रेक से अंतरंग संबंध बनाने की अपील

**मॉस्को, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**



अपने नागरिकों से रूस के हेल्थ मिनिस्टर डॉ. येवगेनी शेस्टोपालोव ने अपील की है कि वे अपने व्यस्त कामकाज के दौरान मिलने वाले लंच और कॉफी ब्रेक का उपयोग अंतरंग संबंध बनाने के लिए करें, ताकि देश की गिरती प्रजनन दर में सुधार हो सके। डॉ. शेस्टोपालोव ने कहा कि आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में लोग अपने परिवार को बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाते। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद नागरिक अपने ब्रेक के समय का उपयोग इस दिशा में कर सकते हैं। उनका मानना है कि जीवन तेजी से बीत रहा है और इसलिए लोगों को परिवार बढ़ाने के लिए ज्यादा जागरूक होना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी हाल ही में जनसंख्या वृद्धि को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताया था। सरकार ने इस दिशा में कई नीतिगत कदम उठाए हैं, जैसे 18 से 40 साल की महिलाओं को मुफ्त प्रजनन जांच की सुविधा प्रदान करना और गर्भपात की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना। इसके अलावा, तलाक शुल्क बढ़ाकर दंपतियों में अलगाव को हतोत्साहित करने की कोशिश की जा रही है। युवा महिलाओं को 19–20 साल की उम्र में बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि देश की जनसंख्या को स्थिर किया जा सके। रूस में जनसंख्या वृद्धि के इस संकट से निपटने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की है, जिनमें कामकाजी महिलाओं को प्रजनन में सहायता देने के लिए नियोक्ताओं पर दबाव डालने जैसी नीतियां भी शामिल हैं। इन कदमों का मुख्य उद्देश्य परिवार बढ़ाने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना और देश की घटती आबादी को स्थिर करना है। इस पहल को लेकर देश में मिश्रित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, लेकिन सरकार का मानना है कि ये कदम रूस के जनसंख्या संकट से निपटने में मददगार साबित हो सकते हैं। बता दें कि रूस की प्रजनन दर हाल ही में 2.1 से गिरकर 1.5 बच्चे प्रति महिला तक पहुंच गई है।

# पाकिस्तान के क्वेटा में टूटा पोलियो चक्र, दो साल का बच्चा चपेट में

**कराची, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

**पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान के बीच राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने गुरुवार को खतरे की घंटे बजाई। केंद्र ने कहा है कि क्वेटा से इस साल मुल्क में पोलियो वायरस का 18वां केस सामने आया है। यह क्वेटा से दूसरा और बलूचिस्तान से इस साल का 13वां केस है। क्वेटा में दो साल का बच्चा इसकी जद में आकर अपंग हो गया। उल्लेखनीय है कि इस साल पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इस समय पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत बच्चों को दो बूंद जिंदगी...की दी जा रही है। यहां लोग इस अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं पर हमले भी कर रहे हैं।**




सूत्रों के अनुसार इस्लामाबाद में राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने क्वेटा में पोलियो चक्र टूटने की पुष्टि करते हुए राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के सामने आ रही चुनौतियों पर चिंता जताई है। पोलियो उन्मूलन अभियान पर प्रधानमंत्री कार्यालय की अधिकारी आयशा रजा फारूक ने कहा कि बलूचिस्तान के कुछ इलाकों में इस अभियान में व्यवधान डाला जा रहा है।

इससे संकट और बढ़ रहा है। हर बच्चे को पोलियो के टीके की खुराक देना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से पांच साल तक के बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के 66 जिलों में पोलियो का प्रकोप है।

# सी–टैक का हैकर को 50 करोड़ की फिरौती देने से इनकार

**वाशिंगटन, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

**साइबर अपराध की दुनिया में राइसिडा के नाम से कुख्यात रैनसमवेयर गिरोह को टैकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी सी-टैक ने 100 बिटकॉइन की फिरौती देने से इनकार कर दिया है। यह रकम भारतीय मुद्रा में लगभग 50 करोड़ रुपये होती है। राइसिडा ने अप्रैल में साइबर अटैक कर एयरपोर्ट का महत्वपूर्ण डेटा चुरा लिया है।**



### राइसिडा के पास टैकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का महत्वपूर्ण डेटा

अमेरिकी सीनेट की वाणिज्य, विज्ञान और परिवहन समिति को बुधवार सुबह हुई सुनवाई में सी–टैक ने यह जानकारी दी। एयरपोर्ट के प्रबंध निदेशक लांस लिटल ने कहा कि अगस्त में हुए साइबर अटैक की आंतरिक जांच चल रही है। अब तक की जांच में यह साफ हो गया है कि इस साइबर अटैक में राइसिडा का हाथ है। मगर यह यह स्पष्ट नहीं है कि राइसिडा ने कितना डेटा चुराया है। राइसिडा इसके लिए 100 बिटकॉइन (लगभग 6 मिलियन डॉलर) की फिरौती मांग रहा है। लिटल ने कहा कि सोमवार को राइसिडा ने अपनी डार्कनेट लीक साइट पर सिएटल पोर्ट सिस्टम से चुराई गई आठ फाइलों की एक प्रति पोस्ट की है। एयरपोर्ट की संचालनकर्ता और मालिक कंपनी सी–टैक ने फिरौती न देने का फैसला किया है। फिलहाल आठों फाइलों की समीक्षा की जा रही है। अभी तक स्पष्ट नहीं है कि रैनसमवेयर समूह ने कुल कितना डेटा एक्सेस किया। इस बीच, सी–टैक के प्रवक्ता पेरी कूपर ने फिरौती मांगने की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलियाई साइबर सुरक्षा समाचार आउटलेट साइबर डेली ने कहा है कि राइसिडा ने एयरपोर्ट का एक विस्तृत नक्शा भी पोस्ट किया है। साइबर डेली की रिपोर्ट के अनुसार, राइसिडा ने डेटा को नीलामी के लिए रखा है। नीलामी का अंतिम दिन सोमवार तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि टैकोमा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तरी अमेरिका का आठवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। यह अलास्का एयरलाइंस और डेल्टा एयर लाइंस दोनों के लिए एक हब के रूप में काम करता है।

# वैश्विक शांति के प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपनी अमेरिका की आगामी यात्रा के दौरान रूस यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में इज़रायल हमास संघर्ष को रुकवाने के प्रस्तावों पर अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन सहित अनेक प्रमुख विश्व नेताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा करने की संभावना है।

श्री मोदी 21 से 23 सितंबर के बीच अमेरिका की तीन दिन की यात्रा रहेंगे। वह इस दौरान राष्ट्रपति बिडेन के गृह नगर फिलाडेल्फिया प्रांत के डेलावेर में अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय गठबंधन क्वाड के छठवें शिखर-सम्मेलन (प्रत्यक्ष रूप से चौथे) तथा न्यूयॉर्क में 23 सितंबर भविष्य पर शिखर-सम्मेलन में भाग लेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए गुरुवार को यहां बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में रूस यूक्रेन मुद्दे के बारे में कई सवालों के जवाब में कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने नेताओं से भी बात की, अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से बात की और जब हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी रूस गए, तो उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन से भी बात की थी। अमेरिका में प्रधानमंत्री की बैठकों या शिखर सम्मेलनों में भारत की ओर से किसी शांति प्रस्ताव को रखे जाने के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव ने कहा, मैं बस इतना कहूंगा कि इन सभी प्रमुख नेताओं के बीच यह बातचीत चल रही है। जहां तक (शांति) प्रस्ताव बनाने का सवाल है, हमें यह देखना होगा कि कितनी सहमति बनती है और क्या हम किसी तक पहुंच पाते हैं। वह स्तर जहां एक प्रस्ताव को बड़ी संख्या में दर्शकों के सामने रखा जा सकता है।

यह पूछे जाने पर क्या भारत पश्चिम एशिया में भी शांति की कोई पहल कर रहा है, श्री मिस्री ने कहा कि भारत कई मंचों पर शांति की पहल को लेकर काम कर रहा है। फिलहाल हमारे पास कोई साझा करने लायक बात नहीं है। कई वार्ताकार इसमें शामिल हैं। यदि कुछ होता है तो अपडेट किया जाएगा। जहां तक पश्चिम एशिया के दीर्घकालिक समाधान के बारे में भारत का रुख पूर्ववत ही है। भारत दो राष्ट्र के सिद्धांत का समर्थक है जहां दोनों देश एक दूसरे के साथ स्थायी सीमाओं के भीतर शांति एवं सद्भाव से रहें। श्री मोदी की यात्रा के बारे में श्री मिस्री ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे। विभिन्न विदेशी भागीदारों के साथ बातचीत होगी। बड़े पैमाने पर मुलाकातें एवं बैठकें होगीं। अमेरिका में प्रवासी भारतीय और अन्य लोगों के अलावा व्यापार और उद्योग के कई नेताओं के साथ बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पहला पड़ाव डेलावेयर में विलमिंगटन होगा जो राष्ट्रपति बिडेन का गृहनगर भी है। छठा क्वाड शिखर सम्मेलन वहां आयोजित किया जाएगा। विलमिंगटन से, प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र में भविष्य के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क जाएंगे। 22 तारीख को, प्रधानमंत्री भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद करेंगे। श्री मोदी अत्याधुनिक तकनीक क्षेत्र -एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, बायोटेक आदि क्षेत्रों की कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात करेंगे। वह 23 तारीख को भविष्य पर शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे।



एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि भारत 2025 में अगले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। असल में इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत को करनी थी लेकिन अमेरिकी पक्ष के अनुरोध के बाद, भारत 2025 में अगले क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गया है। क्वाड शिखर सम्मेलन के नतीजे के बारे में पूछे पर विदेश सचिव ने कहा, जहां तक क्वाड का संबंध है, राष्ट्रपति बिडेन और जापान के प्रधान मंत्री किशिदा के लिए यह एक विदाई कार्यक्रम होगा। इसलिए, क्वाड कार्यक्रम प्रधानमंत्री को क्वाड साझीदारी को गति और प्रमुखता देने में उनके नेतृत्व के लिए दोनों नेताओं को धन्यवाद देने का अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बिडेन के बीच एक ठोस जुड़ाव का अवसर होगा। दोनों नेता भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी की समीक्षा करेंगे। आज दोनों पक्षों के बीच 50 से अधिक अनुबंधों और द्विपक्षीय वार्ता तंत्रों के माध्यम से यह साझीदारी सशक्त हो रही है। यह साझीदारी मानवीय प्रयास के लगभग हर पहलू को कवर करती है। उन्होंने कहा कि क्वाड में हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति सुरक्षा एवं समृद्धि को लेकर कई नयी पहलों पर भी बात होने की संभावना है। इस पर संयुक्त वक्तव्य जारी होगा। इसके अलावा हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों में सर्विकल कैंसर को लेकर जागरूकता एवं काम करने के लिए एक कैंसर मूनवॉक पर फैक्टशीट भी जारी होगी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति के अलावा जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होने की भी उम्मीद है। इस दौरान दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग के कुछ करारों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

## बिहार में प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के लिए ससमय हो भू-अर्जन : नीतीश

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अधिकारियों को राज्य में प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के लिए भू-अर्जन कार्य ठीक ढंग से ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

श्री कुमार ने गुरुवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन चार एक्सप्रेस-वे और हाईवे गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया, पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड तथा आमस-दरभंगा पथ से बोधगया-राजगीर की संपर्कता से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि इन एक्सप्रेस-वे के निर्माण से राज्य में आवागमन को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर आने-जाने में समय की काफी बचत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से आवागमन को बेहतर करने के लिए सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। राज्य के किसी कोने से राजधानी पटना पांच घंटे में पहुंचने के लिए पथों का नेटवर्क विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के लिए भू-अर्जन का काम ठीक ढंग से ससमय सुनिश्चित करायें और इस कार्य में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री कुमार को समीक्षा के क्रम में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि इन चार प्रमुख परियोजनाओं के तहत 1,575 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे पथ के निर्माण पर 84 हजार 734 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें बिहार में पथों की लंबाई 1,063 किलोमीटर होगी और इस पर 59 हजार 173 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के अनुरूप आज राज्य के किसी भी कोने से पांच घंटे में राजधानी पटना पहुंचने के लिए पथों का नेटवर्क विकसित किया गया है। अब आगामी पांच वर्षों में राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य की कार्य योजना प्रस्तावित है।

## कश्मीर में घर-घर जाकर प्रचार अभियान की सार्थक वापसी

**जम्मू, 19 सितंबर (ब्यूरो)।**

कई वर्षों के बाद, कश्मीर में घर-घर जाकर प्रचार अभियान की जोरदार वापसी हुई है, क्योंकि राजनीतिक दल एक ऐसी प्रथा को पुनर्जीवित कर रहे हैं जिसे 1990 के दशक में सुरक्षा चिंताओं के कारण काफी हद तक छोड़ दिया गया था। एक समय कश्मीर ऐसा क्षेत्र था जहां चुनावी रैलियां प्रतिबंधित थीं और अक्सर हिंसा और पथराव का निशाना बनती थीं, अब कश्मीर में उम्मीदवार व्यक्तिगत स्तर पर मतदाताओं से सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं, यह बदलाव राजनीतिक माहौल में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है।

ऐतिहासिक रूप से, कश्मीर में रैलियां कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की जाती थीं, जिसमें उम्मीदवार जनता से काफी दूरी बनाए रखते थे। ऐसे आयोजनों पर हमले आम थे, जिससे राजनीतिक हस्तियों को सुरक्षित, नियंत्रित स्थानों से मतदाताओं को संबोधित करने के लिए मजबूर होना पड़ता था। हालांकि मौजूदा चुनाव के मौसम में उम्मीदवारों ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदात-ाओं के घरों में जाकर उनसे मुलाकात की है, यह एक ऐसी प्रथा थी जो 1990 के बाद केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित थी।

अब, राजनीतिक प्रतिनिधि उन क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से प्रचार कर रहे हैं जिन्हें कभी उच्च जोखिम वाला माना जाता था, जैसे कि श्रीनगर का डाउनटाउन और कुलगाम, शोपियां और पुलवामा सहित दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्से - जो पहले अशांति और आतंकवाद के लिए जाने जाते थे। उल्लेखनीय रूप से, चुनाव अवधि के दौरान अब तक पथराव या आतंकवाद की कोई घटना सामने नहीं आई है, जो बेहतर सुरक्षा स्थिति पर और अधिक जोर देती है।

मतदाताओं से यह सीधा जुड़ाव पहले के चुनावों से बिल्कुल अलग है। उम्मीदवार, जिन्हें कभी मतदाताओं से दूरी बनाए रखनी पड़ती थी, अब मोहल्लों में घूम रहे हैं, हाथ मिला रहे हैं और समर्थकों के साथ चाय भी पी रहे हैं। ये इशारे कश्मीर में राजनीतिक भागीदारी के एक नए चरण का प्रतीक हैं, जिसमें नेता मतदाताओं का विश्वास हासिल करने के लिए अधिक व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

18 सितंबर 2024 से शुरू हो चुके तीन चरणों में होने वाले चुनाव, अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से पहले हैं। अनुच्छेद के हटने से क्षेत्र का विशेष दर्जा समाप्त हो गया और इससे महत्व-पूर्ण राजनीतिक पुनर्गठन हुआ है। ऐसे में, इन चुनावों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है, क्योंकि इनसे नए पुनर्गठित केंद्र शासित प्रदेश के भविष्य के शासन को आकार मिलने की उम्मीद है।

## नैनी दून एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश, रेलवे ट्रैक पर रखा था खंभा

### ट्रेन चालक ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

**रामपुर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

यूपी के रामपुर जिले के बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में उत्त-राखंड सीमा स्थित रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर दूर रामपुर-काठगोदाम रेलवे लाइन पर बुधवार की देर रात कुछ आसामाजिक तत्वों ने टेलीफोन का पुराना खंभा अवरोध के रूप में पटरियों पर रख कर नैनी जन शताब्दी ट्रेन को पलटने का प्रयास किया। इस दौरान देहरादून से काठगोदाम जा रही रही नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन चालक ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को ट्रैक पर रोक दिया। इसके बाद खंभे को हटाकर ट्रेन को रेलवे स्टेशन तक ले गया। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी।



इसके बाद अधिकारियों में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन को पलटने की साजिश की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया। रात में ही एसपी विद्यासागर, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, एसपी जीआ-रपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात करीब दस बजे नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन देहरादून से काठगोदाम को जा रही थी। कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर पहले बलवंत एनक्लेव कॉलोनी के पास ट्रेन चालक ने रेलवे की पटरी पर कोई अवरोधक पाइप रखा हुआ देखा तो इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।

पुलिस का कहना है इसके बाद चालक ने पाइप को ट्रैक से हटाकर ट्रेन रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर जाकर रोकी। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। इस दौरान ट्रेन करीब 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। स्टेशन अधीक्षक ने रेलवे पटरी पर लोहे का पाइप रखकर ट्रेन पलटने की आशंका जताते हुए मामले की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस व रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को दी।

सूचना पाकर रात करीब एक बजे एसपी, एएसपी, सीओ रवि खोखर, कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। जीआरपी के एसपी समेत तमाम रेलवे अधिकारी भी रात में ही मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच की। पुलिस ने रेलवे की पटरी के पास पड़ा टेलीफोन का एक पुराना खंभा बरामद कर लिया। पुलिस का मानना है कि कुछ युवक खंभे को चोरी से काट कर ले जा रहे होंगे। इस दौरान कोई आ गया होगा और खंभे को ट्रेन की पटरी पर छोड़कर भाग गए होंगे। वहीं, पुलिस मामले को कुछ आसामाजिक तत्वों की हरकत भी मानने से इनकार नहीं कर रही है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की घटना की जांच हो रही है और घटना की रिपोर्ट जीआरपी थाना रामपुर में दर्ज कराई जा रही है।

## बुनकरों और कताई करने वालों की मजदूरी बढ़ेगी

**नई दिल्ली, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**


खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने गुरुवार को यहां बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों की पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा हुआ पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन दो अक्टूबर से लागू होगा। श्री कुमार ने बताया कि दो अक्टूबर 2024 से सूत कातने वाली श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा। खादी का कारोबार पिछले वित्त वर्ष में एक लाख 55 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि देशभर में करीब 3000 पंजीकृत खादी संस्थाएं हैं जिनके माध्यम से 4.98 खादी कारीगरों को रोजगार मिल रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत के करीब महिलाएं है।

## आम के सुधार और शोध पर 21 सितंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी

# फलों के राजा आम को और खास बनाने की पहल

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

आम यूं ही खास है। तभी तो इसे फलों का राजा कहते हैं। उत्तर भारत सहित उत्तर प्रदेश का आम और खास बने, इस बाबत 21 सितंबर को देश और विदेश के नामचीन वैज्ञानिक इस पर चर्चा करेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान) से संबद्ध सीआईएसएच (केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान) रहमानखेड़ा 21 सितंबर को करेगा। गोष्ठी का विषय होगा, आम की उपज और गुणवत्ता में सुधार की रणनीतियों और शोध प्राथमिकताएं।



केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार आम दुनिया के उष्ण और उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों और विशेष रूप से एशिया के प्रमुख फलों में से एक है। भारत आम का सबसे बड़ा उत्प-ादक है। दुनिया के 58.3 मिलियन मीट्रिक टन आम उत्पादन में से लगभग 24.7 मिलियन मीट्रिक टन की हिस्सेदारी भारत की ही है। भारत, दुनिया को ताजे आमों का एक प्रमुख निर्यातक भी है। भारत ने वर्ष 2022-23 के दौरान 48.53 मिलियन डॉलर मूल्य के 22963.76 मीट्रिक टन ताजे आमों का निर्यात किया है।

योगी सरकार की पहल से इस साल पहली बार अमेरिका को आम का निर्यात हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगातार प्रयास है कि उत्तर प्रदेश का आम और खास बने। यूपी की आम प्रजातियों को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर हर साल आम महोत्सव का भी आयोजन करती है। आम के नए बाग लगाने और पुराने बागों के जीर्णोद्धार पर सरकार प्रति हेक्टेयर की दर से एक तय अनुदान भी देती है। जीर्णोद्धार (कैनोपी प्रबंधन) में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए सरकार कुछ महीने पहले शासनादेश भी जारी कर चुकी है।

देश में उत्तर प्रदेश एक प्रमुख आम उत्प-ादक राज्य है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 23.6% आम यूपी में होता है। इसके बाद आंध्र प्रदेश (22.99%) का स्थान है। भारत में आम की विविधता बहुत अधिक है। भारत में आम की लगभग 1000 किस्में हैं। हालांकि इनमें से लगभग 20 किस्में ही व्यापार और निर्यात व्यवसाय में प्रमुखता रखती हैं। भारतीय आम की किस्मों में स्वाद, सुगंध, खाने की गुणवत्ता, रूप और अन्य जैव सक्रिय यौगिकों में बहुत अधिक विविधता होती है।

आम लाखों किसानों, बागवानों के लिए आजीविका का स्रोत है। पर भारत मे आम की औसत राष्ट्रीय उत्पादकता, दुनिया की औसत आम उत्पादकता की तुलना में काफी कम है। इसकी कई वजहें हैं। मसलन झुलसा रोग, एन्थ्रेक्नोज, फल मक्खी, थ्रिप्स, हॉपर आदि का प्रकोप, अत्यधिक तापमान, अनियमित वर्षा, पाला, लवणीय और क्षारीय मिट्टी आदि। अनियमित और अप्रत्याशित मौसमी घटनाएं भी आम के वानस्पतिक विकास, फूल और फल लगने, फलों की वृद्धि, फलों की गुणवत्ता और उपज को प्रभावित करती हैं।

उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री की अनुपलब्धता, प्रशिक्षण और छंटाई प्रथाओं की कमी, उच्च घनत्व वाले बागों की कमी, दोषपूर्ण बाग प्रबंधन, शारीरिक विकार, पारंपरिक आम की किस्मों का विलुप्त होना जैसी अन्य समस्याएं भी भारतीय आम उत्पादकता के लिए खतरा पैदा कर रही हैं। भारत में विभिन्न संस्थानों द्वारा आम की 70 से अधिक संकर या उन्नत किस्में जारी की गई हैं। इनमें से केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान सीआईएसएच-अंबिका, सीआईएसएच-अरुणिका, अवध समृद्धि और अवध मधुरिमा नाम की प्रजातियां विकसित की गई हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली ने पूसा अरुणिमा, पूसा सूर्या, पूसा प्रतिभा, पूसा श्रेष्ठ, पूसा पीताम्बर, पूसा लालिमा, पूसा दीपशिखा, पूसा मनोहारी प्रजाति का विकास किया है। जबकि आईसीएआर-भारतीय बागवानी शोध संस्थान, बेंगलुरु ने अर्का सुप्रभात, अर्का अनमोल, अर्का उदय, अर्का पुनीत, अर्का अरुणा, अर्का नीलाचल केसरी प्रजाति विकसित की है। हालांकि भौगोलिक-विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण देश में एक दर्जन से अधिक संकर/उन्नत किस्में व्यावसायिक रूप से नहीं उगाई जाती हैं। अधिकांश विकसित संकर/सुधारित किस्मों में रंग, गुणवत्ता या उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लिए बहुत विशिष्ट जलवायु संबंधी आवश्यकताएं होती हैं, जिसके कारण वे पूरे देश में बहुत लोकप्रिय नहीं हैं।

यह कार्यक्रम आईसीएआर, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (बागवानी) डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। डॉ. एके सिंह, कुलपति, चंद्रशेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, (कानपुर) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इनके अलावा डॉ. केबी कठीरिया, कुलपति, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद (गुजरात), डा. एन. के सिंह, राष्ट्रीय प्रोफेसर, आईसीएआर (एनआईपीबी, नई दिल्ली) डॉ. एस. राजन, पूर्व निदेशक, (आईसीएआर-सीआईएसएच, लखनऊ) डॉ. एमआर दिनेश, पूर्व निदेशक, आईआईएचआर विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता और सह-अध्यक्षता करेंगे।

यह कार्यक्रम देश और विदेश के आम पर देश विदेश की नामचीन संस्थाओं में शोध करने वालों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इसमें डॉ. नटाली डिलन, सीनियर बायोटेक्नोलॉजिस्ट और डॉ. इयान एस.ई. बल्ली, सीनियर बागवानी विशेषज्ञ क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया, डॉ. युवल कोहेन, वोल्केनी इंस्टीट्यूट, एआरओ, इज़राइल के शोधकर्ता, डॉ. वीबी पटेल, सहायक महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली, डॉ. एम शंकरन, प्रभागाध्यक्ष और डॉ प्रकाश पाटिल, परियोजना समन्वयक (एआईसीआरपी) आईआईएचआर, बेंगलुरु आदि अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दें

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। घर में शांति और सुकून का माहौल बनाए रखने के लिए तालमेल से काम करें। आज के दिन में आप बहुत व्यस्त रहेंगे लेकिन शाम के वक्त अपने मनपसंद कामों को करने के लिए भी आपके पास पर्याप्त समय होगा। आज का दिन उन चन्द दिनों जैसा है जब घड़ी की सुईयां बहुत धीरे-धीरे हिलती हैं और आप लंबे समय तक बिस्तर में पड़े रहते हैं। लेकिन इसके बाद खुद को तरोताज़ा भी महसूस करेंगे और इसकी आपको काफी ज़रूरत भी है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज के दिन ऐसी चीज़ों पर काम करने की ज़रूरत है, जो आपकी सेहत में सुधार ला सकती हैं। भविष्य में अगर आपको आर्थिक रुप से मजबूत बनना है तो आज से ही धन की बचत करें। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान ख़रीद सकते हैं। आज के दिन में आप बहुत व्यस्त रहेंगे लेकिन शाम के वक्त अपने मनपसंद कामों को करने के लिए भी आपके पास पर्याप्त समय होगा। क्योंकि आज आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा। अपने दोस्तों के मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मिथुन – क,कि,कु,घ,ड,छ,के,को,ह**

अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसूस कर रहे हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे। यदि आप किसी से उधार वापस मांग रहे थे और अब तक वो आपकी बात को टाल रहा था तो आज बिना बोले ही वो आपको पैसा लौटा सकता है। यदि किसी बात को लेकर आपके मन में उनके प्रति संशय है तो उनके साथ बैठकर हल निकालने की कोशिश करें। खाली वक्त का सही इस्तेमाल करना आपको सीखना ही होगा नहीं तो जीवन में आप कई लोगों से पीछे रह जाएंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

मज़बूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इज़ाफ़ा करेगा। आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। आज आप फुर्सत के क्षणों में कोई नया काम करने का सोचेंगे लेकिन इस काम में आप इतना उलझ सकते हैं कि आपके जरुरी काम भी छूट जाएंगे। ऐसा लगता है कि आज आप अपने जीवनसाथी के साथ बहुत ख़र्चा कर सकते हैं। वावजूद इसके, आप इस वक़्त का पूरा लुत्फ़ उठा पाएंगे। जब आपके पास ज़्यादा खाली समय हो, तो नकारात्मक विचार आपको ज़्यादा परेशान करते हैं। अतः सकारात्मक पुस्तकें पढ़ें

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इज़ाफ़ा करेगा। आपके जीवन-साथी की सेहत तनाव और चिंता का कारण बन सकती है। सिर्फ़ स्पष्ट समझ के माध्यम से आप अपनी पत्नी/पति को भावनात्मक सहारा दे सकते हैं। आज आपका खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। आपको अपने जीवन में आज किसी खास इंसान की कमी खल सकती है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की ग़लती न करें। अपनी ज़िंदगी और सेहत का सम्मान करें। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ आज समय गुज़ारेंगे लेकिन किसी पुरानी बात के फिर से सामने आने की वजह से आप दोनों के बीच कहासुनी होने की आशंका है। सुबह जीवनसाथी से आपको कुछ ऐसा मिल सकता है, जिससे आपका सारा दिन ख़ुशगवार गुज़रेगा। दोस्तों से गपशप करना एक अच्छा टाइमपास हो सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। अटके हुए मामले और धन होंगे व ख़र्चे आपके दिमाग़ पर छा जाएंगे। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी। आपको उदार और स्नेह से भरे प्यार का तोहफ़ा मिल सकता है। जब आपका जीवनसाथी जब सारे मनमुटाव भुलाकर प्यार के साथ आपके पास फिर आएगा, तो जीवन और भी सुन्दर लगेगा। आपकी कमियां आपको अच्छी तरह से पता हैं आपको जरूरत है उन कमियों को दूर करने की।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

जो धुंध आपके चारों तरफ़ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक सदस्य या जीवन-साथी तनाव की वजह बन सकते हैं। घर से बाहर निकलकर आज आप खुली हवाओं में टहलना पसंद करेंगे। आज आपका मन शांत होगा जिसका फायदा आपको पूरे दिन मिलेगा। कोई फिल्म या नाटक देखकर आज आपका मन पहाड़ों में जाने का कर सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

मनोवैज्ञानिक डर आपको बेचैन कर सकता है। सकारात्मक सोच और हालात के उजले पहलू को देखना आपको इससे बचा सकता है। बिना विचार किये आपको किसी को भी अपना पैसा नहीं देना चाहिए नहीं तो आपको आने वाले वक्त में बड़ी परेशानी हे सकती है। किसी धार्मिक स्थल या संबंधी के यहाँ जाने की संभावना है। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है। आप कुछ समय अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगा सकते हैं, क्योंकि आकर्षक व्यक्तित्व का आत्म-निर्माण में अहम योगदान होता है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

गाड़ी चलाते समय सावधान रहें। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं। ये कभी लोगों के बीच रहकर खुश रहते हैं तो कभी अकेले में हालांकि अकेले वक्त गुजारना इतना आसान नहीं है फिर भी आज दिन में कुछ समय आप अपने लिए जरुर निकाल पाएंगे। आज आपका आपस में कुछ ज्यादा विवाद हो सकता है जिसके दूरगामी परिणाम वैवाहिक जीवन के लिए नकारात्मक हो सकते हैं। योग ध्यान का सहारा लेना आज आपको मानसिक रुप से प्रबल बनाएगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज के दिन आराम करना ज़रूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुज़रे हैं। नयी गतिविधियाँ और मनोरंजन आपके लिए विश्राम करने में सहायक सिद्ध होंगे। धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। बच्चों के साथ समय बिताना ख़ास होगा। आज आपको प्यार का जवाब प्यार और रोमांस से मिलेगा। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। पिता या बड़ा भाई आज आपकी किसी गलती पर आपको डांट सकता है। उनकी बातों को समझने की कोशिश करें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। परिवार की जरुरतों को पूरा करते-करते आप कई बार खुद को वक्त देना भूल जाते हैं। लेकिन आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे। जीवनसाथी के साथ हँसते-खिलखिलाते, हर पल के मज़े लेते हुए आप महसूस करेंगे कि आप किशोरावस्था में लौट गए हैं। सुबह की ताजी धूप आज आपको नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

## शुक्रवार का पंचांग

दिनांक : 20 सितंबर 2024 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आश्विन , कृष्ण पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 09:17 तक
नक्षत्र : अश्विनी रात्रि 02:43 तक
योग : ध्रुव दोपहर 03:18 तक
करण : वणिज प्रात: 10:57 तक
चन्द्रराशि : मेष
सूर्योदय : 06:04 , सूर्यास्त 06:13 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:17 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:01 , सूर्यास्त 06:09 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:56 , सूर्यास्त 06:05 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रात: 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : तीज का श्राद्ध , भद्रा प्रात: 10:56 से रात्रि 09:16 ,
गण्डमूल रात्रि 02:43 तक




✽ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ✽
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया घोषणापत्र

# अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को 2100 प्रति महीने देने का संकल्प

**रोहतक, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए गुरुवार को जारी अपने घोषणा पत्र में अग्निवीरों को सरकारी नौकरी की गारंटी दी गई है जबकि महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। श्री नड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली की मौजूदगी में नॉन स्टॉप संकल्प पत्र जारी करते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया और कहा कि पहले हरियाणा में पर्ची और खर्ची की चर्चा होती थी, लेकिन अब सिर्फ विकास की बातें होती हैं। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इस तरह की बातें नहीं होती है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अस्पतालों में डायलिसिस फ्री होगा और चिरायु आयुष्मान योजना में 10 लाख तक इलाज मुफ्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 20 संकल्प रखे हैं। अब हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखने के लिए आपको सिग्नल डाउन करना है। वह किसका करना है, ये आपको तय करना है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के अलावा तमाम आला नेता मौजूद थे।

श्री नड्डा ने कहा, हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी? पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुई। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था। उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला। किसानों की जमीन को हड़पना। उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना। उन्होंने कहा कि हमारे लिए संकल्प पत्र एक ऐसा दस्तावेज है, जिसमें हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है। हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल में 68 हजार करोड़ से बढ़कर ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है।

उन्होंने कहा कि पहले राज्य में सात मेडिकल कॉलेज होते थे, जो आज 15 हो चुके हैं। पहले मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 700 की सीटें थी, जो आज दो हजार से ज्यादा हैं। उन्होंने




कहा, 10 साल पहले 500 गांवों में बिजली थी, आज 5800 गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस में ऐसे-ऐसे नेता हैं, जो किसानों की बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले किसानों को मुआवजे में 1-2 रुपए के चेक मिलते थे। आज सरकार किसानों को लाखों रुपए दे रही है। किसानों को पहले प्रति एकड़ छह हजार रुपए मुआ-वजा मिलता था, लेकिन अब 15 हजार रुपए कर दिया था। उन्होंने कहा,किसानों को पहले 08 फसलों पर एमएसपी देते थे, लेकिन आज 24 फसलों पर दे रहे हैं। सरकार ने हर खेत तक पानी पहुंचाया। खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक हजार खेल नर्सरी बनाईं। पहले दिल्ली से हरियाणा के लिए चार घंटे लगते थे, लेकिन आज एक घंटा भी नहीं लगता। ये फर्क आपको साफ दिख रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री बड़ौली ने इस मौके कहा कि संकल्प पत्र में जो भी बातें होंगी, उसे सरकार बनने पर लागू किया जाएगा। 2014 और 2019 में जो संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया था, उसके सभी वादे सरकार ने 10 सालों में पूरे किए। हरियाणा का माहौल भाजपा के पक्ष में है। जैसे केंद्र में मोदी सरकार बनी, वैसे ही हरियाणा में भाजपा सरकार बनेगी। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने कहा, संकल्प पत्र बनाने के लिए हमने 02 लाख से ज्यादा लोगों के सुझाव लिए। समिति ने हर जिले में जाकर समाज के हर वर्ग से बातचीत करने की कोशिश की। इस बार हमारे घोषणा पत्र में एरिया वाइज जरूरत की चीजों का शामिल किया है।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा, 2014 के मेनिफेस्टो के सारे 187 वादे पूरे किए। ऐसे ही 2019 में हमने 265 वायदे अपने संकल्प पत्र में किए थे, जो हमने पूरे किए। तभी जनता भाजपा पर 10 सालों से भरोसा करती आ रही है। दूसरे दल भ्रामक वादे करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे 24 हजार युवा साथी थे, जिनके भर्ती परिणाम को कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने रोक दिया। हम यह आश्वासन देते हैं कि जैसे ही सरकार बनेगी, हम पहले उन्हें नियुक्ति पत्र देंगे, इसके बाद शपथ लेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब कांग्रेस की शेखचिल्ली जैसी बातों से त्रस्त आ चुकी है। दूसरे राज्यों में भी जहां कांग्रेस की सरकार है,वहां की जनता भी इससे त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एक बार फिर भाजपा सरकार बनेगी।

## 20 लाख रुपए लेकर दिया फर्जी वर्क वीजा

**फतेहाबाद, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में फतेहाबाद के मॉडल टाउन निवासी एक व्यक्ति से एक ठग ने 20 लाख रुपए लेकर फर्जी वर्क वीजा दे दिया।

पुलिस को दी शिकायत में भवजीत सिंह ने बताया कि वर्क वीजा को लेकर दिसंबर को उसकी आरोपी तरुण कुमार चक्रबेदी जो अहमदाबाद (गुजरात) का निवासी है, के साथ बात हुई जिसके बाद शिकायतकर्ता ने दो लाख रुपए चक्रबेदी के बैंक खाते में भेज दिये। चक्रबेदी ने 10 जनवरी को वाट्सअप पर वर्क परमिट का स्क्रीन शॉट भेज दिया। बाद में चक्रबेदी ने अहमबाद से अमरेंद्र पुरी नामक एक शख्स को बाकी 18 लाख रुपए लेने के लिये फतेहाबाद भेज दिया। शिकायतकर्ता ने 18 लाख रुपए नकद दे दिये। बाद में वर्क परमिट नकली निकला। शिकायतकर्ता के पिता दर्शन सिंह 11 अप्रैल 2024 को तरुण कुमार चक्रबेदी के ठिकाने पर पहुंचे तो आरोपी ने समझौता कर लिया कि वह हर महीने दो लाख रुपये देगा, लेकिन उसने कोई पैसा नहीं दिया और फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोनीपत की मण्डियों में 23 सितंबर से होगी धान और बाजरे की खरीद

**सोनीपत, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में सोनीपत की मण्डियों में 23 सितंबर से धान और बाजरे के खरीद सीजन की शुरुआत की जाएगी, जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। उपायुक्त मनोज कुमार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मण्डियों के सचिव यह सुनिश्चित करें कि फसल बेचने के लिये मण्डियों में आने वाले किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाये, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी मण्डियों में खरीदी गयी फसल उठान को लेकर रणनीति तैयार की जाए ताकि धान व बाजरे का उठान साथ-साथ होता रहे और मण्डियों में किसी प्रकार की भीड़ न हो।

श्री कुमार ने कहा कि धान और बाजरे के खरीद सीजन की तैयारियों को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हाल में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा जिला की सात मण्डियों में धान तथा पांच मण्डियों में बाजरे की खरीद की जायेगी। उन्होंने कहा कि धान की खरीद गन्नौर, गोहाना, खरखौदा, सोनीपत, कथूरा, कासंडी तथा जाखौली और बाजरे की खरीद गोहाना, खरखौदा तथा सोनीपत की मण्डियों में की जाएगी। उन्होंने मार्केट कमेटी सचिवों को निर्देश दिये कि सीजन के दौरान मण्डियों में बिजली, पानी, शौचालय तथा सफाई इत्यादि व्यवस्थायें करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सभी आढ़तियों के पास इलेक्ट्रिक झरना, सिलाई की मशीन, तरपाल व वुडन क्रेटस की उपलब्धता हो। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाने वाली ग्रेड ए और कामन धान और बाजरे की फसल का पैसा संबंधित किसान के खाते में 72 घण्टे में भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ग्रेड ए धान के लिए एमएसपी रेट 2320 रुपये प्रति क्विंटल और कामन धान के लिये 2300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## ज्ञानचंद गुप्ता शहीद स्मारक का उद्घाटन, कांग्रेस ने की शिकायत

**चंडीगढ़, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा चुनावों लिये आदर्श आचार संहिता के लागू होने के दौरान विधानसभा अध्यक्ष व पंचकुला से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के हाथों शहीद मेजर अनुज राजपूत के स्मारक का उद्घाटन करवाने के कार्यक्रम के खिलाफ कांग्रेस ने गुरुवार को शिकायत की।

कार्यक्रम के आमंत्रण/ पोस्टरों की तस्वीरें नत्थी करते हुये निर्वाचन आयोग को दी शिकायत में कांग्रेस ने कहा है कि शनिवार को होने वाले कार्यक्रम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। शिकायत में कहा गया है कि वह शहीद स्मारक के खिलाफ नहीं हैं लेकिन कार्यक्रम सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को लुभा सकता है। यह चुनावों की घोषणा होने से पहले या फिर चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद हो सकता था।

पार्टी ने आयोग से कार्यक्रम के पोस्टर/ बैनर हटवाने, श्री गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही करने और कार्यक्रम को चुनाव पूरे होने के बाद तक स्थगित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## जुगलान गांव में रामनिवास घोड़ेला का विरोध

**हिसार, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में हिसार जिले की बरवाला विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी राम निवास घोड़ेला को गुरुवार को विरोध का सामना करना पड़ा। श्री घोड़ेला गांव जुगलान में सभा को संबोधित करने गये थे। श्री घोड़ेला जैसे बोलने लगे, एक व्यक्ति उनके पास जा पहुंचा और कहा, पिछली बार तुझे वोट दिये, तू हमारे कारण जीता, मगर जीतने के बाद तूने नौकरी के लिये पर्ची पर साइन नहीं किए।



इसके बाद कार्यक्रम में खलल पड़ गयी। श्री घोड़ेला के साथ आए उनके समर्थक नारेबाजी करने लगे। कुछ देर तक हंगामा चलता रहा, इसके बाद जब माहौल शांत हुआ, तो श्री घोड़ेला अपनी बात कहकर गांव से निकल गए। गांव जुगलान में विरोध करने वाले व्यक्ति का नाम राजकुमार जागलान है। राजकुमार जागलान का कहना है कि पिछली बार (2009 में) जब श्री घोड़ेला ने बरवाला चुनाव लड़ा तो उन्होंने बड़े-बड़े वादे किये थे। पूरे गांव ने एक तरफा वोट दिये थे, लेकिन जीतने के बाद विधायक ने गांव की तरफ देखा भी नहीं। साथ ही श्री राजकुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि घोड़ेला ने सिर्फ अपने पांच-छह समर्थकों का काम किया, बाकी किसी का कोई काम नहीं करवाया।

श्री जुगलान बरवाला के बड़े गांवों में से एक है, यहां करीब 4300 वोट हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव घोड़ेला के विरोध में खड़ा है। वर्ष 2009 में जीतकर जब वह विधायक बने थे, तो उन्होंने जीतने के बाद गांव के किसी भी व्यक्ति का कोई काम नहीं करवाया। यही कारण है कि जैसे ही वह अब गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। इस सीट से कांग्रेस की टिकट के कई दावेदार थे। यही कारण है कि कांग्रेस के कई स्थानीय नेता भी घोड़ेला का साथ नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस नेता राजेंद्र सूरा, कृष्ण सातरोड़ और भूपेंद्र गंगवा कांग्रेस प्रत्याशी से दूरी बनाये हुये हैं। ऐसे में श्री घोड़ेला के लिये चुनाव में आगे और मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## बोरवेल में गिरी बच्ची को रेस्क्यु कर 17 घंटे बाद निकाला

**भरतपुर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में दौसा के बांदीकुई में बोर-वेल के पास हुए गड्ढे में करीब 17 घंटे से फंसी दो साल की मासूम को राष्ट्रीय आपदा राहत टीम (एनडीआरएफ) ने सुरंग खोदकर बचा लिया।

बुधवार शाम पांच बजे गड्ढे में गिरी बालिका नीरू गुर्जर को गुरुवार सुबह करीब 10 बजे सुरक्षित बाहर निकाला गया। बच्ची को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने लगातार 12 घंटे तक खुदाई की थी। इसके बाद आज सुबह एक पाइप के जरिए टीमें बच्ची तक पहुंची थीं। नीरू गुर्जर को जैसे ही टीमों ने बाहर निकाला पूरा एरिया वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। मासूम को बांदीकुई हॉस्पिटल ले जाया गया है। उसकी हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है।

बताया गया है कि यह हादसा कल शाम करीब पांच बजे जोधपुरिया गांव में हुआ। यहां खेत में खेलते हुए मासूम करीब 35 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई थी। रात दो बजे तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने गड्ढे से बच्ची को बाहर निकालने के लिए देसी जुगाड़ एंगल सिस्टम का उपयोग किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद लालसोट से आई टीम ने रात दो बजे से सुबह पांच बजे तक लगभग 10 बार एंगल सिस्टम का इस्तेमाल करके बच्ची को गड्ढे से निकालने की कोशिश की लेकिन फिर भी वे सफल नहीं हो पाए।

रात तीन बजे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान लालसोट से आई टीम ने बच्ची को बाहर निकालने के लिए बोरवेल के पास गड्ढे में एंगल डाला। बच्ची ने एक बार हाथ फंसाया लेकिन जब टीम ने उसे निकालने का प्रयास किया तो उसने तुरंत अपना हाथ बाहर निकाल लिया। बुधवार रात से गुरुवार सुबह सात बजे तक 12 बार प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। अंतिम प्रयास गुरुवार सुबह नौ बजे शुरू हुआ था। उसके बाद बच्ची को बाहर निकाला गया।इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में पिट खुदाई का काम करने बाले प्राइवेट लेबर के पांच लोगों कैलाश, पवन कुमार, रामोतार, मानसिंह प्रजापत एवं छोटे लाल प्रजापत ने मोर्चा संभाला था।

## जनसमर्थन से बनाऊंगा विकसित डबवाली: दिग्विजय

**सिरसा, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी व एएसपी के डबवाली हलका से संयुक्त प्रत्याशी दिग्विजय सिंह चौटाला के पक्ष में जनता अधिकार मोर्चा के प्रदेश प्रभारी करनैल सिंह ओढां व प्रदेशाध्यक्ष जसविंद्र सिंह सैकड़ों साथियों के साथ जजपा में शामिल हुए। उन्होंने श्री चौटाला के समर्थन में हुंकार भरते हुए ग्रामीणों से उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। वहीं हलके के गांव पाना में भी कांग्रेस छोडकर दर्जनों परिवारों ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की।इस अवसर पर श्री चौटाला ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पार्टी की पट्टिका पहनाकर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जननायक जनता पार्टी की स्थापना पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों पर हुई थी और आज उन्हीं सिद्धांतों के प्रतिपादन से पार्टी पूरे हरियाणा में अपना विशेष स्थान रखती है।


## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**अलवर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में अलवर की पॉक्सो अदालत नंबर एक ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को गुरुवार को आजीवन कारावास सुनाई।पॉक्सो अदालत नंबर एक के विशिष्ट लोक अभियोजक रोशनदीन खान ने बताया कि बड़ौदा मेव पुलिस थाने के इस मामले में यह निर्णय पारित किया गया, जिसमें आरोप लगाया कि पीड़िता रात को अपने घर के बाहर लघु शंका के लिये गयी थी, तभी तीन आरोपी आये और हथियारों के बल पर उसको वहां से उठाकर ले गये। इस मामले में पुलिस ने अनिल, प्रदीप उर्फ गोलू और सूरज को गिरफ्तार किया।अदालत में चालान पेश किया गया, जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से 29 गवाह कराये गये 42 दस्तावेज पेश किये गये और एफएसएल की रिपोर्ट को माना गया, सभी साक्ष्य और बहस सुनने के बाद पोक्सो अदालत नंबर एक के विशिष्ट न्यायाधीश जागेंद्र अग्रवाल ने आरोपी अनिल, प्रदीप उर्फ गोलू और सूरज को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और तीनों पर 34- 34 हजार रुपये के अर्थ दंड के जुर्माने से दंडित किया है।

## सीएम भजनलाल के साथ 1008 जोड़ों ने किया पौधरोपण

**चित्तौड़गढ़, 19 सितंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वृक्ष को व्यक्ति के जीवन का मूल बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और हरियालो राजस्थान के तहत प्रदेश में सात करोड़ से अधिक पौधे लगाए गये हैं तथा पांच साल में 50 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

श्री शर्मा गुरूवार को चित्तौड़गढ़ के नरबदिया स्थित अनगढ़ बावजी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के पेड़ लगाने से आने वाली कई पीढ़ियों को वृक्षों द्वारा



प्राणवायु मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत आमजन एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि श्री मोदी सामाजिक सरोकारों के प्रेरणापुंज हैं। उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता के प्रमुख वाहक बन गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अनगढ़ बावजी तपोस्थली पहुंचने पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री अमरा भगत की धूणी पर घी की आहुति दी एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभास्थल पर ही मंत्रोच्चार के साथ पीपल का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर 1008 जोड़ों ने भी विधि विधान के साथ पूजा कर पौधरोपण किया। श्री शर्मा ने कहा कि मंत्री प्रदेशभर का दौरा कर, सचिवालय में बैठक और जनसुनवाई कर दिन-रात जनता की सेवा कर रहे हैं। हमने संकल्प पत्र में किए वादों एवं परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं को अविलम्ब धरातल पर उतारा है। हाल में 10 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ, शिलान्यास एवं लोकार्पण हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के प्रति हमारे दृढ़संकल्प को दर्शाते हैं।

# 23 सितंबर तक सिंह राशि में गोचर करेंगे ग्रहों के राजकुमार बुध

वैदिक ज्योतिष के अनुसार सभी ग्रह समय-समय पर अपनी राशि बदलते रहते हैं। ग्रहों के राजकुमार बुध लगभग 25 दिनों के अंतराल पर एक से दूसरी राशि में गोचर करते हैं। बुध ग्रह का राशि परिवर्तन होने से हर एक राशि के जातकों पर इसका प्रभाव अवश्य ही पड़ता है। अजमेर की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि बुध को वाणी, व्यापार और बुद्धि के कारक माना जाता है। बुध 4 सितंबर 2024 को दोपहर 11.22 पर ग्रहों के राजकुमार बुध ने सिंह राशि में गोचर किया है। इस राशि में वह 23 सितंबर की सुबह 10 बजकर 10 मिनट तक रहेंगे। इसके बाद वह कन्या राशि में गोचर करेंगे। बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि का स्वामी है। बुध सूर्य का निकटतम ग्रह है। बुध ग्रह को बुद्धि का प्रदाता कहा गया है। बुध ग्रह के लक्षण की बात करें तो यह व्यक्ति में बुद्धि, विवेक, हाज़िर जवाबी और हास्य-विनोद का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक शुभ ग्रह है लेकिन कुछ स्थितियों में बुध अशुभ ग्रह में बदल सकता है। बुध कम्युनिकेशन का ग्रह है। बुध ग्रह के अधिदेवता भगवान विष्णु हैं। बुध व्यापार के देवता तथा व्यापारियों के रक्षक हैं। बुध चन्द्र और तारा के पुत्र है। बुध सौरमंडल के ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य से निकटतम है। बुध के हाथों में तलवार, ढाल, गदा तथा वरमुद्रा धारण की हुई है।

### बुध है नपुंसक ग्रह

बुध पुरुष ग्रह होने के बावजूद नपुंसक ग्रह कहलाता है। अर्थात यह जिस ग्रह के साथ बैठ जाए उसकी तरह व्यवहार करने लगता है। वक्री बुध यदि किसी खराब ग्रह के साथ बैठ गया और उसके खराब फल में वृद्धि हो जाती है।

### बुध का वैदिक मंत्र

ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते सं सृजेथामयं च।

अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।।

### बुध का तांत्रिक मंत्र

ॐ बुं बुधाय नमः

### बुध का बीज मंत्र

ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः

### असर

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि बुध के सिंह राशि में आने से एलर्जी इंफेक्शन संक्रमण के रोगों में कमी आयेगी। बुध के राशि परिवर्तन से लोगों में रचनात्मकता बढ़ेगी। शेयर मार्केट बढ़ने की संभावना है। कीमती धातुओं के दाम कम होंगे। बाजार में खरीदारी बढ़ सकती है। खाने-पीनी की चीजें महंगी हो सकती है। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। लेन-देन और निवेश में कई लोगों को फायदा मिल सकता है। कई नौकरीपेशा लोग जॉब बदलने का मन बना सकते हैं। दूध का उत्पादन बढ़ने के साथ सब्जियों की पैदावार ज्यादा होने से किसानों को फायदा होगा। औद्योगिक क्षेत्र में भी ज्यादा उत्पादन होने से भाव में स्थिरता आने से लोगों को फायदा होगा।

### बुध के उपाय

बुध से पीड़ित व्यक्ति को मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए। बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए और साबूत हरे मूंग का दान करना चाहिए। बुधवार के दिन गणपति को सिंदुर चढ़ाएं। बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। दूर्वा की 11 या 21 गांठ चढ़ाने से फल जल्दी मिलता है। पालक का दान करे। बुधवार को कन्या पूजा करके हरी वस्तुओं का दान करे।



### इस गोचर का सभी 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव।

**मेष राशि**

कुंडली के पांचवें घर से संतान, बुद्धि, विवेक, रोमांस और पूर्व पुण्य को देखा जाता है। बुध का ये गोचर पांचवें स्थान पर हुआ है। सूर्य भी अभी इसी राशि में स्थित है। लिहाजा, संतान की पढ़ाई लिखाई अच्छी होगी। रोमांस के लिहाज से भी अच्छा समय बीतेगा। पुश्तैनी संपत्ति से लाभ हो सकता है।

**वृष राशि**

बुध का गोचर चौथे स्थान पर होने से मां, भूमि, भवन और वाहन का सुख मिलेगा। दरअसल, कुंडली के चौथे घर से इन्हीं चीजों का विचार किया जाता है। कुल मिलाकर घर में सकारात्मक माहौल रहेगा। इसका असर आपकी नौकरी या बिजनेस में भी देखने को मिलेगा।

**मिथुन राशि**

बुध का गोचर तीसरे स्थान पर हुआ है। कुंडली में तीसरे स्थान से पराक्रम, भाई-बहन और यश को देखा जाता है। सूर्य की राशि में बुध के मौजूद होने से भाई-बहनों के साथ अच्छी बातें होंगी और रिश्ते बेहतर होंगे। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क राशि**

बुध का गोचर दूसरे स्थान पर हुआ है, जो धन का भाव है। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। बुद्धि तेज काम करेगी और आपकी बातों का दूसरों पर प्रभाव पड़ेगा। अपनी वाणी से आप दूसरों को प्रभावित कर लाभ उठा सकते हैं।

सिंह राशि

बुध का गोचर लग्न स्थान यानी पहले भाव पर हुआ है। सफलता के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। पार्टनर के साथ संबंध अच्छे बनेंगे। हास्य-विनोद होने से मन खुश रहेगा।

**कन्या राशि**

बुध का गोचर 12वें स्थान पर हुआ है। यानी इस दौरान आपके खर्चे बढ़ सकते हैं। हालांकि, ये खर्च आप अपनी सुख सुविधाओं की चीजों पर ज्यादा करेंगे। कोई भी खर्च करने से पहले दो बार सोचिएगा कि क्या ये खर्च करना जरूरी है या इसे अभी टाला जा सकता है।

**तुला राशि**

बुध का गोचर आय और इच्छापूर्ति के 11वें घर में हुआ है। ऐसे में तुला राशि के जातकों की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लंबे समय से चली आ रही आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक राशि**

बुध का गोचर करियर और पिता के भाव 10वें घर में हुआ है। लिहाजा, करियर में लाभ मिल सकता है। पदोन्नति हो सकती है या कार्यस्थल में सम्मान मिलेगा। घर में भी सुख शांति का माहौल रहेगा।

**धनु राशि**

बुध का गोचर भाग्य स्थान वाले 9वें स्थान पर हुआ है। भाग्य का साथ मिल सकता है। हालांकि, आपको मेहनत भी करनी पड़ेगी।

**मकर राशि**

बुध का गोचर आयु भाव वाले 8वें स्थान पर हुआ है। स्वास्थ्य के लिहाज से बुध का यह गोचर लाभकारी साबित होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहेंगे। आपको व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनर से फायदा होगा।

**कुंभ राशि**

बुध का ये गोचर पार्टनरशिप के सातवें स्थान पर हुआ है। जीवनसाथी से लाभ मिल सकता है और उसके साथ रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**मीन राशि**

बुध का गोचर रोग, ऋण और शत्रु के छठे स्थान पर हुआ है। लिहाजा, अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग करते समय लोन लेने से पहले विचार जरूर करें। त्वचा संबंधी परेशानी हो सकती है। इस दौरान शत्रु पक्ष हावी रह सकता है।



**ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा**
**अजमेर**

# क्या है द्रौपदी के पांच पांडवों संग विवाह का रहस्य?

## जानें इसके पीछे की कहानी



हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक महाभारत है, जिसके प्रमुख पात्र पांच पांडव और उनकी पत्नी द्रौपदी हैं। आज हम द्रौपदी का विवाह पांडवों से क्यों हुआ? इसके पीछे की कथा के बारे में जानेंगे। इससे पहले हम आपको बता दें, कि द्रौपदी को पांडवों की पत्नी और राजा द्रुपद की पुत्री के रूप में जाना जाता है।

उन्हें कृष्णेयी, यज्ञसेनी, महाभारती, सैरंध्री, पांचाली, अग्नि सुता आदि नामों से भी जाना जाता है, तो आइए जानते हैं कि पांचाली का विवाह पांडवों से क्यों हुआ था?

### द्रौपदी ने 5 पांडवों से क्यों की थी शादी?

यह बात सभी जानते हैं कि द्रौपदी के पांडवों के रूप में पांच पति थे। साथ ही इसके पीछे एक नहीं बल्कि कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिसका जिक्र आज हम आपसे करेंगे। ऐसा कहा जाता है कि जब अर्जुन द्रौपदी के साथ स्वयंवर करके वापस लौटे थे, तो द्रौपदी को अपनी मां कुंती से मिलाने के लिए ले गए। उस समय माता कुंती कुछ काम कर रही थीं। तब पार्थ ने अपनी मां से कहा 'माते, मैं कुछ लाया हूं,' जिसपर कुंती ने बिना देखे और पूरी बात सुने अनजाने में यह कह दिया कि इसे पांचों भाई आपस में बांट लो और जब उन्होंने मुड़कर देखा, तो उन्होंने द्रौपदी को देखा और चौंक गई।

अनजाने में कही गई बात के लिए उन्होंने माफी मांगी, लेकिन तब अर्जुन ने कहा कि अपनी मां की आज्ञा मानना उनका कर्तव्य है और इसलिए वह ऐसा ही करेंगे, जिसके चलते द्रौपदी ने पांचों पांडवों से विवाह किया था।

### शिव जी का वरदान

इसके अलावा इसके पीछे एक और कथा प्रचलित है, जिसमें शिव जी से द्रौपदी ने यह वरदान मांगा था कि उन्हें ऐसा पति चाहिए, जो बुद्धिमान, बलवान, सुंदर, आकर्षक और धनुर्धर हो। एक व्यक्ति में ये सारी चीजें मिलना अंसभव था, जिस वजह से भोलेनाथ ने उन्हें 5 पांडवों पति के रूप में दिए थे।

# जानिए हिंदू धर्म के ऐसे चमत्कार

## जिनका आज तक विज्ञान भी नहीं दे पाया जवाब

**हिंदू शास्त्रों में ऐसे कई मंदिर व धार्मिक स्थलों का वर्णन किया गया है, जो आज भी लोगों की आस्था का केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ ही हिंदू धर्म ऐसे रहस्यों और चमत्कारों से भरा हुआ है, जो किसी को भी आश्चर्य में डाल सकते हैं। आज हम आपको सनातन धर्म के कुछ ऐसी ही अद्भुत घटनाएं बताने जा रहे हैं, जो आज भी लोगों को आश्चर्यचकित करती हैं।**

### अमरनाथ का शिवलिंग

प्रति वर्ष अमरनाथ गुफा में बर्फ का प्राकृतिक शिवलिंग बनता है, जिसे बाबा बर्फानी के नाम से भी जाना जाता है। इस प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन के लिए लाखों भक्त यहां पहुचते हैं। ऐसा माना जाता है कि अमरनाथ यात्रा से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट होते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। लेकिन सबसे बड़ा चमत्कार यही माना जाता है कि हर साल स्वयं शिवलिंग का निर्माण होता है। इसी के साथ गणेश और पार्वती पीठ भी हिम से प्राकृतिक रूप से निर्मित होते हैं।

### जगन्नाथ मंदिर के चमत्कार

ओडिशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर भी चमत्कारों से भरा हुआ है। सबसे पहले तो इस मंदिर की खासियत यह है कि इसके गुंबर की परछाई नहीं बनती और न ही गुंबद के पास कोई पक्षी उड़ पाता है।



दूसरा चमत्कार यह है कि मंदिर के शिखर पर स्थित ध्वज, हमेशा वायु की विपरीत दिशा में लहराता है।


### गंगाजल का पानी



गंगाजल को हिंदू धर्म में बहुत ही पवित्र माना जाता है।

किसी भी धार्मिक कार्य में गंगाजल का उपयोग मुख्य रूप से किया जाता है, ताकि पवित्रता बनी रहे। ऐसा कहा जाता है कि यह एक एकमात्र ऐसी नदी है, जिसका पानी कभी नहीं सड़ता। कई हिंदू अनुयायी अपने घरों में वर्षों तक गंगाजल को भरकर रखते हैं, लेकिन यह कभी खराब नहीं होता और न ही इससे कभी दुर्गंध आती है। यह भी कहा जाता है कि मृत व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाला जाए, तो उसे मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है।

### रामसेतु का पत्थर



रामायण में इस बात का वर्णन मिलता है कि समुद्र को पार करने के लिए भगवान राम की वानर सेना से पत्थरों से पुल का निर्माण किया था। ऐसा कहा जाता है कि आज भी इस स्थान के पत्थर पानी में डूबने के स्थान पर तैरते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है और विज्ञान के पास भी इसका कोई उत्तर नहीं है।

### काल भैरव का मदिरापान



मध्यप्रदेश के उज्जैन में काल भैरव का लगभग 6,000 साल पुराना मंदिर स्थापित है। यहां मंदिर में स्थापित काल भैरव की मूर्ति को मदिरापान कराने की परंपरा है। जांच के बाद भी यह पता नहीं चल सका कि आखिर ये मदिरा कहां जाती है।

# विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर दुर्लभ शिववास योग समेत बन रहे हैं ये शुभ संयोग

## प्राप्त होगा दोगुना फल

वैदिक पंचांग के अनुसार, 21 सितंबर को विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी है। यह पर्व हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही मनचाहा वर पाने के लिए संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी व्रत करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस शुभ अवसर पर साधक श्रद्धा भाव से भगवान गणेश की पूजा करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही कई मंगलकारी शुभ योग भी बन रहे हैं। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी।

### शुभ मुहूर्त

आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि शुक्रवार 20 सितंबर को रात 09 बजकर 15 मिनट पर शुरू होगी। इस शुभ तिथि का समापन 21 सितंबर को संध्याकाल 06 बजकर 13 मिनट पर होगा। उदया तिथि गणना के अनुसार 21 विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर चंद्र दर्शन का शुभ मुहूर्त शाम 08 बजकर 29 मिनट पर है।

### शिववास योग

आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर देवों के देव महादेव संध्याकाल 06 बजकर 13 मिनट तक कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके बाद नंदी पर सवार होंगे। इस समय में शिव परिवार की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में मंगल का आगमन होगा।



### हर्षण योग

विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर हर्षण योग का संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 11 बजकर 37 मिनट से हो रहा है। ज्योतिष हर्षण योग को शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होगा। हर्षण योग का समापन 22 सितंबर को 08 बजकर 18 मिनट पर होगा।

### करण

आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बव, बालव और कौलव करण के शुभ योग बन रहे हैं। इनमें सबसे पहले बव करण का संयोग बन रहा है। इसके बाद क्रमशः बालव और कौलव करण का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही पूजा हेतु अभिजीत मुहूर्त का भी संयोग है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 49 मिनट से लेकर 12 बजकर 38 मिनट तक है।

# शोभिता धूलिपाला की लव सितारा का ट्रेलर रिलीज







वंदना कटारिया के निर्देशन में बनी फिल्म लव सितारा को जी5 पर डायरेक्ट-टू-ओटीटी रिलीज मिल गई है। शोभिता धूलिपाला और राजीव सिद्धार्थ अभिनीत यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी के साथ लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार है, जिसमें हाईवोल्टेड ड्रामा, शादी में अशांति और रहस्य शामिल हैं। रिलीज से पहले, निर्माताओं ने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया है।

फिल्म लव सितारा का ट्रेलर रिलीज हो गया। 27 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार इस फिल्म की कहानी तारा (शोभिता धूलिपाला) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक स्वतंत्र इंटीरियर डिजाइनर हैं। दूसरी ओर अर्जुन (सिद्धार्थ) एक भावुक शेफ हैं और अंतरराष्ट्रीय सफलता के शिखर पर पहुंच चुके हैं। ट्रेलर के अनुसार, लव सितारा प्यार, स्वीकृति और क्षमा की एक सम्मोहक कहानी प्रस्तुत करती है। कहानी तब और सघन हो जाती है जब अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण तारा और अर्जुन दो पूरी तरह से अलग लोगों के बीच जल्दबाजी में शादी का प्रस्ताव आता है।फिल्म आधुनिक रिश्तों की चुनौतियों, पारिवारिक अपेक्षाओं और असुविध-ाजनक वास्तविकताओं का सामना करने के लिए आवश्यक साहस की पड़ताल करती है।


शोभिता ने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, इस मधुर और विनम्र पारिवारिक ड्रामा को प्रस्तुत करते हुए हमने केरल में कोविड लॉकडाउन के दौरान कुछ बहुत ही अनोखी चुनौतियों का सामना करते हुए शूट किया। मेरे लिए सितारा का किरदार अनोखा और खास रहा है।रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित लव सितारा को प्यार, दिल टूटने और आत्म-खोज की कहानी के रूप में वर्णित किया गया है। फिल्म में शोभिता और राजीव के अलावा सोनाली कुलकर्णी हैं। यह फिल्म 27 सितंबर को जी5 और ओटीटीप्ले प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।




# सनी लियोन और प्रभुदेवा स्टारर गाना पेट्टा रैप का टीजर हुआ रिलीज

## 27 को दस्तक देगा फुल सिंगल

सनी लियोन और प्रभुदेवा की धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार है। हाल ही में इन दोनों स्टार्स के नए गाने पेट्टा रैप का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में सनी लियोन और प्रभुदेवा की जबरदस्त केमिस्ट्री और एनर्जेटिक डांस मूव्स नजर आ रहे हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। जब सनी से उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, हमने इस फास्ट बीट नंबर को थाईलैंड में शूट किया है। मैं प्रभुदेवा सर की बहुत बड़ी फैन हूं। वह अपने इनोवेटिव और इलेक्ट्रिक डांस मूव्स के लिए जाने जाते हैं। मैं उनके स्टेप्स के साथ अपने स्टेप्स मिलाने की कोशिश में घबरा रही थी। मुझे लगता है कि मैंने इसे ग्रेसफुली निभाया है। जैसे ही सनी ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा, यह उनके करियर में एक और माइलस्टोन साबित हुआ। पेट्टा रैप में उनका प्रजेंस इस गाने की एनर्जी और डायनामिक कोरियोग्राफी का जबरदस्त कमाल है।यह धमाकेदार गाना 27 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाला है। सनी लियोन और प्रभुदेवा के फैंस बेसब्री से इस गाने के फुल वर्जन का इंतजार कर रहे हैं। पेट्टा रैप की झलक ने ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है, जिससे यह साफ है कि फुल सिंगल भी धमाका करने वाला है।




# टोविनो थॉमस की फिल्म अजयंते रंदम मोशनम का बॉक्स ऑफिस पर तूफान

मिन्नल मुरली फेम एक्टर टोविनो थॉमस की फिल्म अजयंते रंदम मोशनम (एआरएम) इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। एआरएम एक मलयालम एक्शन-एडवेंचर फिल्म है, जिसका निर्देशन जितिन लाल ने किया है। फिल्म 12 सितंबर, रिलीज हुई थी। डॉ। जकारिया थॉमस के साथ, मैजिक फ्रेम्स और यूजीएम मोशन पिक्चर्स के बैनर तले लिस्टिन स्टीफन द्वारा निर्मित यह 3 डी फिल्म उत्तरी केरल में नायकों की तीन पीढ़ियों से जुड़ी है। एआरएम में कृति शेट्टी, ऐश्वर्या राजेश, सुरभि लक्ष्मी, बेसिल जोसेफ, जगदीश, हरीश उथमन, हरीश पेराडी, कबीर सिंह, प्रमोद शेट्टी और रोहिणी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। एआरएम में, टोविनो ने तीन अलग-अलग किरदारों- कुंजिकेलु, मनियन और अजयन को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है।टोविनो थॉमस की एआरएम ओणम के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जिसका फिल्म को भरपूर फायदा भी मिला है। फिल्म ने पांच दिन में 50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। हालांकि फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस तरह टोविनो थॉमस की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ ली है। वैसे भी मलयालम फिल्म को लेकर एक ट्रेंड रहा है कि ये फिल्म बहुत तेज रफ्तार से नहीं बल्कि धीमी रफ्तार से ही बॉक्स ऑफिस पर अपना सफर तय करती रहती हैं और अच्छी कहानी और एक्टिंग के दम पर कामयाबी की इबारत लिख देती हैं। एआरएम फिल्म के एक्टर टोविनो थॉमस पिछले कुछ समय में मलयालम के मजबूत एक्टर के तौर पर उभरकर सामने आए हैं। उनकी फिल्म 2018, 2023 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म को भी खूब पसंद किया गया था। इसके बाद 2024 में टोविनो थॉमस की अन्वेषीप्पिन कांडेथुम रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अफसर के किरदार को निभाया था और इसकी भी जमकर तारीफ हुई थी। टोविनो थॉमस की आने वाली फिल्मों की बात करें तो इनमें एल2: एम्पुरान और आइडेंटिटी जैसी फिल्में शामिल हैं।

# अविका गौर बैकलैस गाउन पहन बोल्ड नजर आईं





टीवी के फेमस शो बालिका वधू में छोटी सी आनंदी का किरदार निभाकर एक्ट्रेस अविका गौर ने हर भारतीय घर में अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। एक्ट्रेस लंबे समय तक शो का हिस्सा रहीं और लोगों को उनकी एक्टिंग खूब पसंद आई थी। इसके बाद अविका को टीवी सीरियल ससुराल सिमर का में रोली के किरदार में देखा गया था।बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं।

एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बैकलैस गाउन पहना हुआ है और उनका लुक काफी बोल्ड है। अविका गौर की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ यूजर्स ने तो यह तक कह दिया कि अविका गौर की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। बता दें कि अविका गौर ने अपने करियर की शुरुआत बालिका वधू सीरियल से की थी। इस सीरियल में उन्होंने एक बाल विवाह की शिकार लड़की का किरदार निभाया था। इस सीरियल के बाद अविका गौर कई और टीवी सीरियल्स और फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

छोटे पर्दे की मशहूर अदाकारा अविका गौर ने अपने डेब्यू सीरियल बालिका वधू से दर्शकों के दिलों में बस गई। अविका गौर टीवी की उन एक्ट्रेस में से हैं जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अविका गौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही वो इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें भी पोस्ट करती रहती हैं। आपको बता दें कि अविका गौर रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं।

# विजय की गोट तोड़ेगी कमल हासन की विक्रम का रिकॉर्ड




विजय थलापति की सेकेंड लास्ट फिल्म ग्रेटेस्ट ऑल ऑफ टाइम ने बॉक्स ऑफिस पर 13 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म गोट ने 12वें दिन 400 करोड़ रुपये के क्लब में एट्री की थी. अब फिल्म की 13 वें दिन की कमाई में उछाल देखने को मिला है. बीती 5 सितंबर को रिलीज हुई गोट अभी भी दर्शकों को थिएटर में खींच रही है. फिल्म ने हाल ही में पहले घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की थी.सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 13 वें दिन 12वें दिन के मुकाबले ज्यादा कमाई की है. गोट ने 12वें दिन 6.50 करोड़ रुपये और 13वें दिन 6.94 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. फिल्म गोट का कुल घरेलू कलेक्शन 226.87 करोड़ रुपये हो गया है.विजय की फिल्म का जादू विदेशों में भी चल रहा है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. वहीं, साल 2024 में 400 करोड़ रुपये कमाने वाली गोट पहली तमिल फिल्म बन गई है. फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 407 करोड़ रुपये के लगभग है. लियो के बाद गोट विजय की दूसरी 400 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म है. वहीं, 400 करोड़ी क्लब में गोट ने 2.0 (745 करोड़), लियो (606 करोड़ रुपये), रजनीकांत की जेलर (604.50 करोड़ रुपये), चियान विक्रम की पोन्नियिन सेल्वन 1 (488 करोड़ रुपये) और कमल हासन की विक्रम (414.50 करोड़ रुपये) को ज्वॉइन कर लिया है. वहीं, फिल्म आज या कल में कमल हासन की फिल्म विक्रम का रिकॉर्ड तोडऩे जा रही है.

# एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा की नहीं पता किसी को असली उम्र

## कम उम्र में ही बनाली करोड़ों की प्रॉपर्टी



एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा फिल्म उरी और छत्रीवाली के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था और खूब नेम-फेम कमाया। वो सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर्स में से एक हैं। हालांकि, रीवा अपनी एज को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी में रहती हैं।रीवा की फैमिली के हिसाब से वो 17 साल की हैं और उनका जन्म 2007 में हुआ है। हालांकि, कुछ फैंस ने रीवा के चार साल पुराने इंटरव्यू को प्वॉइंटआउट किया, जिसमें वो अपनी उम्र 9 साल बता रही हैं।रीवा की उम्र को लेकर उन्होंने कहा था- मैं इसे लेकर क्या कहूं? जो लोग मेरी उम्र और जो मैं कर रही हूं उसे लेकर शक कर रहे हैं उनके लिए मेरे पास कुछ कहने के लिए नहीं है। जो लोग मुझे प्यार देते हैं वो मेरे लिए काफी हैं। बता दें कि 2022 में रीवा की एक्टर करण कुंद्रा संग रोमांस करते हुए एक रील्स वायरल हुई थी, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। करण कुंद्रा को चाइल्ड एक्टर संग म्यूजिक वीडियो में रोमांस करने की वजह से ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी।रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस की नेटवर्थ तकरीबन 8।2 करोड़ है। रीवा अरोड़ा लग्जरी लाइफ स्टाइल मेंटेन करती हैं। उन्हें लग्जरी गाडियों का शौक है। रीवा के पास 40 लाख की ऑडी है।बता दें कि रीवा ने 2019 में फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक से डेब्यू किा था। इस फिल्म में उनकी काफी तारीफ हुई थी। उनकी एक्टिंग को क्रिटिक्स ने भी सराहा था। वर्क फ्रंट पर ने फिल्म भारत, सेक्शन 375, गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल, बंदिश बैंडिट्स, टीवीएफ ट्रिपलिंग जैसे प्रोजेक्ट किए हैं।

# अयोध्या के विकास की 83 परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण

# माफिया चलाते थे सरकार, बबुआ 12 बजे तक सोते थे : योगी

## अयोध्या में गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को हो रही तकलीफ

**अयोध्या, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विद्या इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में सपा पर आक्रामक रहे। समाजवादी पार्टी के नेताओं को आईना दिखाते हुए सीएम ने कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। इनका पदाधिकारी या शागिर्द था। वहां संगठित अपराध, पशु, वन, खनन, भूमाफिया थे। माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे तो बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। बबुआ 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था।

मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनगरी अयोध्या को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने यहां एक हजार करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन आदि प्रदान किया। सीएम ने मिल्कीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को भी गिनाया। बताया कि मिल्कीपुर में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है। 30 मार्गों का शिलान्यास हो रहा है। रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपए दिए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। विकास योजनाओं में भेदभाव व महापुरुषों का अपमान होता था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है। उत्तर प्रदेश में 2.62 करोड़ परिवारों को शौचालय व 56 लाख गरीबों को आवास दिया गया। 1.20 लाख मजरों तक बिजली, 1.56 करोड़ से अधिक परिवारों को फ्री बिजली कनेक्शन, 1.83 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में फ्री सिलेंडर दिए गए। पिछले वर्ष से इन परिवारों को होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर दे रहे हैं। यूपी में 15 करोड़ लोग फ्री में राशन पा रहे हैं, लेकिन 2017 के पहले सपा के गुंडे गरीबों का राशन हजम कर जाते थे।





सीएम ने कहा कि सपा के लोग गोतस्करी, वनों की कटान, जमीन कब्जा कराते थे, लेकिन आज जमीनों से कब्जे हट चुके हैं। हमारी सरकार ने 2017 के बाद एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया और सपा के भूमाफिया-गुंडों से 64 हजार हेक्टेयर लैंड को मुक्त कराया। भदरसा में भी जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है। गुर्गों से जमीन मुक्त कराने पर परेशानी हुई तो सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। यहां जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपए मुआवजा बांटा गया है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो। जिस अयोध्या को इन्होंने रामभक्तों के लहू से सींचा था, वहां 22 जनवरी से अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

सीएम ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा और मानवता पर कैंसर बन चुके पाकिस्तान को भी नेस्तनाबूद करने का सामर्थ्य रखता है। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। अंधेरे में रहने की अभ्यस्त सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अयोध्या को 30 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी है। अयोध्या का जितना विकास डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में किया है, उतना विकास कांग्रेस के 60 वर्ष, सपा की चार बार की सरकार में नहीं हुआ। हमारी सरकार ने 6461 दुकानों का भी पुनर्वास किया गया। किसी को दुकान, मुआवजा, एफएआर में छूट देकर जमीन पर पीछे साइड दुकान बनाने की अनुमति दी गई। वहीं प्रदेश में हमारी सरकार ने साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरी दी। दो करोड़ से अधिक नौजवानों को निजी क्षेत्रों में नौकरी व रोजगार दिया। 60 लाख से अधिक उद्यमियों को प्रदेश में उद्यम लगाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया।

सीएम ने कहा कि अयोध्या अब सुंदरतम नगरी बन रही है। दीपोत्सव से सपा को परेशानी होगी ही, क्योंकि इन्हें तो विवादित ढांचा प्यारा था, जिसे रामभक्तों ने नेस्तनाबूद किया था। जिनके हाथ रामभक्तों के खून से सने हैं, वे जब अयोध्या की चर्चा करते हैं तो ताज्जुब होता है, लोग हंसते हैं कि यह अयोध्या के बारे में क्या चर्चा करेंगे। इनके काले कारनामों का सारा चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे।

सीएम ने कहा कि आज अयोध्या का रामजन्मभूमि पथ, भक्तिपथ, एयरपोर्ट पथ फोरलेन, अयोध्या को जोड़ने वाला प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, अमेठी, रायबरेली आदि सभी मार्ग फोरलेन कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। प्रभु श्रीराम हजारों वर्ष पहले पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे, लेकिन सपा या कांग्रेस के मन में कभी नहीं आया कि अयोध्या में एयरपोर्ट बन जाए। 821 एकड़ भूमि पर अयोध्या में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना तो रामद्रोही सपा परेशान है। कुछ दिन बाद इंटरनेशनल कनेक्टिविटी से अयोध्या जुड़ने वाला है। 2017 के पहले और बाद की अयोध्या को देखकर इनकी आंखें चौंधिया जाएगी। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी भी बन रही है। भगवान सूर्यवंश की रोशनी से यहां की लाइट जगमाएगी तो अंधेरे में रहने वाली सपा इसे कैसे स्वीकार कर सकती है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के संगठित अपराध में लिप्त गाजीपुर, अंबेडकरनगर, रामपुर, प्रयागराज के माफिया इनके चचाजान थे। माफिया के सामने नाक रगड़ने और दंगाइयों के सामने घुटने टेकने वाला व्यक्ति संत परंपरा को माफिया कहता है। यह उनके संस्कार हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। इन्हें हिंदू विरोधी आचरण के लिए फिर से प्रोत्साहित कर रही है।

सीएम योगी ने जनता को सपा का असली चेहरा दिखाया। भदरसा में सपा के नेता मोईद खान, कन्नौज में नवाब सिंह यादव, अलीगढ़, मऊ में इनके नेता दरिंदगी में शामिल पाए गए। भदोही के विधायक का कारनामा देखिए। हरदोई में अधिवक्ता की हत्या सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई। इनके पूर्व विधायक द्वारा कानपुर में ऐसे ही कृत्य किए जाते थे। यह लोग गरीबों की जमीन पर कब्जा कर अराजकता फैलाते हैं। राजनीतिक स्वार्थ के लिए देशद्रोही तत्वों को प्रश्रय देते हैं। जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही बेटियों की सुरक्षा के लिए खिलवाड़ करने वाले सपा के दरिंदों की मंशा ठीक नहीं हो सकती। हमारी सरकार इनके साथ वही कर रही, जिसके वह पात्र हैं। चाचा-भतीजे व दो लड़कों की जोड़ी गुंडागर्दी की हद पार करने की स्थिति में दिख रही है, लेकिन सरकार इनसे मुस्तैदी से लड़ने को तैयार है।

सीएम ने अयोध्या व मिल्कीपुर में हुए विकास कार्य भी गिनाए। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में 45664 व (शहरी) में 19964 आवास दिए गए हैं। इसमें मिल्कीपुर में 8195 आवास ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2369 लाभार्थियों को आवास की सुविधा प्रदान की है। अयोध्या में हर घर नल योजना के तहत 1184 राजस्व गांवों में हर घर तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य हो रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अयोध्या में 4.21 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इनके खातों में एक हजार 430 करोड़ रुपए जा चुके हैं। मिल्कीपुर में 94549 किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। अयोध्या में 67014 स्मार्टफोन व 26974 टैबलेट युवाओं को वितरित किए गए हैं। आयुष्मान भारत के नौ लाख 726 गोल्डन कार्ड दिए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 30245 बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। डबल इंजन सरकार एक लाख 8 हजार 228 वृद्धजन, 54529 निराश्रित महिलाओं व 11603 दिव्यांगजनों को 12-12 हजार रुपए सालाना पेंशन की सुविधा दी जा रही है। अयोध्या में 59 गोआश्रय स्थलों में 12600 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया जा रहा है। 4.32 लाख परिवारों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

इस अवसर पर अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

---

### रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का सीएम ने किया उद्घाटन

# विकास और रोजगार का संगम बन रहा गोरखपुर : योगी

### ग्रीनवुड अपार्टमेंट आवासीय योजना के आवंटियों को मिला प्रमाण पत्र

**गोरखपुर, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस गोरखपुर के नाम से 15-20 साल पहले भय होता था, सात वर्ष पूर्व जहां सुविधाओं की कल्पना ही बेमानी थी, वही गोरखपुर अब आधुनिक सोच के साथ विकास और रोजगार का संगम और नया पर्यटन हब बन रहा है।

सीएम योगी गुरुवार को रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट फ्लोट का बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद ताल की जेटी पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आवासीय परियोजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के सात आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग आज से डेढ़ दशक पहले गोरखपुर के नाम से डरते थे। सात वर्ष पूर्व तक भी गोरखपुर विकास से कोसों दूर था। आज जिस स्थान (रामगढ़ताल क्षेत्र) पर यह आयोजन हो रहा है, वहां तो आना ही सपना था। मुख्यमंत्री ने कहा रामगढ़ताल गोरखपुर की गंदगी और अपराध का गढ़ बन चुका था। सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों और मंत्रियों के लिए अलग से फोर्स लगानी पड़ती थी। गोरखपुर का खाद कारखाना बंद हो चुका था। यहां का बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्वयं बीमार हो गया था। गोरखपुर के लोगों को दिनभर जाम में फंसना पड़ता था।






बीते सात साल में आए बदलाव की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि आज गोरखपुर में फोर और सिक्सलेन की सड़कें हैं। यहां का एयरपोर्ट देश के व्यस्त एयरपोर्टस में से एक है। गोरखपुर में रेलवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। खाद कारखाना फिर से चालू हो चुका है।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का बेहतरीन केंद्र बन गया है। साथ ही एम्स भी संचालित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल कभी मृतप्राय हो चला था। जबकि आज 1800 एकड़ में फैली यह प्राकृतिक झील पर्यटकों को नई आभा के साथ आकर्षित कर रही है। यहां नए-नए होटल खुल रहे हैं। रामगढ़ताल में क्रूज की सुविधा पहले ही शुरू हो गई थी। आज फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ हो गया है। अब प्राकृतिक झील के किनारे जलपान और भोजन करने का मन हुआ तो यह सुविधा गोरखपुर में ही उपलब्ध हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा आधुनिक सोच के साथ विकास भी हो रहा है और यह विकास रोजगार का भी माध्यम बन रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि अब गोरखपुर आने वाले अतिथियों और पर्यटकों को फाइव स्टार सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ताल के चारों तरफ रिंग रोड बन रहा है।

इससे लोगों को परिवार के साथ निकलने, गेस्ट और पर्यटकों के लिए दिनभर का कार्यक्रम बन जाएगा। चारों तरफ झील की खूबसूरती को देखने के बाद क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चले गए और फिर चिड़ियाघर जाकर प्रकृति के साथ आनंद उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार लाइटिंग से गोरखपुर में रात्रि का नजारा बेहद आकर्षक लगता है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थानीय लोगों और देश-दुनिया के पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार कनेक्टिविटी से अब यहां होटलों की चेन खुलने जा रही है। जल्द ही कन्वेंशन सेंटर भी बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को शुभकामनाएं देते हुए जीडीए के अफसरों को निर्देशित किया कि अपार्टमेंट का निर्माण क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए समय से छह माह पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीडीए ने इसे जुलाई 2027 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है लेकिन कोशिश होनी चाहिए कि 2027 में मकर संक्रांति के पूर्व ही निर्माण पूर्ण कर आवंटियों को सौंप दें ताकि आवंटी अपने आवास में मकर संक्रांति मना सकें और मकर संक्रांति का प्रसाद अपने इस आवास में ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रीनवुड अपार्टमेंट अच्छे वातावरण में बन रहा है और यहां के फ्लैट्स की कीमतें कुछ ही सालों में कई गुना बढ़ जाएंगी।

इस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल ने कहा कि गोरखपुर पहले क्या था यह किसी से छिपा नहीं है और अब क्या हो गया है यह भी सभी लोग देख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मात्र सात साल में गोरखपुर में ऐतिहासिक विकास हुआ है। गोरखपुर में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सौगात सीएम योगी की प्रेरणा से ही मिली है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म स्टार होने के चलते मैं मुंबई से भी जुड़ा हूं लेकिन अब मुझे गोरखपुर मुंबई से भी सुंदर लगता है।

समारोह में डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, जीडीए बोर्ड के सदस्य दुर्गेश बजाज, पवन त्रिपाठी, राधेश्याम श्रीवास्तव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और ग्रीनवुड अपार्टमेंट प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रामगढ़ ताल के नजदीक 5.20 एकड़ में 374.49 करोड़ की लागत से बन रहे ग्रीनवुड अपार्टमेंट रामगढ़ताल के लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र दिए।

---

# मिशन कर्मयोगी से जोड़े जा रहे कर्मचारी और अधिकारी

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) को सुधारना और उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में तैनात ज्यादा से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (आईजीओटी) पोर्टल में 94 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और अधिकारी ऑनबोर्ड या रजिस्टर्ड हो चुके हैं। वहीं, 45 हजार से ज्यादा ने पाठ्यक्रम में अपना नामांकन कराया है, जिसमें करीब 29 हजार ने कोर्स पूरा कर लिया है। इनमें करीब 6 हजार अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 2 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मिशन कर्मयोगी को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की थी।

हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (यूपीएएम) के प्रस्तुतीकरण में मिशन कर्मयोगी में उत्तर प्रदेश की भागीदारी की जानकारी दी गई। उपाम के डीजी वेंकटेश्वर लू और अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने यह प्रस्तुतिकरण दिया। अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि आई-जीओटी पोर्टल पर प्रदेश के 43 विभागीय नोडल अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। वहीं, 94 हजार से ज्यादा ऑफिशियल्स ऑनबोर्ड या रजिस्टर हो चुके हैं। 45 हजार से ज्यादा कोर्स इनरोलमेंट के साथ ही 28,881 ने कोर्स कंप्लीट कर लिया है। इनमें 5,921 ऑफिशियल्स ने भी अपना कोर्स कंप्लीट कर लिया है। योगी सरकार ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में कर्मचारी टू कर्मयोगी अभियान के माध्यम से वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसके तहत प्रदेश के 14 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में अभियान के तहत कर्मचारी टू कर्मयोगी ट्रेनिंग प्रदान की गई। वहीं, 10 जिलों में फील्ड विजिट करके वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसी तरह 8 विभागों में अब तक वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में मिशन कर्मयोगी को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (उपाम) सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत उपाम से अपेक्षा की गई है कि वह प्रत्येक विभागों और राज्य के विभिन्न संगठनों के लिए नोडल अधिकारी और एमडीओ को नामित करेगा। इसके साथ ही हर नोडल अधिकारी और एमडीओ को आईगॉट पोर्टल पर शामिल करेगा। यही नहीं, प्रत्येक विभाग के सभी कर्मियों को नोडल अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री को विभागों द्वारा अपलोड करने के संबंध में मासिक बैठक का आयोजन करना और विभिन्न विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए कर्मियों और पाठ्यक्रम सामग्री के ऑनबोर्डिंग की निगरानी करना भी उसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है।

मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य सिविल सेवकों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने पर केंद्रित है, ताकि वे देश की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें। इस मिशन के माध्यम से सिविल सेवकों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए लगातार शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के तहत, सरकार कर्मचारियों को नई तकनीक, नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक सुधारों से परिचित कराती है, जिससे वे अधिक कुशलता और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। साथ ही इसमें विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम शामिल हैं, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में लगातार निपुणता प्राप्त कर सकें। इसके लिए आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल निर्मित किया गया है, जहां सरकारी कर्मियों को उनकी योग्यता और कौशल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सुविधा दी जाती है।



# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद स्वदेश पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम, हुआ भव्य स्वागत

नई दिल्ली , 19 सितंबर (एजेंसियां) ।

**हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंची, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में अपना रिकॉर्ड पांचवां खिताब जीता।**

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीम के आगमन पर प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने उत्साह के साथ स्वागत किया।

### बहुत महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था

दिल्ली पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा, 'यह खिताब हमारे लिए बहुत खास है...यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था...खासकर तब, जब हमारे पास इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था।'

टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शानदार है, एशिया में नंबर एक बनना हमेशा से हमारा लक्ष्य रहा है...यह एक अच्छा टूर्नामेंट था...।'

### पांचवीं बार पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती

भारत ने मंगलवार को मेजबान चीन पर 1-0 की रोमांचक जीत के साथ पांचवीं बार पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी सफलतापूर्वक जीत ली।

भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को अपराजित रहते हुए 'फुल्टनबॉल' का जादू जारी रखा। भारत ने इससे पहले 2011, 2016, 2018 और 2023 में खिताब जीते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दलिप समरवीरा पर लगाया प्रतिबंध



**मेलबर्न।** पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर दलीप समरवीरा को आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया या राज्य या क्षेत्रीय संघ (किसी भी डब्ल्यू/बीबीएल टीम सहित) में किसी भी पद पर रहने से 20 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आचरण आयोग ने पाया कि समरवीरा ने अनुचित व्यवहार किया, जो सीए की आचार संहिता की धारा 2.23 का उल्लंघन था। अनुचित आचरण के आरोप तब लगे जब समरवीरा क्रिकेट विक्टोरिया (सीवी) में मुख्य कोच के पद पर कार्यरत थे, इस पद से उन्होंने इस साल मई में केवल दो सप्ताह सेवा देने के बाद इस्तीफा दे दिया था। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने समरवीरा के इस्तीफे के समय कहा था, भर्ती प्रक्रिया के दौरान दलीप ने अपनी सहायता टीम में एक विशिष्ट कोचिंग नियुक्ति करने की इच्छा व्यक्त की थी। हमारी आंतरिक नीतियों के कारण वह नियुक्ति संभव नहीं हो सकी। आगे की बातचीत के बाद, दलीप ने फैसला किया कि वह इस भूमिका में नहीं रहना चाहेंगे। गुरुवार को एक विज्ञप्ति में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगे कहा, सीए इंटीग्रिटी विभाग, इंटीग्रिटी कोड और नीतियों के तहत उसके पास लाई गई शिकायतों की जांच करता है जो राज्य और क्षेत्रीय संघों पर भी लागू होती हैं। आचरण आयोग सीए इंटीग्रिटी द्वारा उसे भेजे गए मामलों की सुनवाई करता है।

### सीपीएल में अनजान से खिलाड़ी ने लगाया 124 मीटर लंबा छक्का



**जमैका।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक क्रिकेटर ने ऐसा छक्का लगाया कि गेंद 124 मीटर ऊपर चली गयी। ये छक्का एक अनजान से खिलाड़ी ने लगाया। ये छक्का 21 साल के शकीर पेरिस ने मिडविकेट के ऊपर से लगाया और गेंद स्टेडियम की छत के ऊपर से हवा में निकल गयी। ये इस सत्र का अब तक का सबसे लंबा छक्का है। आईपीएल में सबसे लंबे छक्के का रिकॉर्ड भी 124 मीटर का ही है। ये आईपीएल 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के की ओर से प्रज्ञान ओझा ने लगाया था। सीपीएल का सबसे लंबा छक्का ट्रिनबागो नाइटराइडर्स और गुयाना अमेजॉन वॉरियर्स के बीच मुकाबले में लगा। इसमें ट्रिनबागो नाइटराइडर्स के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने टॉस जीतने के बाद गुयाना अमेजॉन वॉरियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इस मैच में वॉरियर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 12 ओवर में 100 रनों के अंदर 7 विकेट खो दिये। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड और ड्वेन प्रिटोरियस ने पारी संभाली। वहीं ट्रिनबागो नाइटराइडर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन और शकीर पेरिस ने पारी शुरु की।

### श्रीलंकाई बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस का शानदार प्रदर्शन जारी , न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में शतक लगाया



**गाले।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस का शानदार प्रदर्शन जारी है। कामिंदु ने डेब्यू के बाद ही अपने सातवे टेस्ट में चार शतक लगा दिये हैं। ने एक और शतक ठोक दिया। कमिंदु ने गाले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हो रहे पहले टेस्ट के पहले ही दिन शतक लगा दिया। ये बल्लेबाज जब उतरा था तब टीम ने 88 रन पर तीन विकेट खो दिये थे। इसके बाद कमिंदु ने एक छोर संभाले रखा। अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के साथ उन्होंने 5वें विकेट के लिए 72 रन बनाये। इसके बाद छठे विकेट के लिए कुसल मेंडिस के साथ मिलकर 103 रन बनाये। कमिंदु ने साल 2022 में श्रीलंका की ओर से पहला मैच खेला था। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलने के बाद भी उन्हें दो साल तक टीम में जगह नहीं मिली थी। वहीं इसी साल बांग्लादेश के खिलाफ वापसी करते हुए इस बल्लेबाज ने दोनों पारियों में शतक लगाया था। इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर तीन टेस्ट में एक शतक के अलावा दो अर्धशतक लगाये।

## शतरंज ओलंपियाड 2024, राउंड 7

# भारतीय पुरुषों ने चीन को पछाड़ा महिलाओं ने जॉर्जिया को हराया

हंगरी , 19 सितंबर (एजेंसियां) ।

**भारत ने बुधवार देर रात को हंगरी के बुडापेस्ट में एसवाईएमए स्पोर्ट्स एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में शतरंज ओलंपियाड 2024 के ओपन सेक्शन के सातवें राउंड में चिर प्रतिद्वंद्वी चीन को हराया। उभरते हुए स्टार जीएम डी गुकेश ने विश्व के 8वें नंबर के चीन के वेई यी को हराकर भारत के पक्ष में निर्णायक परिणाम हासिल किया।**



अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञानानंद और पेंटाला हरिकृष्णा चीनी दीवार को भेदने में असमर्थ रहे, इसलिए मैच 2-2 से बराबरी पर आ गया। हालांकि, गुकेश ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए तब तक दबाव बनाए रखा जब तक कि वेई यी ने आखिरकार हार नहीं मानी और मैच भारत के पक्ष में हो गया। प्रज्ञानानंद और यू यांगयी ने सबसे पहले अपना खेल समाप्त किया, जो ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। अर्जुन, जो 6/6 पर थे, को बू जियांगज़ी ने टूर्नामेंट का पहला ड्रॉ दिया।

इससे पहले, चीन ने राउंड से पहले विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को आराम देने का फैसला किया, जिससे गुकेश के खिलाफ़ संघर्ष की संभावना समाप्त हो गई। हरिकृष्णा ने काले मोहरों के साथ अपनी भूमिका बखूबी निभाई और अंतिम बोर्ड पर शानदार फॉर्म में चल रहे वांग यू को जीत से वंचित रखा। भारत के पास अब इतने ही राउंड में सात जीत के साथ 14 मैच पॉइंट हैं, ईरान 13 के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि उज्बेकिस्तान ओपन सेक्शन में 12 मैच पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर है। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने जॉर्जिया की चुनौती को आसानी से पार कर लिया। हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख ने मजबूत ड्रॉ बनाए, वहीं वंतिका अग्रवाल और आर. वैशाली ने महत्वपूर्ण समय पर भारत के लिए जीत दर्ज की। महिला वर्ग में भारत (14) दूसरे स्थान पर मौजूद पोलैंड से दो मैच पॉइंट आगे है। भारत की पुरुष टीम राउंड 8 में ईरान से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम पोलैंड से भिड़ेगी।

### चाइना ओपन : मालविका ने गिलमोर को हराकर पहली बार सुपर 1000 क्वार्टरफाइनल में किया प्रवेश



**चांगझोउ।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चाइना ओपन में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली क्रिस्टी गिलमोर के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर पहली बार सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 43वीं रैंकिंग वाली मालविका ने एक घंटे पांच मिनट तक कड़ी मेहनत की और फिर महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 मुकाबले में दो बार की कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता और दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी स्कॉटलैंड की गिलमोर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। मैच के बाद मालविका ने कहा, 'यह पहली बार है जब मैं सुपर 1000 टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल खेलूंगी, इसलिए यह मेरे सपने के सच होने जैसा है और मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'मैंने टूर्नामेंट से पहले इस बारे में सपना देखा था कि अगर मैं क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई तो कैसा रहेगा और अब मैं शीर्ष 8 में हूं, इसलिए यह एक शानदार एहसास है।' मैच को लेकर भारतीय खिलाड़ी, जो अब गिलमोर के खिलाफ 3-2 से आगे चल रही है, ने कहा, 'इस भाग से बहुत अधिक बहाव है, इसलिए मुझे पिछले गेम के अंतिम हिस्सों और दूसरे गेम में भी नियंत्रण करना मुश्किल लगा। लेकिन मुझे खुशी है कि भगवान ने मेरी मदद की।' 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराने के एक दिन बाद यह जीत हासिल की है।

# चेन्नई स्कूल में हुआ शीतल, थंगावेलु का सम्मान, छात्रों संग मस्ती करते दिखे दोनों पैरालंपियन



**चेन्नई।** शीतल देवी ने बुधवार को चेन्नई के वनागरम में वेलाम्मल विद्यालय के छात्रों को 2024 पेरिस पैरालिंपिक में एस्प्लेनेड डेस इनवैलिड्स में अपने प्रदर्शन की एक झलक दिखाई। शीतल, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों में ओपन मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में राकेश कुमार के साथ कांस्य पदक जीता था, साथी पैरालिंपियन मरियप्पन थंगावेलु के साथ मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया था।

स्कूल ने शहर के श्री रामचंद्र कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स एंड साइंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य स्कूल से 50 चिन्हित एथलीटों को तैयार करना और उन्हें 2032 ओलंपिक के लिए तैयार करना है, जैसा कि श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (एसआरआईएचईआर) की कुलपति उमा सेकर ने बताया।

दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम के दौरान, मंच पर एक छोटी शूटिंग रेंज बनाई गई थी। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीतल और उनके कोच के बीच थोड़ी देर की चर्चा के बाद, उन्होंने तीन तीर छोड़े, जिनपर उनका स्कोर एक नौ, फिर एक नौ, और फिर एक 10 रहा।

इससे पहले, पैरालिंपियनों का स्वागत चेंडा मेलम (एक पारंपरिक कला जिसमें ताल-वादन का उपयोग किया जाता है) की धुनों से किया गया। दोनों ने अलग-अलग अस्थायी रथ पर सवार होकर भव्य प्रवेश किया और उनके सामने एक क्रेन की मदद से उनके आकार से दुगनी माला को हवा में लटकाया गया।

इसके बाद, एथलीटों को फ्रांस की राजधानी में उनके कारनामों के लिए सम्मानित किया गया। पारंपरिक रेशमी शॉल उनके चारों ओर लपेटी गई और एथलीटों को स्मृति चिन्ह के रूप में फ्रेमयुक्त चित्र दिए गए। शीतल और मरियप्पन छात्रों द्वारा मंच पर प्रस्तुतियों में भाग लेकर खुश थे। शीतल हुला-हूप के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने वाली एक लड़की के साथ शामिल हुईं और खुद भी हुला-हूप करने की कोशिश की। उन्होंने अपने पैर से भी हुला-हूप करने की कोशिश की। वहीं, मरियप्पन के चेहरे पर अभी भी स्वर्ण पदक से चूकने की निराशा थी।

# उम्र से जुड़ी धोखाधड़ी हमारे युवा फुटबॉलरों को पीछे खींच रही है : संदेश झिंगन

मुंबई, 19 सितंबर (एजेंसियां) ।

एफसी गोवा के डिफेंडर संदेश झिंगन ने रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स, एफसी गोवा, बेंगलुरु एफसी, डेम्पो एससी, एफसी मद्रास और मिजोरम फुटबॉल एसोसिएशन की सराहना की, जो 12 से 18 सितंबर के बीच नवी मुंबई के रिलायंस कॉरपोरेट पार्क (आरसीपी) में आयोजित स्टे योर एज अंडर-15 फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेकर उम्र-धोखाधड़ी से निपटने के लिए एक साथ आए हैं।

झिंगन ने युवा खिलाड़ियों पर अधिक उम्र के फुटबॉल खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अपने निजी अनुभवों को याद किया। उन्होंने इसे उनके आत्मविश्वास के लिए हानिकारक बताया क्योंकि यह उनके समग्र फुटबॉल विकास के एक महत्वपूर्ण चरण में आत्म-संदेह पैदा करता है।

झिंगन ने कहा, उम्र में धोखाधड़ी की बात कई सालों से एक बड़ी समस्या बनी हुई है। मेरे बचपन के दिनों में, अंडर-15 और अंडर-17 के दिनों में, हम हमेशा जानते थे कि कोई ऐसा है जो मुझसे बड़ा है, लेकिन



हमारी आयु वर्ग में खेल रहा है। मुझे कई बार लगा कि मैं उतना अच्छा नहीं हूं, क्योंकि वह लड़का मुझसे ज़्यादा मज़बूत, तेज़ और परिपक्व था, लेकिन यह सब सिर्फ़ इसलिए था क्योंकि वह मुझसे बड़ा था।

उन्होंने आगे कहा, उस उम्र में, जब आप इतने युवा होते हैं, तो दो साल का अंतर भी मैदान पर आपके प्रदर्शन की गुणवत्ता के मामले में बहुत बड़ा अंतर पैदा कर देता है। सौभाग्य से, मैंने आगे बढ़ना जारी रखा और खुद पर विश्वास किया। इसे रोकने की ज़रूरत है। यह बहुत दुखद है कि यह अभी भी होता है। यह सिर्फ़ फ़ुटबॉल में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के सभी खेलों में है। मुझे लगता है कि इसे पूरी तरह से रोकने की ज़रूरत है। मुझे वाकई खुशी है कि सभी क्लब और रिलायंस फ़ाउंडेशन इस समस्या को हल करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

12-18 सितंबर 2024 तक आयोजित स्टे योर एज कप 2024 में छह टीमों, यानी आरएफवाईसी, एफसी गोवा, बेंगलुरु एफसी, डेम्पो एससी, एफसी मद्रास और मिजोरम फुटबॉल एसोसिएशन (एमएफए) के खिलाड़ियों को एक कठोर दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें सभी टीमों को एक सुचारू और निष्पक्ष टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी के दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त हुई।

टीमों ने लीग सिस्टम प्रारूप में प्रत्येक में पांच मैचों में प्रतिस्पर्धा की। बुधवार को अंतिम मैच के दिन, रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स ने बेंगलुरु एफसी को हराकर लीग में 100त्न रिकॉर्ड बनाए रखा और इतने ही मैचों में पांच जीत हासिल की और उद्घाटन खिताब जीता। स्टे योर एज कप 2024 के माध्यम से, आरएफवाईसी और उसके सहयोगी न केवल आयु धोखाधड़ी को उजागर कर रहे हैं, बल्कि भारत में युवा फुटबॉल के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं।

# आईएसएल : हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरू को मिलेगा अपने घरेलू मैदान का फायदा

बेंगलुरू, 19 सितंबर (एजेंसियां) ।




बेंगलुरू एफसी अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे मैचवीक के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेगा। ब्लूज ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले 10 आईएसएल मुकाबलों में सिर्फ दो बार जीत हासिल की है, और पहली बार लगातार जीत की तलाश में है। इसके विपरीत, हैदराबाद एफसी पिछले तीन आईएसएल सीजन में अपने शुरुआती मुकाबले हार चुकी है और इस बार हालात बदलने की कोशिश करेगी।

विनीत वेंकटेश के गोल की बदौलत बेंगलुरू एफसी ने अपने पिछले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 1-0 से हराया, लेकिन हेड कोच जेरार्ड जारागोजा का कहना है कि इस किशोरवय खिलाड़ी को अपने खेल के कई पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। बेंगलुरू एफसी के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने कहा, 'उसने (विनीत) पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह बहुत छोटा है। उसके पास गुणवत्ता है, लेकिन उसे अपने शरीर, मूवमेंट्स और खेल को रणनीतिक रूप से समझने के लिए बहुत सुधार करने की जरूरत है। हम उसे और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। वह नर्वस था; क्योंकि कांतीरवा में उसका पहला मैच था, और सुनील छेत्री, राहुल (भेके) जैसे नामी खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। उसे चोट लगी थी, और हमें उम्मीद है कि यह गंभीर नहीं होगी और जल्द ही वह खेलने लायक हो जाएगा।'

हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो आईएसएल 2024-25 को लेकर अभी से लक्ष्य तय नहीं करना चाहते हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं कि टीम कुछ ही मैच में सही दिशा की ओर आगे बढ़ेगी और फिर प्रगतिशील कदम उठाना शुरू करेगी। सिंग्टो ने कहा, 'हम पिछले सीजन को पीछे छोड़ना चाहते हैं। हम पहले से ही लक्ष्य निर्धारित नहीं करना चाहते। हम अच्छी टीम बनाना चाहते हैं, और आगामी दो-तीन मैच अहम होंगे, क्योंकि कुछ विदेशी खिलाड़ी टीम से जुड़ने वाले हैं। एक बार जब वे हमारे साथ जुड़ जाएंगे, वे हम समझने लगेंगे और हम उनको, तब स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि हम कहां पहुंचना चाहते हैं।'

# ईसीएल : बैंगलोर बैशर्स की धमाकेदार जीत, हरियाणवी हंटर्स का अजेय क्रम बरकरार

नई दिल्ली , 19 सितंबर (एजेंसियां) ।

इंटरटेनमेंट क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी-10 टूर्नामेंट के छठे दिन बुधवार को कुछ टीमों के लिए लीग चरण का रोमांचक समापन हुआ,जहां बैंगलोर बैशर्स ने अपने आखिरी मैच में शानदार जीत दर्ज की और हरियाणवी हंटर्स ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा।

### उमंग-अभिषेक का शानदार प्रदर्शन

दिन के पहले मैच में डायनामिक दिल्ली के कप्तान सोनू शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी रही, ओपनर्स राहुल गर्ग और लक्षय सिंह ने 4 ओवरों में 55 रन की साझेदारी की। राहुल गर्ग ने 23 गेंदों पर 63 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन दिल्ली की मिडिल और लोअर ऑर्डर बुरी तरह से ढह गई। 7वें ओवर में 103 पर 3 के स्कोर से, दिल्ली की टीम 123 रनों पर ऑलआउट हो गई, जिसमें बैंगलोर के गेंदबाज शुबहम चौला



और तनुष सेठी ने 3-3 विकेट लिए।

जवाब में, बैंगलोर बैशर्स ने बिना किसी परेशानी के खेला, भले ही उन्होंने जल्दी ही करनजीत सिंह का विकेट गंवा दिया। उमंग सेठी (17 गेंदों पर नाबाद 72) और कप्तान अभिषेक मल्हान (10 गेंदों पर नाबाद 40) के बीच बेहतरीन साझेदारी ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस जोड़ी ने सिर्फ 4.1 ओवर में 124 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। बैशर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत के साथ अपने लीग अभियान का समापन किया।

### कशिश पुंदिर के 5 विकेटों ने हरियाणा हंटर्स को दिलाई एक और जीत!

दूसरे मैच में पंजाब वीर के कप्तान हर्ष बेनीवाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। हालांकि, पंजाब की पारी जल्दी ही बिखर गई। रोहित लाम्बा ने जल्दी विकेट लिया, और कशिश पुंदिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए। पंजाब की पूरी टीम 5.5 ओवर में सिर्फ 71 रन पर ढेर हो गई, जिसमें केवल विशाल चौधरी (5 गेंदों पर 19) और अरशद (4 गेंदों पर 16) ने थोड़ी प्रतिरोध दिखाई।

हरियाणा की पारी की शुरुआत आक्रामक रही, लेकिन कप्तान एल्विश यादव 7 गेंदों पर 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद, केशव चौधरी ने पारी को संभाला और 12 गेंदों पर नाबाद 53 रन बनाए, जिसमें 8 जबरदस्त छक्के शामिल थे। लक्षय कौशिक (3 गेंदों पर नाबाद 4) के साथ मिलकर, केशव ने 3.4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया, जिससे हरियाणवी हंटर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ, एल्विश यादव की अगुवाई वाली हरियाणवी हंटर्स 8 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। उनके बाद लखनऊ लायंस और मुंबई डिसरप्टर्स हैं, दोनों के 6 अंक हैं, लेकिन लखनऊ बेहतर नेट रन रेट के कारण आगे है।

संपादकीय

# ' आपा' की आतिशी पारी

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। अब आम आदमी पार्टी ( आप ) में आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। उन्हें विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना, क्योंकि वह केजरीवाल की पसंद थीं। आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। जैसे ही आतिशी मुख्यमंत्री पद और कैबिनेट के अन्य चेहरे शपथ ग्रहण करेंगे, उसी के साथ दिल्ली में 'आतिशी पारी' का आगाज होगा। भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। सुषमा तो मात्र 52 दिन ही मुख्यमंत्री रहीं, जबकि शीला दीक्षित ने 15 साल 25 दिन तक राजधानी शहर पर शासन किया। आतिशी की ताजपोशी भी अल्पकालिक व्यवस्था है। यदि 'आप' लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में विजयी रही, तो उसके बाद केजरीवाल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्या तब उन पर सर्वोच्च अदालत की शर्तें लागू नहीं होंगी ? क्या नए जनादेश के साथ न्यायिक आदेश के दायरे भी बदल जाते हैं ? बहरहाल आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का समझौता मानसिक तौर पर किया गया है, लिहाजा विधायक दल का नेता चुने जाने के बावजूद आतिशी ने साफ तौर पर बयान दिया है कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है- केजरीवाल। वह मेरे राजनीतिक गुरु और बड़े भाई हैं। हमें पूरी ताकत और एकजुटता से प्रयास करना है कि नया जनादेश भी 'आप' को ही मिले और केजरीवाल एक बार फिर मुख्यमंत्री बन सकें। आतिशी ने यह भी कहा कि वह खुश भी हैं और दुखी भी हैं, क्योंकि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया है। वह दुखी मन से ही सत्ता संभालेंगी। दिल्ली के लोग भी व्यथित हैं और रो रहे हैं कि केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया ?'' राजनीतिक विरोधी और विश्लेषक, बेशक, आतिशी को 'रबर स्टांप', 'रिमोट कंट्रोल' या 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' करार दें, लेकिन वह नाकाबिल नहीं हैं। आतिशी बहुशिक्षित हैं और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उन्होंने दो मास्टर्स डिग्रियां हासिल की हैं। इसके लिए उन्हें अलग-अलग छात्रवृत्ति दी गई। आतिशी सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों की नेता हैं। उन्होंने जल-सत्याग्रह में भी भाग लिया। कई साल अध्यापन का कार्य भी किया। वह अन्ना हजारे के 'भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन और अनशन' की देन हैं। हालांकि राजनीतिक क्षितिज पर आतिशी का उदय बाद में हुआ। यदि उन्हें 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' मान भी लिया जाए, तो ऐसा कौनसा विरला मुख्यमंत्री या मंत्री है, जो आलाकमान की तय लकीर पर न चलता हो ? केजरीवाल 9 साल से अधिक समय तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे हैं, झुग्गियों में आम आदमी के लिए काम किया है और भारत सरकार में आयकर आयुक्त के पद पर काम किया है। यानी सवाल प्रशासन और अनुभव का है। इनके अलावा, केजरीवाल 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक हैं, उनके नाम पर ही वोट मिलते हैं, यदि वह कुछ आग्रह करते हैं या नीतिगत सुझाव देते हैं, तो उन्हें आतिशी कैसे खारिज कर सकेंगी ? हमारे देश में राजनीतिक दलों के भीतर इतना लोकतंत्र नहीं है कि आलाकमान की परवाह न की जाए। आलाकमान किसी भी मुख्यमंत्री या मंत्री की 'कुर्सी' छीन भी सकता है। बहरहाल आतिशी ऐसी नेता बन गई हैं, जो सिर्फ 12 साल की राजनीति में ही साधारण कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री बन रही हैं। उन्होंने मंत्री रहते हुए 13 विभागों की जिम्मेदारी संभाली है, लिहाजा प्रशासन का अनुभव पर्याप्त होना चाहिए। हालांकि वह पहली बार विधायक चुनी गई थीं और अब दूसरा चुनाव लड़ेंगी। आतिशी प्रत्येक स्तर पर केजरीवाल, पार्टी और सरकार के प्रति निष्ठावान रही हैं। केजरीवाल और अन्य नेताओं ने जांचा-परखा होगा ! शराब घोटाले के मद्देनजर और बड़े नेताओं को जेल भेजने के खिलाफ भाजपा और केंद्र सरकार की वह मुखर विरोधी रही हैं। बहरहाल अब उन्हें चुनौतीपूर्ण दायित्व दिया गया है। सबसे पहली चुनौती चुनाव और महिला सम्मान राशि के तौर पर 1000 रुपए प्रति महिला की योजना को लागू करना है। इसके अलावा, कुछ और योजनाएं भी महत्वपूर्ण हैं, जो केजरीवाल के जेल जाने के कारण लटकी-अटकी पड़ी हैं।

> आम आदमी पार्टी ( आप ) में आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। उन्हें विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना, क्योंकि वह केजरीवाल की पसंद थीं। आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। जैसे ही आतिशी मुख्यमंत्री पद और कैबिनेट के अन्य चेहरे शपथ ग्रहण करेंगे, उसी के साथ दिल्ली में 'आतिशी पारी' का आगाज होगा। भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। सुषमा तो मात्र 52 दिन ही मुख्यमंत्री रहीं, जबकि शीला दीक्षित ने 15 साल 25 दिन तक राजधानी शहर पर शासन किया। आतिशी की ताजपोशी भी अल्पकालिक व्यवस्था है। यदि 'आप' लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में विजयी रही, तो उसके बाद केजरीवाल ही मुख्यमंत्री बनेंगे।

## स्वास्थ्य को सुकून प्रदान करते हैं और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां आकर आनंदित होते हैं

# प्रवासियों के अनियंत्रित आगमन पर रोक लगे

अनुज आचार्य

> देवी-देवताओं की निवास स्थली देवभूमि हिमाचल इधर बीते 40 सालों से भारत के अन्य राज्यों से आकर काम-धंधों के लिए प्रवास कर रहे प्रवासियों, मुस्लिम समुदाय की बढ़ती आबादी, रेहड़ी-फड़ी वालों, फेरी वालों, नकली बाबाओं, सोना चमकाने वालों, पॉवर ऑफ अटॉर्नी से जमीनें लेकर स्थायी निवासी के रूप में रह रहे प्रवासियों के कारण स्थानीय हिमाचलियों के लिए संकट का सबब बनती जा रही है।

**हिमाचल** की आबोहवा एवं प्राकृतिक नजारे सेहत एवं स्वास्थ्य को सुकून प्रदान करते हैं और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां आकर आनंदित होते हैं। लेकिन देवी-देवताओं की निवास स्थली देवभूमि हिमाचल इधर बीते 40 सालों से भारत के अन्य राज्यों से आकर काम-धंधों के लिए प्रवास कर रहे प्रवासियों, मुस्लिम समुदाय की बढ़ती आबादी, रेहड़ी-फड़ी वालों, फेरी वालों, नकली बाबाओं, सोना चमकाने वालों, पॉवर ऑफ अटॉर्नी से जमीनें लेकर स्थायी निवासी के रूप में रह रहे प्रवासियों के कारण स्थानीय हिमाचलियों के लिए संकट का सबब बनती जा रही है और इस वजह से न केवल यहां की डेमोग्राफी अर्थात जनसांख्यिकी में बदलाव आ चुका है, बल्कि यहां की संस्कृति और देव परम्परा के लिए कई तरह की समस्याएं स्थानीय हिमाचली लोगों के समक्ष उभरकर सामने आना शुरू हो चुकी हैं और जिसके कारण आने वाले समय में संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। दूसरे, हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अब ज्यादा आबादी का बोझ उठाने और बढ़ती प्रवासियों की भीड़ को समायोजित करने में भी असमर्थ हैं। हाल ही में पालमपुर के भवारना में रह रहे बाहरी राज्य के मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर एक जमीन की रजिस्ट्री होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह रजिस्ट्री फर्जी कृषि प्रमाणपत्र के आधार पर हुई है। मामला सामने आते ही एसडीएम पालमपुर ने इस मामले की जांच करवाने की बात कही है। इसी तरह दूसरा मसला हिमाचल प्रदेश में शिमला के संजौली और मंडी शहर में अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर गरमाया हुआ है, जिसको लेकर कुछ हिंदू संगठनों ने 11 और 13 सितंबर को शिमला और मंडी शहरों में बड़ा प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश में अब मुस्लिम कट्टरपंथी बढ़ते जा रहे हैं, रोहिंग्याओं का मसला अलग है। एक सूचना के अनुसार हिमाचल में मस्जिदों की संख्या 500 से ज्यादा हो चुकी है, जबकि राज्य सरकार के पास इनका सरकारी आंकड़ा 393 का है। आज की तारीख में हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों के प्रवासियों की संख्या



लाखों में पहुंच चुकी है। हिमाचल का कोई भी गांव/कस्बा ऐसा नहीं बचा है जहां स्थानीय लोगों से ज्यादा संख्या बाहर से आए लोगों की न हो। गृह निर्माण के अतिरिक्त इन्होंने अब दूसरे काम-धंधों में भी हाथ आजमाना शुरू कर दिए हैं जिससे स्थानीय युवाओं के समक्ष स्वरोजगार का संकट गहराने लगा है और कई जगहों से इन प्रवासियों की स्थानीय लोगों के साथ झड़पों एवं मारपीट की खबरें भी सोशल मीडिया में पढने-देखने को मिलती रहती हैं। इन हालात में सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रदेश के पुलिस थानों में इन प्रवासियों का सही तरीके से पंजीकरण नहीं किया जा रहा है। जहां पंजीकरण किया भी जा रहा है, वहां भी ऐसा लगता है कि उनके दस्तावेजों की उनके संबंधित राज्यों के पुलिस थानों से पूरी तरह से वेरिफिकेशन नहीं करवाई जा रही है। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि इन प्रवासियों में से एक समान रूप से बड़ी संख्या के आधार कार्ड पर जन्मतिथि पहली जनवरी ही अंकित है। प्रवासियों के संदर्भ में मंडी से बुद्धिजीवी, लेखक एवं सतत विकास चिंतक प्रवीण शर्मा का उनके फेसबुक वॉल पर आया यह सुझाव भी काबिलेगौर है कि हिमाचल में काम-धंधों की तलाश में आने वाले प्रवासियों से अनिवार्यतः उनका चरित्र प्रमाणपत्र उसके संबंधित राज्य के थाने से उसकी किसी भी आपराधिक गतिविधियों ( पूर्व या वर्तमान ) में संलिप्त न होने की रिपोर्ट ली जाए। दूसरे, उनसे प्रदेश में जो व्यक्ति उन्हें किराये पर मकान दे रहा है उससे अदालत/नोटरी पब्लिक के माध्यम से यह शपथ पत्र जरूर लिया जाए कि उस प्रवासी के किसी भी मामले मे संलिप्त होने पर पूर्णतया जिम्मेदारी मकान मालिक की ही होगी और तीसरे, मकान मालिकों से यह शपथ पत्र भी अवश्य लिया जाए कि प्रवासी हिमाचल में आने पर रेहड़ी-फड़ी या तहबाजारी जैसे कार्य नहीं करेंगे। ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों को कानूनन यह भी अधिकार दिया जाना चाहिए कि वे प्रवासी किरायेदारों से अथवा उनके मकान मालिक से अतिरिक्त गृहकर वसूलें। यह तीनों दस्तावेज संबंधित थाने में जमा होने पर ही उन्हें ग्राम पंचायत/नगर निकायों से रोजगार के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलना चाहिए और इसका उल्लंघन होने पर जवाबदेही थाना अधिकारी, प्रधान या फिर नगर निकाय प्रमुख की सुनिश्चित की जानी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में प्रवासियों की बढ़ती संख्या के अलावा इनके द्वारा गुटका खैनी का प्रचलन एवं स्थानीय युवकों में नशीले पदार्थों के उपभोग से सामाजिक परेशानियां अलग से बढ़ रही हैं। लोग पुलिस को सूचित भी करें तो कैसे करें क्योंकि फिर लोगों की सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा ? थानों में 30 साल पहले के हिसाब से पुलिस कर्मियों की तैनाती है जिसे बढ़ाने की कभी कोई सरकार कोशिश ही नहीं करती है। पुलिस थानों में न तो पर्याप्त कर्मचारी हैं और न ही वाहन। शिमला प्रकरण से उपजे हालात के मद्देनजर मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया जाए कि वे प्रदेश की स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी पर विचार करने के लिए एक संयुक्त समिति का गठन करें। हिमाचल सरकार को प्रदेश में प्रवासियों के अनियंत्रित आगमन पर रोक लगाने के कानूनी प्रावधान करने चाहिए। मुख्यमंत्री के अनुसार हिमाचल प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन उन्हें यह भी ध्यान रखना होगा कि दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी भारतीयों से हिमाचली नागरिकों के रोजगार एवं सुरक्षा संबंधी सरोकारों और लक्ष्यों पर उनकी सरकार कैसे खरा उतरेगी।

दृश्टि कोण

# राज्य व राज्यपाल में विवेकपूर्ण संतुलन जरूरी

**शेक्सपियर** का एक चर्चित नाटक है मैक्बेथ। स्कॉटलैंड के राजा के दो जनरल उसके खिलाफ हैं। लेडी मैक्बेथ इनमें से एक की पत्नी है। ये लोग मिलकर राजा की हत्या का षड्यंत्र रचते हैं, पर मैक्बेथ हत्या के लिए साहस नहीं जुटा पा रहा। पत्नी उसकी मर्दानगी को चुनौती देती है, उसे कायर, नामर्द और न जाने क्या-क्या कहती है और अंततः मैक्बेथ अपने आप को प्रमाणित करने के लिए राजा की हत्या के लिए तैयार हो जाता है। लेकिन लेडी मैक्बेथ की आत्मा उसे धिक्कारती है और वह आत्महत्या कर लेती है। हाल ही में यह लेडी मैक्बेथ अचानक भारत के मीडिया में चर्चा का विषय बन गयी थी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने राज्य की मुख्यमंत्री की तुलना लेडी मैक्बेथ से की है। यह तो नहीं पता कि ऐसी तुलना करके वह क्या बताना-जताना चाहते थे, पर सवाल उठ रहे हैं कि कोई राज्यपाल इस तरह की बात कैसे कह सकता है। राज्यपाल और राज्य-सरकार के रिश्तों की खटास किसी से छिपी नहीं है। समय-समय पर सी.वी. आनंद बोस अपने राज्य की मुख्यमंत्री की आलोचना करते रहे हैं। अब एक युवा डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में ममता बनर्जी की सरकार कटघरे में है। यह सही है कि ममता के विरोधी इस स्थिति का राजनीतिक लाभ उठाना चाह रहे हैं, पर सही यह भी है कि इस निंदनीय प्रकरण में ममता बनर्जी बचाव की मुद्रा में हैं– विरोधी दल तो राज्य सरकार की आलोचना कर ही रहे हैं, राज्यपाल भी खुलकर पश्चिम बंगाल की सरकार की आलोचना में लगे हैं। उनका कहना है कि राज्य की सरकार अपना कर्तव्य निभाने में असफल रही है 'और राज्य की जनता की भावनाओं को नहीं समझ रही।' यहां तक तो बात फिर भी समझ में आती है, पर जब राज्यपाल यह कहते हैं कि 'ममता बनर्जी लेडी मैक्बेथ हैं और उनके साथ कोई मंच साझा नहीं करूंगा' तो मामला गंभीर बन जाता है। राज्यपाल ने अपने इस कदम को राज्य की जनता की भावनाओं के साथ खड़े होना बताया और कहा कि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 'सामाजिक बहिष्कार' करेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी प्रतिबद्धता राज्य की जनता और आर.जी. कर अस्पताल की 'डॉ. अभया' के परिवार के प्रति है और वे विरोध प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहना ज़रूरी समझा कि उनकी प्रतिबद्धता भारत के संविधान के प्रति है। पता नहीं राज्य के मुख्यमंत्री की तुलना लेडी मैक्बेथ से करके और राज्य सरकार को अपने कर्तव्य-पालन में असफल सिद्ध होना बताकर वे किस ओर इशारा कर रहे हैं। हमारे संविधान में राज्यपाल के पद की व्यवस्था करके संविधान-निर्माताओं ने एक तरह से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक सेतु बनाया था। अपेक्षा की जाती है कि राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि की तरह काम करेंगे और राज्य की स्थिति के बारे में केंद्र को अवगत भी कराते रहेंगे। राज्यपालों की व्यवस्था करते हुए यह अपेक्षा भी की गयी थी कि राज्यपाल राज्य सरकार के परामर्शदाता भी होंगे। इसके साथ ही यह भी मान कर चला गया था कि इस पद पर सुयोग्य और रोज़मर्रा की दलगत राजनीति से पृथक रहने वाले व्यक्तियों को नियुक्त किया जायेगा। पिछले 75 सालों का अनुभव यह बताता है कि राज्यपालों की नियुक्ति में केंद्र में सत्तारूढ़ दल के हितों को ही देखा जाता है। अक्सर ऐसे लोगों को इस पद पर बिठाया गया है जो या तो उम्रदराज हो गये थे या जिन्हें केंद्र में सत्तारूढ़ पक्ष ने अपने हितों के लिये उचित समझा है। आज़ादी पाने के कुछ साल बाद तक तो परंपरा यह भी थी कि राज्यपाल की नियुक्ति के समय संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श भी कर लिया जाता था। तब राज्य सरकार और राज्यपाल में टकराव की स्थितियां भी कम आती थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारें बनने के बाद स्थिति बदल गयी। राज्यों में राज्यपाल को केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में देखा जाने लगा और दुर्भाग्य से कुछ राज्यपालों का व्यवहार भी यह बताने लगा कि वे केंद्र सरकार के हितों को अधिक महत्व दे रहे हैं। कुछ राज्यपालों पर केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने के आरोप भी लगे। कई बार ऐसी स्थितियां बन गयीं कि यह सवाल भी उठा कि राज्यपाल की आवश्यकता ही क्या है ? निश्चित रूप से यह अच्छी स्थिति नहीं है। अब तो अक्सर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं कि राज्यपाल के कुछ करने, या कुछ न करने का परिणाम राज्यों की जनता को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे उदाहरण भी हैं जिनमें राज्य सरकारों द्वारा स्वीकृति के लिए भेजे गये विधेयकों या अन्य मामलों में राज्यपाल के कुछ न करने से काम रुका रह जाता है। बहरहाल, यह सब बातें अपनी जगह हैं, लेकिन देश को इस बारे में तो सोचना ही चाहिए कि राज्यपालों और राज्य सरकारों के बीच तनाव क्यों उत्पन्न हो और कैसे इस तनाव को कम किया जा सकता है, रोका जा सकता है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल जैसे सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों से एक आदर्श व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। किसी मुद्दे पर मतभेद होने का मतलब किसी प्रकार की शत्रुता नहीं माना जाना चाहिए। आज पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, वह निश्चित रूप से चिंता का विषय है किसी भी राज्य में ऐसी स्थितियों का बनना अपने आप में दुखद घटनाक्रम का विषय भी है।

कुछ अलग

# नए युग बोध की कसौटी

**आजकल** सच अन्धों का हाथी हो गया है, साहिब। अन्धों ने हाथी के जिस हिस्से को हाथ लगा लिए, वही वह असली हाथी बता जनसाधारण को आश्वस्त कर रहे हैं। किसी के लिए हाथी मात्र एक सूंड है, किसी के लिए भारी भरकम पुष्ट भाग और कोई उसकी टांग छू मात्र उसे पुष्ट स्तम्भ बता रहा है। जनाब, यही हाल देश के प्रजातन्त्र का हो गया है। उसके अलम्बरदार अपने-अपने हिस्से का खण्डित सत्य उछालते हुए एक-दूसरे पर हावी होने की चेष्टा करते रहे हैं और दूसरे को प्रजातन्त्र में प्राप्त अधिकारों के हनन का अपराधी बताते हैं। चुनावों में बाकायदा लोकमत जानने के बाद चुनी हुई सरकार को भी अपनी पूरी अवधि जीने का हक नहीं मिलता। अगर वह अपने सत्ता लोभी स्वनाम-धन्य नेताओं को कुर्सी लोभ से परे नहीं रख पाती। दिन-रात होता है तमाशा मिरे आगे के अन्दाज में जनप्रतिनिधि बिकते हैं, पांसा बदल जाते हैं, अच्छा खासा बहुमत अल्पमत में बदल जाता है। यहां हांका और नीलामी सरेआम होती है, लेकिन जननायक इसे परिवर्तन, बदलाव और क्रांति का नाम देते हैं। अब तो जनता के हितों की सुरक्षा के चलन्त सूत्र वाक्यों का इस्तेमाल भी नहीं होता, बल्कि यही कहा जाता है कि उनके पक्ष की उपेक्षा हो रही थी। इसलिए सत्ता की बाजी पलट दी। यहां क्रांतिवीर के तगमें आसानी से बंट जाते हैं। सत्तारूढ़ नेता ने कुर्सी बचा ली तो वह जनता के हितों का रक्षक सही नेता है। अगर न बचा सका और कुर्सी पर कब्जा बागियों का हो गया तो अब बागी ही परिवर्तन के ध्वजवाहक और जनता के हित रक्षक हैं। आम आदमी तो यह भी नहीं कह सकता कि सत्ता का खेल देखते हुए उसे पौन सदी हो गई। कैसे कह दें कि यह जो पब्लिक है, वह सब जानती है। लेकिन केवल जानने से क्या होता है। जो उनकी आवाज बनने का दम भरते थे, वे तो बिकाऊ हो गए। अपने बिकने को वे परिवर्तन युग का नाम दे सकते हैं। जब तक बिकने की यह प्रक्रिया पूरी न हो जाए, उसे तूफान के आने से पहले की शांति भी तो कहते रहिए। देखो, परिवर्तन का बिगुल बज गया। होने वाले परिवर्तन की धमक पंचतारा होटलों के अभिजात प्रतीक्षा गृहों में अटकी है। जब तक जोर आजमाइश नहीं हो जाती, यह वहीं अटकी रहेगी। चाहे कई सप्ताह न लग जाएं। इस प्रतीक्षा के भारी भरकम बिल कौन अदा करेगा ? स्पष्ट है वही खाली खजाना। इसमें बेकारों की कार्य योजनाओं, भूखों का पेट भरने, टूटती सडक़ों की मरम्मत या महामारी से सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए पैसा नहीं रहता, लेकिन अपने जनप्रतिनिधियों को आरक्षित रखने के लिए पैसा है। नादान लोग सवाल पूछ सकते हैं कि भाई जान जब-जब सत्ता बदलने का यह हांका होता है, यह जनप्रतिनिधि हर नजदीक के इन पंचतारा आश्रय स्थलों में आरक्षित क्यों कर दिए जाते हैं ? क्या वे कोई शिकार हैं कि दूसरा कोई उन्हें खदेड़ कर अपनी मचान तक ले जाएगा ? क्या इन लोगों का अपना मन, अपनी सोच या अपना कोई चिन्तन नहीं ? जिस ओर सत्ता का पलड़ा भारी हुआ, उसी ओर सबका झुकाव क्यों हो जाता है ? राजनीति के आखेट के ये ऐसे प्रश्न हैं कि जिनका कभी कोई उत्तर नहीं मिलता। सरेआम सत्ता की बाजियां पलट जाती हैं। लोकमत ने जिस प्रकार के शासन का निर्णय दिया था, वह भुला दिया जाता है। पांसा जिसे मौके के खुदा के हक में बैठे, उसे ही समय का सच और नया युग बोध कह दिया जाता है। युग बोध के ये पैमाने अवसर और अफसर की सुविधानुसार बदल जाते हैं। एक समय के मसीहा या उसके भोंपू के समक्ष लोगों की भूख, नौकरी और जरूरत सर्वोपरि होती है, तब इनके लिए जो परिवर्तन की मशाल लेकर चले, वही सच्चा राष्ट्रनायक है।

देश दुनिया से

# इच्छा भी है वासना

> हम पैदा होते हैं, पढ़-लिख कर या कोई हुनर सीखकर रोजगार में लग जाते हैं, शादी होती है, बच्चे होते हैं, बच्चों को पढ़ा-लिखा कर शादी करते हैं, सैटल करते हैं, खुद बूढ़े हो जाते हैं और यमराज का बुलावा आने पर दुनिया से विदा हो जाते हैं। फिर जो हमने किया, वही हमारे बच्चे भी करते हैं। इस संसार में अपने जीवन के दौरान हमेशा किसी न किसी इच्छा की पूर्ति में लगे रहते हैं। कभी इम्तिहान में अच्छे नंबर, कभी अच्छी नौकरी, कभी अच्छा जीवनसाथी, कभी बड़ी कार, कभी बड़ा घर, कभी बच्चे का अच्छे स्कूल या कालेज में दाखिला, कभी बच्चों के बच्चे। यह क्रम यूं ही चलता रहता है। हम इच्छाओं से मुक्त नहीं होते, मुक्त नहीं हो पाते। मरते दम तक हमें लगता है कि अभी भी कुछ अधूरा है, अभी भी कुछ और बाकी है, अभी भी कुछ और मिल जाए। वासना तो वासना है ही, शारीरिक मिलन तो वासना है ही, ये इच्छाएं भी वासना का ही रूप हैं, इच्छाएं भी वासना ही हैं।

**यह** एक शाश्वत क्रम है, एक युनिवर्सल साइकल है। हम पैदा होते हैं, पढ़-लिख कर या कोई हुनर सीखकर रोजगार में लग जाते हैं, शादी होती है, बच्चे होते हैं, बच्चों को पढ़ा-लिखा कर शादी करते हैं, सैटल करते हैं, खुद बूढ़े हो जाते हैं और यमराज का बुलावा आने पर दुनिया से विदा हो जाते हैं। फिर जो हमने किया, वही हमारे बच्चे भी करते हैं। इस संसार में अपने जीवन के दौरान हमेशा किसी न किसी इच्छा की पूर्ति में लगे रहते हैं। कभी इम्तिहान में अच्छे नंबर, कभी अच्छी नौकरी, कभी अच्छा जीवनसाथी, कभी बड़ी कार, कभी बड़ा घर, कभी बच्चे का अच्छे स्कूल या कालेज में दाखिला, कभी बच्चों के बच्चे। यह क्रम यूं ही चलता रहता है। हम इच्छाओं से मुक्त नहीं होते, मुक्त नहीं हो पाते। मरते दम तक हमें लगता है कि अभी भी कुछ अधूरा है, अभी भी कुछ और बाकी है, अभी भी कुछ और मिल जाए। वासना तो वासना है ही, शारीरिक मिलन तो वासना है ही, ये इच्छाएं भी वासना का ही रूप हैं, इच्छाएं भी वासना ही हैं। हम इच्छाएं नहीं छोड़ते, पर कुछ लोग जिन्हें यह भ्रम होता है कि उन्होंने इच्छाएं छोड़ दीं, वो योगी हो गए, उनमें से भी बहुत से लोग इच्छाओं से मुक्त नहीं हैं, क्योंकि उन्हें मोक्ष पाने की इच्छा है। यह समझना आवश्यक है कि इच्छा तो इच्छा ही है, कुछ पाने की ललक वासना ही है, चाहे वह सांसारिक आवश्यकताओं की पूर्ति की इच्छा हो या फिर मोक्ष पाने की इच्छा। चिंता, तनाव, ईर्ष्या, दुख आदि के स्रोत को समझने के लिए हमें अपनी इच्छाओं के मनोविज्ञान को समझना होगा। इच्छा होती है, हम उसके बारे में सोचते हैं, बार-बार सोचते हैं, विचार घनीभूत होता है तो हमारे शब्दों में उतर आता है, शब्द बार-बार दोहराये जाते हैं तो वे हमारे व्यवहार में उतर आते हैं, व्यवहार स्थायी हो जाए तो हम वैसे ही काम करने लगते हैं, काम दोहराया जाए तो आदत बन जाता है, आदत आखिरकार हमारी किस्मत बन जाती है, भाग्य बन जाती है। जब हमें किसी चीज की इच्छा होती है तो हम उसे पाने के लिए कोशिश शुरू कर देते हैं। कोशिशों में हम कई बार सफल होते हैं और कई बार असफल भी। असफलता हाथ लगे और स्वयं पर नियंत्रण न हो तो हमें चिंता होने लगती है, इससे तनाव बढ़ता है, हम दूसरों के साथ अपनी तुलना करने लगते हैं, इससे जलन होती है, ईर्ष्या बढ़ती है जो हमारे दुख का कारण बनती है। हम अपने आसपास देखें या पूरी दुनिया की ओर गौर करें, तो हम पाएंगे कि वो लोग जो बहुत अमीर हैं, वो भी लगातार काम में लगे हैं, भागदौड़ में लगे हैं और ज्यादा से ज्यादा धन इक_I करने की कोशिश में जुट हैं। दुनिया के पांच सबसे अमीर व्यक्तियों में शामिल बर्नार्ड अर्नाल्ट, एलोन मस्क, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग, लैरी पेज आज भी और, और, और की दौड़ से बाहर नहीं हो सके हैं। हो सकता है कि इनमें से कुछ का इस दुनिया के बहुत से लोगों ने कभी नाम भी न सुना हो। हमारे ही अपने देश में अडानी, अंबानी के नाम की बहुत चर्चा होती है और हम जानते ही हैं कि इस अपार संपदा और वैभव के बावजूद इनकी इच्छाएं खत्म नहीं हुईं। इसके विपरीत जब हम परमात्मा को समर्पण कर दें, जब हम हर कार्य परमात्मा के निमित्त करें, जब हमें किसी भी कार्य के फल से आसक्ति न हो, जब हमें निंदा या प्रशंसा की इच्छा न हो, तभी हम मुक्त हुए। निंदा मिले तो भी खुश, प्रशंसा मिले तो भी खुश। न निंदा का डर, न प्रशंसा की चाह। अब्दुल रहीम खानखाना ने भी यही कहा है- 'चाह गई, चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछु न चाहिए, वे साहन के साह।' रहीम जी कहते हैं कि जिस व्यक्ति को किसी चीज को पाने की लालसा नहीं है, उसे किसी तरह की चिंता नहीं हो सकती, वह चिंताओं से ऊपर उठ जाता है और उसके मन में अजब सी बेपरवाही आ जाती है, ऐसा व्यक्ति तो राजाओं का भी राजा है। दरअसल ऐसा ही व्यक्ति मुक्त है, ऐसा ही व्यक्ति मोक्ष का अधिकारी है। 'सहज संन्यास मिशन' हमें हमेशा 'ऐटीट्यूड ऑव ग्रैटीट्यूड', यानी हमेशा शुक्रगुजार होने की सीख देता है। निष्काम कर्म का नजरिया शुक्रगुजार रहने का सबसे बढिया तरीका है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने निष्काम कर्म की महत्ता पर जोर देते हुए कहा है कि हम साक्षी भाव से अपना फर्ज निभाते चलें। निष्काम कर्म की साधना बहुत आसान है। मैं जब वस्त्र पहनूं तो ये समझूं कि परमात्मा को वस्त्र पहना रहा हूं और भोजन करते वक्त मैं यह समझूं कि यह भोजन परमात्मा को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जा रहा है। सहज संन्यास मिशन में हम सीखते हैं कि हमारा शरीर ही मंदिर है, हमारा कर्तव्य ही पूजा है। मैं जो कुछ करूं, वह परमात्मा को अर्पण करके करूं। दिन भर काम करते हुए हम इधर-उधर जाते हैं, वही परमात्मा की परिक्रमा है, मेरा हर काम परमात्मा की पूजा है। मैं ही परमात्मा हूं, और इस जगत का हर जीव-जंतु परमात्मा का ही अंश है। अब जब हर कोई परमात्मा का अंश है और मेरा हर काम परमात्मा की पूजा है तो मैं झूठ कैसे बोल सकता हूं, किसी को धोखा कैसे दे सकता हूं, फरेब कैसे कर सकता हूं ? यही निष्काम कर्म है, यही सहज संन्यास है। वस्तुतः निष्काम कर्म ही सहज संन्यास है। सहज संन्यास की खासियत ही यही है कि इसके लिए हमें अपना धर्म बदलने की आवश्यकता नहीं है।

आप का नजरिया

# आर्थिक गुनाहों की मंडी

**लेन-देन** की सियासत ने बजट के कई पिंजरे बना दिए और अब हकीकत यह कि आर्थिक कमजोरियों की जंजीरें चलने से रोक रही हैं। हिमाचल आर्थिक गुनाहों की मंडी बन गया और हमें मालूम ही नहीं कि वहां हम सभी बिक रहे हैं। हम बिके, इसलिए प्रदेश कर्जदार है। आंकड़ों में प्रदेश, राजनीतिक आवेश और केंद्र का संदेश, आजकल हिमाचल की रूह से सौदेबाजी कर रहे हैं। डोडा की चुनावी जनसभा में देश के प्रधानमंत्री, हिमाचल के वित्तीय हालात को कांग्रेस का असफल मॉडल बता रहे हैं, तो जवाब में संघीय ढांचे पर आक्षेप शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्र से हिमाचल को 23 हजार करोड़ चाहिएं और यह हिमाचल का न्यायिक हक है। पिछले साल की प्राकृतिक आपदा के आज भी अगर वित्तीय घाव सता रहे हैं, तो 9300 करोड़ की मोटी रकम का फासला दर्द का बयां है। हिमाचल सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू तो कर दिया, लेकिन एनपीएस के 9300 करोड़ केंद्र में विश्रांति कर रहे हैं। जाहिर है यह राशि ओपीएस की गारंटी को अपने संदूक में भर सकती है। राज्य सरकार बीबीएमबी के 4500 करोड़ की लेनदारी के लिए भी केंद्र से मुखातिब है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सदैव आफत भरी रहती है और केंद्र के सहारे चलते हुए हिमाचल ने प्रगति के तमाम कसीदे काढ़े हैं। प्रदेश की सियासी क्षमता सरकारी कर्मचारियों को अपना आश्रयस्थल, जबकि केंद्र को प्रश्रय स्थल बना चुकी है। हमारे वित्तीय स्रोत केंद्र के रहमोकर्म पर निर्भर करते हैं और अगर ऐसे में केंद्र और राज्य के सियासी समीकरण आपसी बंधुत्व के भाव में मिल जाएं, तो वक्त गुजर जाता है, वरना टकराव के जिस मोड़ पर सुक्खू सरकार को खड़ा होना पड़ रहा है, वहां सियासत के हथौड़े सतर्क हैं। हिमाचल पहली बार इस तरह के आर्थिक संकट में रेखांकित हो रहा है, जो पहले राष्ट्रीय दृष्टिकोण में बचाव कर लेता था। विडंबना यह है कि छोटे से पहाड़ी राज्य का चीरहरण हो रहा है, कभी अनावश्यक गारंटियों के बोझ से, तो कभी सत्ता की मंजूषा के लिए। आर्थिक संतुलन निरंतर बिगड़ा है, कभी मिशन रिपीट के नाम पर, तो कभी राज दरबार की अदा में। असंतुलन यह भी रहा कि हमारी सियासत सूबेदार पैदा करती रही। सत्ता में राजनीतिक भोज, व्यक्ति केंद्रित सरकारों का ओज और अदला-बदली के फरमान में गलत धारणा का अनुसरण करते-करते यह राज्य शासक को महाराजा बनाता रहा। व्यक्ति पूजा के अवसाद से ग्रसित व्यवस्था ने सरकारों की आलोचना, विपक्ष की भूमिका और समाज की दृष्टि क्षीण कर दी, नतीजतन लाभार्थियों की एक ऐसी कौम खोजी गई, जो चुनाव के वक्त वफादारी निभाए। हिमाचल देश का ऐसा पहला राज्य बना जिसने अपने आर्थिक अस्तित्व की कीमत पर सबसे अहम लाभार्थी बनाने के लिए सरकारी कर्मचारी और सरकारी रोजगार को चुना और हर बार इन्हीं पर चुनावी जुआ खेला। इसी के साथ घोषणाओं के मंच को सजाया तो प्रदेश को अनावश्यक-अनुपयोगी ढांचे में फंसाया।

# स्टार्टअप के साथ मिलकर फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने की हो रही कोशिश : पासवान



नई नई दिल्ली,19 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पासवान ने कहा, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 मेगा फूड इवेंट के माध्यम से हम कोशिश कर रहे हैं कि न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और स्टार्टअप के साथ मिलकर हम फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बना सकें।

केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा, 2017 में जब हमने पहला वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन किया था, तब हमारा उद्देश्य प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को ग्लोबली प्रमोट करना था। इस सोच के साथ हमने 2017 में इसकी शुरुआत की। लेकिन गुरुवार को जब हम इसका तीसरा एडिशन लेकर आए हैं, हमारा लक्ष्य है कि प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े सभी साथियों को आसान व्यापार अवसर मिले और हम उनके साथ सहयोग कर सकें। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के उद्घाटन पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता को पहचानना एक सराहनीय पहल है। जोशी ने प्रसंस्करण उत्पाद की गुणवत्ता और ब्रांडिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में देश खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। नई दिल्ली में आयोजित चार दिवसीय ये मेगा फूड इवेंट 19 से 22 सितंबर तक चलेगा।

**कहा-खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सशक्त बनाने में निभा रहा अहम भूमिका**

## न्यूज ब्रीफ

### साल का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगी सार्वजनिक बिजली कंपनी एनटीपीसी




मुंबई। सार्वजनिक बिजली कंपनी एनटीपीसी इस साल का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसने सेबी के पास ड्राफ्ट दाखिल कर लिया है। कंपनी का कहना है कि उसकी सब्सिडियरी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ में केवल नए शेयर जारी किए जाएंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के आईपीओ में केवल नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस कंपनी के ग्रीन एनर्जी पोर्टफोलियो में छह से अधिक राज्यों में मौजूदगी के साथ सौर और पवन ऊर्जा एसेट्स शामिल हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की परिचालन क्षमता 31 अगस्त तक 4,071 मेगावॉट थी। इसमें 3,071 मेगावॉट सोलर और 100 मेगावॉट विंड प्रोजेक्ट शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि इस आईपीओ से होने वाली इनकम में से 7,500 करोड़ का उपयोग एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी का कर्ज कम करने और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### पूर्वा ग्रीन पावर ने इकोरेन एनर्जी इंडिया के साथ किया समझौता



नई दिल्ली। सीईएससी की शाखा पूर्वा ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड ने 686.85 मेगावाट तक की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए इकोरेन एनर्जी इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सीईएससी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इकोरेन एनर्जी इंडिया न तो संबंधित पक्ष है और न ही इसके प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह का हिस्सा है। कंपनी सूचना के अनुसार उसकी अनुषंगी कंपनी पूर्वा ग्रीन पावर ने 686.85 मेगावाट तक की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए इकोरेन एनर्जी इंडिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि परियोजना तीन वर्षों के भीतर पूरी हो जाएगी। हालांकि इसके लिए विभिन्न प्राधिकरणों से संबंधित लाइसेंस, परमिट और अनुमोदन मिलना जरूरी है।

### रात 10 बजे के बाद बदल जाएगा टीनएजर्स का इंस्टाग्राम अकाउंट!



नई दिल्ली। दुनियाभर में करोड़ों लोग इंस्टाग्राम का उपयोग करते हैं। वाटसएप की तरह इंस्टाग्राम भी अपने यूजर्स को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयास करता रहता है और नए-नए फीचर अपडेट करता है लेकिन आज के समय में छोटे बच्चे से लेकर बड़ों तक सभी इसे यूज करते हैं। इससे कई क्राइम भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में इंस्टाग्राम ने टीनएजर्स की सुरक्षा देखते हुए नया ऐलान किया है। अब उन्हें इंस्टाग्राम टीन एकाउंट मिलेगा। इंस्टाग्राम टीन एकाउंट में यूजर्स की प्राइवेसी और सेफ्टी का काफी ध्यान रखा गया है।

### देश में जस्ता की खपत अगले 10 वर्षों में 20 लाख टन बढ़ने का अनुमान

उदयपुर। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ (आईजेडए) ने गुरुवार को कहा कि भारत की जस्ता की खपत अगले 10 वर्षों में मौजूदा 11 लाख टन से बढ़कर 20 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। हाल ही में जिंक कॉलेज 2024 कार्यक्रम के दौरान आईजेडए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत में जस्ता की खपत व मांग 11 लाख टन है, जो भारत में वर्तमान उत्पादन से अधिक है। अगले 10 वर्षों में इसके 20 लाख टन से अधिक पहुंचने की संभावना है। यह एक अनुमान है। जिंक कॉलेज का आयोजन हर दो साल में अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ (आईजेडए) द्वारा सदस्य कंपनी के साथ साझेदारी में किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक उत्पादन के मामले में वैश्विक जस्ता बाजार करीब 1.35 करोड़ टन प्रति वर्ष है। एक बड़ा अंतर यह है कि अगर जस्ता के प्रति व्यक्ति उपयोग की बात करें तो वैश्विक औसत पर यह भारत में होने वाले उपयोग से करीब चार से पांच गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए जस्ता के उपयोग को बढ़ाने की जरूरत है। वैश्विक स्वचालन क्षेत्र में करीब 90 से 95 प्रतिशत गैल्वेनाइज्ड स्टील का इस्तेमाल किया जाता है। भारत में इस क्षेत्र में इस्पात को जंग से बचाने वाला जस्ता केवल 23 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हम भारत में स्वचालन बाजार में गैल्वेनाइज्ड स्टील के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि इसे विश्व के अन्य हिस्सों के बराबर लाया जा सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### तिरुपति के...

घटिया सामग्री से बनाया गया था। वे घी के बदले जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने आगे कहा कि अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जाता है और मंदिर में सभी चीजों को सैनेटाइज कर दिया गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के इन आरोपों पर आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, घी के बदले जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल होता था, इसकी जांच के लिए तुरंत उच्च स्तरीय समिति का गठन करना चाहिए या फिर सीबीआई से इसकी जांच कराएं। वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कहा कि नायडू के आरोपों से भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। सुब्बा रेड्डी ने कहा, यह कहना अविश्वसनीय है कि भगवान पर चढ़ाने वाले और भक्तों को दिए जाने वाले प्रसाद में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता था। मैं वेंक्टेश्वर स्वामी में विश्वास रखता हूं और आप भी उनके भक्त हैं। तो चलिए उनके सामने कसम खाते हैं। मैं उनके सामने कसम खाने के लिए तैयार हूं। मैं अपने परिवार के साथ कसम खाने के लिए तैयार हूं। इससे पहले वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता बी करुणाकर रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए यह आरोप लगाया।

### मेरा मिशन ...

अधिक मतदान हुआ। इस प्रतिशत ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। राज्य के दर्जे के बारे में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और यह भाजपा ही करेगी।

अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के खिलाफ अपने हमले को जारी रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये पार्टियां बेचैन हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों में डर और अनिश्चितता पैदा की है। लेकिन अब समय बदल गया है, हम लोगों को इन परिवारों के जाल में नहीं फंसने देंगे। श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन आतंकवाद को हराना है और जम्मू-कश्मीर को फिर से परिवारवाद का शिकार नहीं बनने देना है। उन्होंने कहा, ये पार्टियां बच्चों को स्कूल जाने से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस जैसी पार्टियां स्कूलों को जलाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।

श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन जम्मू-कश्मीर के युवाओं को पर्याप्त अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपने भविष्य का चुनाव अपने ही देश में कर सकें। उन्होंने कहा कि 1980 से ये तीनों परिवार जम्मू-कश्मीर को अपनी राजनीतिक जागीर मानते आ रहे हैं, इसलिए वे कभी भी पंचायत, ब्लॉक विकास परिषद और जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव कराने में रुचि नहीं रखते थे। उन्होंने कहा, वे जानते थे कि अगर वे ये चुनाव कराएंगे, तो नए चेहरे सामने आएंगे और वे इन पार्टियों को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक पवित्र स्थान है, जिसे तीनों पार्टियों ने 35 साल तक बर्बाद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस जगह पर हजरतबल, चरार-ए-शरीफ, ख्वाजा नक्शबंद दरगाह, शंकराचार्य और माता ज्येष्ठा देवी मंदिर हैं। लेकिन तीनों पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर में काले दिन ला दिए। एक समय ऐसा भी था जब सूरज ढलने से पहले लाल चौक बंद हो जाता था। हाल के दिनों तक लाल चौक जाना मौत को दावत देने जैसा था। लेकिन अब बाजार देर रात तक खुला रहता है। ईद और दिवाली एक साथ सौहार्द के साथ मनाई जाती है। इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं और हर कोई सम्मान के साथ अपनी आजीविका कमा रहा है। उन्होंने लोगों से पूछा, यह सब किसने किया? श्री मोदी ने कहा कि तीनों पार्टियों ने कश्मीरी पंडितों को भी नहीं बख्शा और उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, सिखों को भी क्रोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने नफरत फैलाई। भाजपा दिल और दिल्ली की दूरी को कम करके एक बार फिर लोगों को एकजुट कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 35 सालों में 3000 दिन हड़ताल और बंद के रहे। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि कश्मीर 35 सालों में से आठ साल बंद रहा, लेकिन पिछले पांच सालों में आठ घंटे के लिए भी बंद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर योजना के जरिए मुफ्त बिजली देने पर विचार कर रही है, जिसमें प्रति परिवार 80,000 रुपये की सब्सिडी का वादा किया गया है। अपने 40 मिनट के भाषण के अंत में श्री मोदी ने सोफी यूसुफ, इंजीनियर एजाज हुसैन और आरिफ राजा के लिए वोट मांगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया, बड़ी संख्या में बाहर आएं और 25 सितंबर को सभी रिकॉर्ड तोड़ दें।

### अनुच्छेद 370 बहाल ...

ज्ञातव्य है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली के मामले में पाकिस्तान और गठबंधन (नेकां-कांग्रेस) की सोच एक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से पता चलता है कि नेकां और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे पर चल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जब तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में है, दुनिया की कोई भी ताकत अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को वापस नहीं ला सकती।

श्री मोदी ने कहा, नेकां-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाकर पाकिस्तान के एजेंडे को लागू करना चाहते हैं, लेकिन मोदी इन राजनीतिक दलों के सामने यह स्पष्ट कर देना चाहता है कि हम उन्हें पाकिस्तान के एजेंडे को पूरा करने की अनुमति कभी नहीं देंगे। दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती है। उन्होंने कहा, मोहब्बत की दुकान की आड़ में कांग्रेस नफरत का सामान बेच रही है और इस पार्टी ने हमेशा जम्मू क्षेत्र के साथ भेदभाव किया है। श्री मोदी ने कांग्रेस परिवार को देश के सबसे भ्रष्ट परिवारों में से एक बताया। श्री मोदी ने कहा कि नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस ने वर्षों तक रियासी और उधमपुर जिलों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।उन्होंने कहा, इन पार्टियों ने हमारे पानी को सीमा पार जाने दिया। वे शाहपुर कंडी में बांध नहीं बना सके। यह भाजपा ही है जिसने सैकड़ों किसानों को पानी की आपूर्ति प्रदान करने के लिए बांध बनाया जो अपनी आजीविका कमा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नक्सली सोच और आयातित सोच में विश्वास करती है। उन्होंने कहा, आपको सावधान रहने की जरूरत है। इसी नक्सली सोच के तहत कांग्रेस ने जम्मू में डोगरा पंथ पर हमला किया। कांग्रेस परिवार ही है जिसने पूरे देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा। श्री मोदी ने कहा, जिस दिन से अनुच्छेद 370 को हटाया गया है, जम्मू-कश्मीर आतंकवाद मुक्त हो रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर है तथा प्रगति के नये युग में प्रवेश कर रहा है। मैं वादा करता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेंगे, जैसा कि हमने संसद में पहले ही वादा किया है। उन्होंने अपील की कि 25 सितंबर को कमल का बटन दबाना न भूलें और भाजपा को विजयी बनायें। यह प्रधानमंत्री की एक दिन में दूसरी रैली थी। इससे पहले उन्होंने श्रीनगर में एक विशाल रैली को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने ही दिल्ली से कटरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की थी। उन्होंने कहा, कटरा और रियासी के रेलवे स्टेशनों पर और सुविधाएं जोड़ी गई हैं। पाकल दुल, रैटली, किरू और कवार बिजली परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। ये परियोजनाएं जम्मू के युवाओं को बिजली के अलावा आजीविका भी प्रदान करेंगी। उधमपुर में एक नया मेडिकल कॉलेज बनाया गया है और रियासी जिले में जिला अस्पताल भी बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में रेलवे कनेक्टिविटी दो करोड़ से अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।अकेले 95 लाख से अधिक श्रद्धालु माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन करने आते हैं। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आएंगे, जिससे लोगों की आजीविका को बढ़ावा मिलेगा।

### कांग्रेस और...

ऐसा कैसे है कि पन्नू से लेकर पाकिस्तान तक, राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस हमेशा भारत के हितों के विरोधी लोगों के पक्ष में दिखाई देती है?

बताते चलें कि पाकिस्तान के एक टीवी कार्यक्रम में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ शामिल हुए। इस दौरान एंकर ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किया और कहा कि जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए जब लागू किया गया था तो उस वक्त केंद्र में कांग्रेस के पंडित नेहरू और जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला सत्ता में थे। अब एक बार फिर दोनों साथ आए हैं और दोनों ने कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए लागू करने का वादा किया है। इसे लेकर ख्वाजा आसिफ की प्रतिक्रिया मांगी गई। जिस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो बहुत अच्छा होगा और हम आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के रुख के साथ हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, कुछ भी मुश्किल नहीं है। अगर यह मुश्किल होता तो सुप्रीम कोर्ट तीन बार अनुच्छेद 370 के पक्ष में फैसला नहीं देती। आज अगर पांच जजों की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 के खिलाफ फैसला सुना सकती है तो क्या यह संभव नहीं कि कल सात जजों की पीठ अनुच्छेद 370 के पक्ष में फैसला सुनाएगी।

### ओड़ीशा सरकार ने...

प्लास्टिक सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी।

खुरधा, ढेंकनाल, जगतसिंहपुर, कटक, संबलपुर, गंजम, बालासोर और क्योंझर जैसे आठ जिलों में स्थित ये परियोजनाएं ओडिशा की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं। श्री माझी ने कहा, ओडिशा सरकार राज्य में औद्योगिक विकास और आर्थिक विकास को समर्थन देने वाले माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य ओडिशा को भारत में एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगले पांच वर्षों में, हमारा लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों को आकर्षित करना है, जिससे यह देश का औद्योगिक केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि गुरुवार का एजेंडा विभिन्न क्षेत्रों में 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश के साथ एक औद्योगिक केंद्र बनने के लिए ओडिशा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे 17 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### हर स्थिति से ...

हमारी नौसेना ने इंडो-पैसिफिक के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके समुद्री डकैती विरोधी अभियानों को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है। जब भी जरूरत होगी, हम क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षमता विकास के लिए अत्याधुनिक जहाजों, पनडुब्बियों आदि को शामिल करके भारतीय नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाने के सरकार के प्रयास को दोहराया। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय शिपयार्डों में 64 जहाज और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं, और 24 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के लिए ऑर्डर दिए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि, पिछले पांच वर्षों में, नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का त्वरित विकास हुआ है। नौसेना के स्वदेशीकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कमांडरों को आत्मनिर्भरता हासिल करने के संकल्प को और मजबूत बनाने के तरीके तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नौसेना को खरीदार से निर्माता में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।

रक्षा मंत्री ने एकीकरण और संसाधनों के इष्टतम उपयोग के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हालांकि भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की अपनी ताकत, जनादेश और काम करने के तरीके हैं, लेकिन देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए और अधिक समन्वय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में आयोजित टेक डेमो में भी भाग लिया। नौसेना के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन हथियार और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग प्रतिष्ठान सहित विभिन्न एजेंसियों ने स्वदेशी समाधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें स्वायत्त प्रणाली, डोमेन जागरूकता, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो और अन्य विशिष्ट तकनीकी पहल शामिल हैं। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और अन्य वरिष्ठ नागरिक तथा सैन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों को सस्ता...

उन्होंने कहा कि सरकार की किसान कल्याण और कृषि के विकास की छह सूत्रीय रणनीति है।सरकार के 100-दिवसीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में कई अभियान चलाए गए जिसमें 25 लाख से अधिक नए किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गया। इसके अलावा सरकार बागवानी की फसलों के अधिक उत्पादन के प्रयत्न में लगी है और इस संबंध में नौ आधुनिक केंद्र बनाये जा रहे हैं। डिजिटल कृषि मिशन के शुरू करने की स्वीकृति दी गयी है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्रालय में सचिव देवेश चतुर्वेदी और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक और मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और जीवन का आधार भी है। देश में 140 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। किसान कृषि की आत्मा है और उसके प्राण भी हैं।

### स्वच्छ भारत, स्वस्थ...

पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि अवन्तिका बाबा महाकाल की पवित्र, दिव्य एवं पावन नगरी है। गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग रहा है और उस समय उज्जैन भारत का महत्व-पूर्ण नगर था। यहां संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन परम्परा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पूर्व उज्जैन परिवहन व्यवस्था का उत्कृष्ट केन्द्र था। यह अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का केन्द्र भी था। महाकवि कालिदास ने मेघदूत में उज्जयिनी की विशालता और भव्यता का अद्भुत चित्रण किया है। देवलोक में जो महत्व अल्कापुरी नगरी का है, वही महत्व पृथ्वी पर उज्जैन नगरी का बताया गया है। मैं बाबा महाकाल, अवन्तिका नगरी और पवित्र शिप्रा नदी को प्रणाम करती हूँ।

राष्ट्रपति ने कहा कि उज्जैन एवं प्रदेश में समग्र विकास के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज उज्जैन में उज्जैन-इन्दौर सिक्सलेन मार्ग का भूमि-पूजन किया गया है। यहां विक्रम उद्योगपुरी मेडिकल डिवाइसेस पार्क बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में एक्सप्रेस-वे एवं एलीवेटेड कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। इन सभी के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयास सराहनीय हैं।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में स्वच्छता देशव्यापी जन-अभियान बन गया है। स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण में वर्ष 2025 तक हमें देश में सम्पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करना है। देश में खुले में शौच से पूर्णत: मुक्ति और सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट किया जा रहा है। महात्मा गांधी के स्वच्छता के आदर्श को हमें पूरा करना है। मैंने स्वयं अपने कॅरियर की शुरूआत स्वच्छता के कार्यों से की। मैं नगर परिषद में उपाध्यक्ष थी और वार्डों में जा-जाकर स्वच्छता के लिये कार्य करती थी और लोगों को जागरूक करती थी। देशवासियों में आज स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। मध्यप्रदेश के कई शहर वॉटर प्लस, ओडीएफ डबल प्लस के रूप में पुरस्कृत हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा हैं। इन्हें आज सम्मानित कर वे गौरवान्वित महसूस कर रहीं हैं। हम सफाईकर्मियों की सुरक्षा, गरिमा और कल्याण को सुरक्षित करेंगे। देश में मेन होल को समाप्त कर अब मशीन होल बनाये जा रहे हैं। सफाईकर्मियों को लाभान्वित करने के लिये अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने मध्यप्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक नगरी उज्जैन में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के आगमन पर प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है आध्यात्मिक केन्द्र उज्जैन में आयोजित सफाई मित्र सम्मेलन देश में स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि पवित्र सेवा का संदेश प्रसारित करेगा। स्वच्छता अभियान की यह पहल सफाई मित्रों की प्रतिबद्धता के साथ स्वच्छ, स्वस्थ और आध्यात्मिक रुप से सशक्त देश के निर्माण का संदेश प्रसारित करेगी। आज का दिन हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता वीरों के लिए अभूतपूर्व और अविस्मरणीय है।

श्री पटेल ने कहा कि अपनी मेहनत और समर्पण से शहरों को साफ बनाकर हमारे जीवन को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने वाले सफाई मित्रों को पहचानना, उनका सर्मथन और सम्मान करना, समाज के हर व्यक्ति का परम कर्तव्य है। उन्होंने सफाई मित्रों को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि सफाई का काम ईश्वर की पवित्र सेवा है। सफाई मित्र हमारे लिए वंदनीय है। राज्य सरकार सदैव सफाई मित्रों के काम को समर्थन देने के लिए हमेशा तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वच्छता क्रांति का सूत्रपात हुआ है, हमने सही अर्थों में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाया है। हमारे शहर और नागरिकों ने स्वच्छता को आत्मसात करते हुए पूर्णकालिक विषय के रूप में स्थापित किया है। स्वच्छता सुविधाओं जैसे व्यक्तिगत, सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालय बनाने और कचरा प्र-संस्करण इकाइयों के निर्माण को प्रदेश में प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण इंदौर-उज्जैन 6 लेन परियोजना आध्यात्मिक सांस्कृतिक केन्द्र उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुगम, आसान बनाकर पर्यटन, सामाजिक और आर्थिक विकास की गति को तेज करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह दिन ऐतिहासिक होकर नई सौगात लेकर आया है। हर युग में, हर काल में जिसका अस्तित्व रहा, ऐसी महान एवं पवित्र नदी क्षिप्रा के किनारे स्थित अवंतिका, हर काल में अपने विकास के आयामों से सदैव लोगों के उत्कर्ष की परिचायक है। कहा जाता है कि क्षिप्रा तट पर जो भी व्यक्ति आते हैं और जैसा सोचते हैं, परमात्मा उसे जीवनकाल में उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कामों से दुनिया के सबसे बडे लोकतंत्र का गौरव हासिल करने के प्रत्येक आयामों को छुआ है। विकास के सभी क्षेत्र में सफाई मित्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया है। डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म-दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान, पखवाडे के रूप में मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री की स्वच्छता के प्रति लगाव की भावना को रेखांकित करता है और सफाईकर्मियों की बड़ी भूमिका का भी अहसास भी कराता है। स्वच्छताकर्मी बीमारी और जिंदगी के बीच मजबूत दीवार की तरह खड़े रहते हैं। मध्यप्रदेश, देश के सभी राज्यों में स्वच्छता के लिए दूसरे नम्बर पर आया है, यह हम सबका सौभाग्य है। साथ ही देश की सबसे स्वच्छ राजधानी का दर्जा भी प्रदेश की राजधानी भोपाल को प्राप्त हुआ है। स्वच्छता का हमारा सबसे मजबूत रिश्ता है। भारत के सबसे स्वच्छ नगरों में लगातार सात बार से प्रदेश ने इस गौरव को इंदौर के माध्यम से हासिल किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि स्वच्छता अभियान को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले स्वच्छताकर्मियों के योगदान के लिये उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक नगर की स्टार रैंकिंग के हिसाब से स्वच्छताकर्मियों के प्रति स्टार रैंकिंग पर एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उज्जैन को तीन स्टार मिले हैं, इसलिए यहां के सभी स्वच्छताकर्मियों को तीन-तीन हजार रुपए का पुरस्कार दिया जायेगा।

डॉ. यादव ने कहा कि पाषाण शिल्प को महत्व देने के लिये महाकाल लोक की सभी प्रतिमाएं पाषाण की बनवाएंगे। इससे प्रदेश में पत्थर शिल्प को प्रोत्साहन मिलेगा। राजस्थान के साथ मध्यप्रदेश भी अब पत्थर शिल्प में स्थान हासिल करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर का बडा महत्व है और महारानी अहिल्याबाई का 300वां जन्म उत्सव चल रहा है। महारानी अहिल्याबाई ने 30 साल के शासनकाल में नारी सेना, विधवा विवाह प्रोत्साहन सहित अनेक कल्याण की योजना चलाई थी। उन्होंने महिलाओं की आत्म-निर्भरता के लिए महेश्वर साड़ी का उद्योग स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा इंदौर से उज्जैन को जोड़ने के लिए 1692 करोड़ रुपए लागत से 6 लेन सडक के निर्माण का शुभारम्भ किया गया है, इससे उज्जैन न केवल इंदौर से बल्कि पूरे देश से जुड़ेगा और आध्यात्मिक नगरी उज्जैन आने-जाने के लिए मार्ग सुलभ होगा। समारोह में उज्जैन के विकास कार्यों को लेकर बनाई गई लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें उज्जैन में होने वाले विकास कार्यों को दर्शाया गया। समारोह का शुभारम्भ एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### मुर्मू ने श्रीमहाकाल ...

शिव-बारात शिल्प के पास लोक कलाकारों ने काठी नृत्य, कालभैरव प्रतिमा के समीप भगोरिया नृत्य और दुर्लभ दर्शन केन्द्र के पास गणगौर नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रपति का अभिनन्दन किया।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कलाकारों का अभिवादन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का नन्दी गेट पर राज्यपाल श्री पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, महंत विनीत गिरि, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर देवड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।


# गणेश विसर्जन जुलूस में किया प्रसाद वितरण

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा द्वारा गणेश विसर्जन जुलूस के संदर्भ में लालदारवाज स्थित दिल्ली मिठाई वाटिका के सामने पॉपकॉर्न एवं जूस वितरण किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शाखा की मानद मंत्री शीतल बंसल ने बताया कि सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर भक्तों में प्रसाद वितरण शुरू किया गया जिसमें जूस एवं पॉपकॉर्न बांटा गया। शाखा की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने शाखा के सभी सदस्यों जिन्होंने तन मन धन से सहयोग दिया उनका धन्यवाद किया विशेषकर पवन डोकानिया का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।



इस कार्यक्रम में शाखा की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल, मानद मंत्री शीतल बंसल, सयुक्त मंत्री पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीना अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया, भूतपूर्व अध्यक्ष किरण गोएंका, रेनू अग्रवाल, देवी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता डोकानिया, माधवी टीबरेवाल, कंचन अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, अंबिका अग्रवाल, अनुषा अग्रवाल, शोभा बाई, महावीर प्रसाद डोकानियां, राजेश अग्रवाल, चंचल बंसल, पंकज गोएंका, पवन कुमार डोकानियां, उमेश अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, नमन कुमार अग्रवाल, मोहक बंसल, इशांकि बंसल, माही गोएंका, आदि उपस्थित थे।







श्री मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति हश्मतगंज सुल्तान बाजार में विराजमान भगवान गणेश के विसर्जन से पूर्व पूजा अर्चना करते हुए सतीश गुप्ता एवं परिजन।

# प्रेम की भाषा एवं एकता का सूत्र है हिंदी : बी. भास्कर

## यूनियन बैंक में हिंदी पखवाड़े के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय सिकंदराबाद में हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। क्षेत्र प्रमुख बी. भास्कर, उप क्षेत्र प्रमुख नवीन निश्चल एवं उप क्षेत्र प्रमुख एम. सोमसुंदरम द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गयी। उप क्षेत्र प्रमुख नवीन निश्चल द्वारा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए. मणिमेखलै के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया गया। क्षेत्र प्रमुख बी. भास्कर द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्यों को यूनियन बैंक की राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई गयी। क्षेत्र प्रमुख ने वैश्विक स्तर पर हिंदी के महत्व को बताया एवं हिंदी को प्रेम की भाषा एवं एकता का सूत्र से संबोधित किया। उप क्षेत्र प्रमुख ने हिंदी साहित्य एवं हिंदी सिनेमा की विशिष्टता को उजागर किया। इस अवसर पर बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता आयोजित की गयी, साथ ही गीत गायन तथा कविता पाठ का भी कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का



संचालन स्नेहा साव (राजभाषा अधिकारी) ने किया। उप क्षेत्र प्रमुख श्री एम. सोमसुंदरम के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# अग्रवाल समाज रामागुंडम की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामागुंडम स्थित श्री अग्रसेन भवन में गुरुवार को अग्रवाल समाज रामागुंडम की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे दक्षिण भारत अग्रवाल समाज के गोसेवा समिति के संयोजक महेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल एवं मंत्री लोकेश अग्रवाल ने संस्था द्वारा किया जा रहा सेवा कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। बैठक को कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, एवं श्रवण अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। बैठक में दक्षिण भारत अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डॉ श्री किशन मित्तल ने ऑनलाइन के माध्यम से भाग लिया एवं अग्रवाल समाज रामागुंडम को दक्षिण भारत अग्रवाल समाज की अफिलिएशन प्रदान किया।

# 2,41000 में बिका मलकपेटगंज का गणेश लडडू



**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री कृपा मार्केट होलसेल रिटेल मर्चेंट एसोसिएशन गणेश उत्सव समिति 19 वर्ष का गणेश लडडू महेश राठी ने सर्वाधिक 2 लाख 41000 की बोली लगा कर हासिल किया एवं हुंडी की बोली 81,501 की नित्य ट्रेडर्स द्वारा लगाई गई बोली के दौरान महामंत्री दीपक मोदी अध्यक्ष चंद्र मोहन परसराम ललित अग्रवाल मनीष गर्ग एवं विकास जैन एवं अन्य मौजूद रहे। यह जानकारी नितेश अग्रवाल द्वारा दी गई।



स्नेह सुगंध लेडीज क्लब की 25 मेंबर्स अध्यक्ष आशा गुप्ता की अध्यक्षता में 10 से 15 सितंबर तक अंडमान ट्रिप का आनंद लेते हुए।



फ्रेंड्स एसोसिएशन चेलापुरा द्वारा स्थापित गणेश विसर्जन पंडाल में भक्तों का स्वागत करते हुए विनय जैन, राम प्रकाश अग्रवाल, राजेश नथानी, अनिता नथानी।

# गोविन्द राठी 52वें रामायण मेला के प्रधान संयोजक मनोनीत

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने समाज के महामंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता गोविन्द नारायण राठी को 52वें रामायण मेला जो गुरुवार 3 अक्टूबर से शनिवार 12 अक्टूबर तक नुमाईश मैदान मे एक्जीबिशन सोसाईटी एवं एकनामिक कमेटी के सहयोग से होने जा रहा है। उसका प्रधान संयोजक मनोनित किया गया ।

कमलनारायण अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ती के अनुसार गोविन्द राठी को प्रधान संयोजकत्व में विगत कई वर्षों से



रामायण मेला की सफलता व्यापक और उत्तरोत्तर वृद्धी हो रही है। गोविन्द राठी ने राजस्थानी प्रगती समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं रामायण मेला के पदाधिकारी और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे पुर्ण निष्टा के साथ साथियो सहित 52वें रामायण मेला को अभुतपुर्व बनाने का प्रयास करेंगे ।

गोविन्द राठी ने आगे कहा 51 वर्ष रामायम मेला के पुर्ण हो चुके है। ओर इस वर्ष 52 वें साल में बडी हर्षोल्लास से कवि सम्मेलन, डांडिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रावण दहन, श्री रामजी का राज्य अभिषेक आप सभी लोगो के सहयोग से बनाया जाएगा। आगे कहा गया रामायण मेला की अगली बैठक में अलग-अलग समितियों का गठन किया जाएगा। गोविन्द राठी ने सभी हिन्दुओ से आहवान किया कि इस 52 वें रामायण मेला मे भाग लेकर इसका लाभ उठाएँ।



एमजी गोपाल आईएएस (सेवानिवृत्त), सतर्कता आयुक्त, तेलंगाना ने गुरुवार को राजभवन हैदराबाद में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से शिष्टाचार भेंट की।



अन्नपूर्णा बिल्डर्स के सौजन्य से आबिड्स पर संचालित नि:शुल्क भंडारे पर भगवान गणेश के भक्तों का स्वागत करते हुए राजकुमार अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल एवं अन्य।



आई. रानी कुमुदिनी आईएएस, (सेवानिवृत्त), राज्य चुनाव आयुक्त तेलंगाना ने गुरुवार को राजभवन हैदराबाद में तेलंगाना राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की।







महालक्ष्मी ज्वैल अपार्टमेंट बोइनपल्ली हसमतपेट में इको फ्रेंडली श्री गणेश जी का विसर्जन किया गया। अट्टू खेले कर बच्चों ने श्री गणेश जी की पूजा की।लड्डू प्रवीण-प्रशांत तोषनीवाल ने 51 हजार में प्राप्त किया।

# सीईईएस–2024 की मेजबानी कर रहा सीएसआईआर–आईआईसीटी

## उत्प्रेरक में अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाना है कांफ्रेंस का उद्देश्य



**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीएसआईआर–इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (सीएसआईआर–आईआईसीटी) कैटलिसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) और सीओ2 इंडिया नेटवर्क के संरक्षण में, ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता के लिए कैटलिसिस (सीईईएस) पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 की मेजबानी कर रहा है। 18 सितंबर से सीओ2 इंडिया नेटवर्क तीसरी वार्षिक बैठक के साथ शुरू हुई। इसका उद्देश्य उत्प्रेरक में अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाना है, जिसमें सीओ2 को मूल्यवर्धित रसायनों, चयनात्मक सीओ2 कैप्चर के लिए सामग्री और बढ़िया रसायनों में परिवर्तित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके बाद डॉ. एन. लिंगैया, मुख्य वैज्ञानिक, कैटलिसिस और फाइन केमिकल्स, सीएसआईआर–आईआईसीटी और सीईएसएस–2024 के संयोजक ने स्वागत भाषण दिया, जिन्होंने नेट ज़ीरो के प्रति 2070 तक उत्सर्जन और इसे प्राप्त करने में उत्प्रेरक समाधानों की भूमिका भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अपने उद्घाटन भाषण में, सीएसआईआर–आईआईसीटी के निदेशक डॉ. श्रीनिवास रेड्डी ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सीएसआईआर–आईआईसीटी के बारे में एक संक्षिप्त परिचय दिया।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि सीईईएस–2024 नवीन विचारों के आदान–प्रदान और साझेदारी स्थापित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा जो उत्प्रेरक और उसके अनुप्रयोगों के क्षेत्र को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने उन पूर्व वैज्ञानिकों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने उत्प्रेरण और सूक्ष्म रसायन विभाग में योगदान दिया और इसे आज जैसा आकार दिया है। सीएसआईआर–सीएसएमसीआरआई के निदेशक डॉ. एस. कन्नन ने सीएसआई के इतिहास और वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर विचार करते हुए अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने कैटेलिसिस के महत्व और प्रासंगिकता के बावजूद क्षेत्र में शोधकर्ताओं की कमी पर प्रकाश डाला और कहा कि सीईईएस–2024 एक ऐसे विषय को संबोधित करता है जहां कैटेलिसिस सभी तीन कार्यक्षेत्रों के लिए भूमिका निभा सकता है। प्रो. विवेक पोलशेट्टीवार, टीआईएफआर, मुंबई ने भी सीओ2 इंडिया नेटवर्क के लक्ष्यों और दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने कहा कि कैटलिसिस जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकता है और आशा व्यक्त की कि सम्मेलन एक स्थायी भविष्य की दिशा में अनुसंधान को मजबूत करने में मदद करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.एस. द्वारा स्मारिका के रूप में एक सारगर्भित पुस्तक का विमोचन किया गया। भरतन, निदेशक रिफाइनरीज, एचपीसीएल, मुंबई, जिन्होंने अपने संबोधन में एचपीसीएल, हरित रसायन विज्ञान में योगदान में इसके प्रयासों और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के विकास में उत्प्रेरक की भूमिका के बारे में बात की।

अपने मुख्य व्याख्यान में, आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने सीसीयूएस के साथ हाइड्रोजन उत्पादन, टिकाऊ प्रौद्योगिकियों और प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ पर्यावरण पर एआई के प्रभाव सहित उच्च दक्षता वाले बायोमास रूपांतरण मार्गों को भविष्य में अनलॉक करने के बारे में बात की। सम्मेलन में पूर्ण व्याख्यान सहित एक व्यापक कार्यक्रम आमंत्रित किया गया है जिसमे वार्ता, मौखिक प्रस्तुतियां, साथ ही फ़्लैश और पोस्टर सत्र भी शामिल है। इसने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं, आईआईटी, आईआईएसईआर, आईआईएससी, विभिन्न विश्वविद्यालयों और प्रमुख उद्योगों के पेशेवरों सहित प्रसिद्ध भारतीय संस्थानों के शोधकर्ताओं के एक प्रतिष्ठित समूह को एक साथ लाया है। विशेष रूप से, नायरा एनर्जी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसीएल, एमआरपीएल और एचपी सहित सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी उद्योगों दोनों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है।

# बेथेल प्रदर्शनी 30 को



**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एक दिवसीय प्रदर्शनी है बेथेल प्रदर्शनी आगामी सोमवार, दि. 30 सितंबर, 2024 को होटल पार्क हयात, रोड 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।

इसी संदर्भ में अभिनेत्री श्रवणति चोकारोपु, अभिनेत्री वेदविका, फैशन प्रेमी, फैशन उत्साही बेथेल प्रदर्शनी की भव्य कर्टेन रेजर में तिथियों की घोषणा की। प्रदर्शनी में देशभर से डिजाइनर भाग लेंगे। प्रदर्शनी में फ़ैशन, ग्लैमर, लाइफ़ स्टाइल और लक्जरी जीवन शैली से जुड़ी रचनात्मक वस्तुओं के स्टॉल स्थापित किये जाएंगे। फ़ैशन परिधान, नये मौसम को ध्यान में रखते हुए नये कलेक्शन, दुल्हनों के लिए विशेष कलेक्शन, डिजाइनर वियर, एक्ससरीज, आभूषण एवं अन्य आकर्षक सामग्री के लिए प्रदर्शनी उपयुक्त मंच का काम करेगी।

# काम, क्रोध, मद और लोभ नरक के पथ हैं : आचार्य सत्यप्रकाश






**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चादरघाट स्थित गणेश मन्दिर में कलशयात्रा के साथ गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर आचार्य सत्यप्रकाश महराज ने बताया कि काम, क्रोध, लोभ और मोह जब तक मनुष्य में रहेगा उसको नरक में जाना ही पड़ेगा। प्रभु को पाना चाहते हैं तो झूठ–कपट को त्यागते हुए सिर्फ ईश्वर की भक्ति से ही भव से पार हो पाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत भूमि बहुत ही पावन भूमि हैं, कलियुग केवल ...नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरही पारा... कई जन्मों में जब पुण्यों का उदय होता है तब ही श्रीमद् भागवत पुराण कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। परीक्षित के पास सिर्फ सात दिन बचे थे तो, व्यास शुकदेव जी ने भागवत कथा रसपान कराया। आज की कथा में आत्मदेव ब्राह्मण के यहां संतान नहीं हो रही थी। तो उनको एक संत ने फल दिया। लेकिन उनकी पत्नी ने वह फल को गाय को खिला दिया। गाय से गौकर्ण का जन्म हुआ और वह अपने बहन से एक नवजात शिशु को अपना बच्चा बताकर ले आई। उसी का नाम धुंधकारी हुआ। वह बहुत अत्याचारी था। धुंधकारी के मरने पर गौकर्ण ने श्रीमद भागवत पुराण कथा श्रवण करवा कर धूंधकारी का उद्धार कराई, भक्ति ज्ञान बैराग की कथा श्रवण कराई।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ





**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, अंचल कार्यालय, हैदराबाद में गुरुवार को हिंदी पखवाड़ा का विधिवत् शुभारंभ किया गया। कारे भास्कर राव, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में ए रवि कुमार उप महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख तथा अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख, बड़ी संख्या में कार्यपालक, अधिकारीकरण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार अपना कार्य हिंदी में करने के लिए स्टाफ सदस्यों ने प्रतिज्ञा ली। आशीष कुमार अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक ने बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया। देवकांत पवार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ सदस्यों और बच्चों के लिए विविध हिंदी प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता, चित्र देखो और वर्णन करो प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए प्रतिभा अन्–वेषण प्रतियोगिता और चित्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पखवाड़ा के दौरान बैंक का आंतरिक कामकाज अधिक से अधिक हिंदी में करने का भी स्टाफ सदस्यों ने प्रण लिया है।

# सेक्सटॉर्शन घोटाले में शामिल आरोपी को हैदराबाद सिटी साइबर क्राइम पुलिस ने बेंगलुरु में दबोचा

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद सिटी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन और जासूसी विभाग ने विदेश में पीड़ितों को निशाना बनाने वाले गंभीर सेक्सटॉर्शन घोटाले में शामिल बेंगलुरु निवासी रिद्ध बेदी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है।

हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि 26 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने डेटिंग वेबसाइटों का उपयोग करके पीड़ितों को समझौता स्थितियों में फंसाने और पैसे ऐंठने के लिए एक सुव्यवस्थित धोखाधड़ी योजना में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले उसके बेटे को आरोपियों ने ब्लैकमेल किया और कुल 1,721 डॉलर की रकम वसूली।

आरोपी ने डेटिंग प्लेटफॉर्म पर खुद को एक महिला के रूप में पेश किया और पीड़ित को व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील तस्वीरें साझा करने का लालच दिया। इस जानकारी का उपयोग करते हुए आरोपी ने पीड़ित को फिरौती न देने पर उसे अपने सामाजिक दायरे में उजागर करने की धमकी दी। पीड़ित ने एचडीएफसी, कोटक और आरबीएल बैंकों के बैंक खातों से जुड़े एक भारतीय मोबाइल नंबर पर कई लेनदेन किए। जब पीड़ित ने जवाब देना बंद कर दिया



तो आरोपी ने पीड़ित के परिवार और कार्यस्थल पर अश्लील संदेश भेजकर धमकियां बढ़ा दीं, जिससे पीड़ित को और अधिक आघात पहुंचा।

कार्यप्रणाली के अनुसार, आरोपी रिद्ध बेदी एक जो एक पूर्व उत्पाद डिजाइनर है ने अपनी शानदार जीवनशैली जीने के लिए अपनी नौकरी खोने के बाद ऑनलाइन घोटालों की ओर रुख किया। रिद्ध बेदी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, जहां वह छह साल तक रहा और अब बेंगलुरु में रहता है। उसने सीकिंग डॉट कॉम जैसी डेटिंग वेबसाइटों पर फर्जी प्रोफाइल बनाई, जिसमें महिलाओं की चुराई गई तस्वीरों का इस्तेमाल कर संवेदनशील तस्वीरें भेजने के लिए पीड़ितों को लुभाया गया। एक बार जब उसने ये तस्वीरें हासिल कर लीं, तो उसने पीड़ितों को ब्लैकमेल किया और धमकी दी कि अगर उन्होंने बड़ी रकम नहीं चुकाई तो समझौता करने वाली सामग्री जारी कर दी जाएगी। अमेरिका से भारत में इन फंडों के हस्तांतरण की सुविधा के लिए बेदी ने पीड़ितों को ज़ेले सहित ऑनलाइन भुगतान प्लेटफार्मों का उपयोग करने का निर्देश दिया, जो आमतौर पर अमेरिका में जल्दी और आसानी से फंड ट्रांसफर करने के लिए उपयोग किया जाता है। बाद में यह पैसा उनके भारतीय बैंक खातों में भेज दिया गया, जिनमें एचडीएफसी, कोटक और आरबीएल बैंक शामिल हैं।पहचान से बचने के लिए, आरोपी ने अपने ट्रैक को कवर करने के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाते हुए कई फोन नंबर, ईमेल पते और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। इंस्पेक्टर पी प्रमोद कुमार और एसआई वेंकटाद्री के नेतृत्व में साइबर अपराध पुलिस की एक टीम अपनी टीम के साथ बेंगलुरु के लिए रवाना हुई और आरोपी को पकड़ने के लिए व्हाइटफील्ड पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु के साथ समन्वय किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लैपटॉप और एक आईफोन मोबाइल समेत आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है।

# गुरु नानक विवि में ओरिएंटेशन दिवस आयोजित




**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गुरु नानक विश्वविद्यालय, इब्राहिमपटनम ने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए छात्रों के नए बैच का स्वागत करने के लिए अपना पहला ओरिएंटेशन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सॉफ्टवेयर कंपनी ज़ेंटिएंस, हैदराबाद के सीईओ बालाजी श्रीनिवासन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने मुख्य भाषण में उभरती प्रौद्योगिकियों और आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में नवाचार के महत्व पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करके छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को विकास की मानसिकता विकसित करने और डिजिटल युग में मौजूद अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए, गुरु नानक विश्वविद्यालय के चांसलर और गुरु नानक संस्थानों के उपाध्यक्ष, सरदार गगनदीप सिंह कोहली ने जीएनयू में नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक विश्वविद्यालय में, ज्ञान को आत्मसात करने और व्यावहारिक अनुप्रयोग पर जोर देने से छात्रों को न केवल जानकारी हासिल करने में मदद मिलती है, बल्कि यह भी सीखने में मदद मिलती है कि इसे वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में कैसे लागू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी छात्रों को 4 साल का कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करके और बेहतर रोजगार के अवसर हासिल करके अपने माता–पिता और संस्थान का नाम रौशन करना है।

छात्रों को अपने संबोधन में गुरु नानक विश्वविद्यालय के कुलपति और गुरु नानक संस्थानों के प्रबंध निदेशक डॉ. एच.एस. सैनी ने कहा कि गुरु नानक विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम उद्योग की जरूरतों को पूरा करने पर जोर देने के साथ अकादमिक विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू और कश्मीर के पूर्व कुलपति और गुरु नानक विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास विंग के सलाहकार डॉ. मोहन पाल सिंह ईशर ने भी छात्रों और अभिभावकों को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. ताड़ीसेट्टी श्रीनिवासुलु, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गुरु नानक विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. संजीव श्रीवास्तव और गुरु नानक विश्वविद्यालय के अन्य निदेशक भी उपस्थित थे।

# अत्तापुर में ईद–ए–मिलाद के जुलूस का हिंदू संगठन ने किया स्वागत

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर में हिंदू संगठन (मेरा भारत महान मित्र मंडल) के तत्वावधान में स्वागत मंच स्थापित कर मिलाद–उन–नबी के विशाल जुलूस पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गरौर भाईचारे का संदेश दिया एवं जुलूस में शामिल गणमान्यों का माला व शाल द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर स्वागत मंच के मुख्य अतिथि राजेंद्र नगर डीसीपी श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि यहां हिंदू संगठन एक दल मेरा भारत महान मित्र मंडल ने इस मंच के माध्यम से मिलाद के विशाल जुलूस का स्वागत कर गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश की है। उन्होंने पूरे ग्रुप का आभार प्रकट किया।




मेरा भारत महान मित्र मंडल के कार्यकर्ताओं ने एमआईएम विधायक रहमत बेग, सुलेमान नगर पार्षद एमआईएम नेता राजेंद्र नगर मो. शायर, वाजिद, राजेंद्र नगर एसीपी श्रीनिवास, अत्तापुर सर्किल इंस्पेक्टर वेंकटराम रेड्डी, एसआई वेंकन्ना, एसआई श्रीकांत रेड्डी का पुष्पमाला एवं शॉल से स्वागत किया।

राजेंद्र नगर डीसीपी श्रीनिवास ने बालू सुब्रमण्यम, पत्रकार पवन भारती, रिपोर्टर श्रीकांत, मो. मोहसिन, काव्या, रहमान, तेलंगाना फ्रंटलाइन न्यूज़ के मो. आमिर का भी फूल माता पहनकर सम्मान किया।

आयोजक मंडल के सुरेश कुमार मोदी, बाबूलाल जोशी, श्याम अग्रवाल, अमित कुमार मोदी का भी पुष्प हार पहनाकर डीसीपी ने स्वागत किया।

मिलाद उल नबी जुलूस में भाग लेने वालों में मेरा भारत महान मित्र मंडल द्वारा शरबत एवं अल्पाहार वितरण किया एवं सबको मिलाद–उन– नबी की शुभकामनाएं दी।

# संचारी रोगों पर वार के लिए तैयार योगी सरकार

## एक अक्टूबर से फिर चलेगा अभियान

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

बारिश से पनपने वाले वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए योगी सरकार एक बार फिर प्रदेश भर में 1 अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने जा रही है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। सीएम योगी के निर्देशों के अनुरूप वर्ष-2024 के तृतीय चरण के संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर संचालित किया जाएगा। अभियान को स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभाग आपसी समन्वय से संचालित करेंगे। वहीं योगी सरकार की ओर से लोगों से भी अपील की गई है कि अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही उन स्थानों से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम को अवगत कराएं, जहां मच्छर पनपते हैं।

सीएम योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी नगर आयुक्तों, जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को कार्ययोजना को अमल



में लाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं और समस्त नगर पंचायतों के लिए संवेदीकरण बैठक निर्धारित की गई है एवं समस्त नगर निकायों द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय वार व वार्ड वार संपन्न की जाने वाली गतिविधियों की माइक्रोप्लान जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को 29 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दिमागी बुखार समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण कराया जाए। नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियां संपादित कराना शामिल है।

प्रदेश के सभी जिलों में 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ़्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। साथ ही क्षेत्रवार घरों की सूची जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, इसका विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से संचारी और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग/पंचायती राज विकास विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सूचना जनसम्पर्क विभाग तथा उद्यान विभाग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग की भूमिका में होगा। अभियान के दौरान जिलों में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) भी बनाई जाएगी। इससे मरीजों के उपचार करने में सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के पास यह भी जानकारी रहेगी कि मरीज का किस बीमारी का कब इलाज हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ अभियान की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। किस विभाग ने क्या और कितना काम किया, इस पर भी निगाह रखी जाएगी।

महाकुंभ 2025

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हो रही हाईटेक व्यवस्था

## पानी में निगरानी के लिए होगा अंडरवाटर ड्रोन और सोनार

**प्रयागराज, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

त्रिवेणी के पावन तट पर जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को प्रदेश की योगी सरकार दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ इसकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दे रही है। सम्पूर्ण कुंभ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के साथ ही आने जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।



त्रिवेणी की पावन जल धारा में पुण्य की डुबकी लगाते समय श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर इस बार योगी सरकार बार कई नए कदम उठा रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि कुंभ मेला में आगंतुकों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए घाटों और नदियों में सामान्य परिस्थितियों से लेकर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में विशेष सुरक्षा सतर्कता रहेगी। अंडर वाटर सेफ्टी के लिए पहली बार कई नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेडिंग बनाई जाएगी।नदियों की सतह और जल के अंदर की सुरक्षा पीएसी और जल पुलिस को सौंपी गई है। पीएसी जल के अंदर सुरक्षा के लिए इस बार कई नए प्रयोग करने जा रही है। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पहली बार जल के अंदर अंडर वाटर ड्रोन भी निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। दुर्घटना के समय पानी के नीचे जन धन की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए इस बार सोनार रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाएगा। जलीय क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक जरूरत में क्विक रिएक्शन के लिए पहली बार वाटर स्कूटर ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी के मुताबिक यह ब्रिगेड को 25 वाटर स्कूटर से लैस होगी जो जरूरत पड़ने पर तुरंत ही मदद के लिए मौके पर पहुंच सकेगी। इसके लिए 6 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनेंगे। इन्हें संगम और वीआईपी घाट में बनाया जाएगा। तैरती जेटी पर प्राथमिक उपचार के साथ दुर्घटना की स्थिति में निपटने के लिए सभी आवश्यक उपकरण भी होंगे। अलग से नावें और अनाकोंडा बोट भी पीएसी को उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सभी उपकरणों की खरीद के लिए एक अक्टूबर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को बंजारा हिल्स स्थित मिनिस्टर क्वार्टर में तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार से मुलाकात की और आगामी, 13 अक्टूबर को हैदराबाद में होने वाले अलाई बलाई -2024 के लिए आमंत्रित किया।



सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी हैदराबाद ने गणेश विसर्जन मार्ग में अपने सदस्यों एवं हैदराबाद पुलिस विभाग के साथ शहर के विभिन्न मार्गों पर शांति व्यवस्था के लिए सेवा प्रदान की। इस अवसर पर साई चैतन्या (आईपीएस), श्रीकिशन शर्मा, शशिकांत अग्रवाल, तेजो विजय कुमारी, डॉ. एस रविंद्र, विनय जैन, उदयश्री रेड्डी, संघेष अग्रवाल, चंद्र शेखर, अरफात यादुलाही, सत्यनारायण, डॉ. जैनुल्लाह, सतीश, मुराहरीलाल अदुक्य व अन्य।



टीपीसीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड़ के स्वागत में आयोजित समारोह में उन्हें शॉल ओढाकर बधाई देते हुए कांग्रेस नेता एनके सिंह, आदित्य सिंह।

# चंडीगढ़ विवि की उन्नाव इकाई की स्थापना पर लगी अंतिम मुहर

**लखनऊ, 19 सितंबर (एजेंसियां)।**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए उन्नाव जिले में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सचिवालय में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट, चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को उन्नाव में स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा बाई सर्कुलेशन मंजूरी प्रदान की गई थी। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का लाभ मिलेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे स्थापित होगा, जो उन्नाव और आसपास के जिलों के छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय उन्नाव जिले के ग्राम पदसंदन, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज में 63.53 एकड़ भूमि पर निजी क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंपने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह निर्णय प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, बल्कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विस्तार के लिए प्रयासरत है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की उन्नाव में स्थापना प्रदेश के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय साबित होगी। इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और गुण-वत्ता में वृद्धि होगी, जो उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और भविष्य के बेहतर अवसर लेकर आएगी। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव की स्थापना से छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय प्रदेश के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा 19 सितंबर, 2024 को सीयू इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव/चेयरमैन को एड्रेस करते हुए अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, निजी क्षेत्र के अंतर्गत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 45 पर सम्मिलित किया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, उत्तर प्रदेश के संचालन की अनुमति भी प्रदान की गई है। इस अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। साथ ही विश्वविद्यालय से अपेक्षा की गई है कि वह प्राधिकार पत्र में उल्लिखित शर्तों के अधीन विश्वविद्यालय का संचालन करेगा।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 83,184.80
+236.57 (0.29%) ↑
एनएसई :25,415.80
38.25 (0.15%) ↑

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 75,580/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 90,450/- (प्रति किलोग्राम)

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, P SHAMILY Spouse of Service No. 14449667P Hav(H/K) PARVATHI SATYA-NARAYANA, R/o.Vill and Po:Nemtoor, Teh:Gajwel, Dist:Medak, Telangana-502334 have changed my name and DOB from **P SHAMILY, DOB:09-04-1990** to **PARVATHI SHAMILY, DOB:07-02-1992** vide affidavit dt:19-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, T GEETHA spouse of No.14682568W Hav T RAMA MOHAN presently residing at 1/30-1, C T K Thogatapally, Veeraballe, Cuddapah, Andhra Pradesh-516268 have changed my name from **T GEETHA** to **GEETHA MADDURI** vide Affidavit dated:19-9-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SARITA KUSHAWAHA spouse of No.14663084F Hav AJEET KUMAR MAURYA residing at Bana, Banka Khas, Bahadurganj, Ghazipur, Uttar Pradesh-275201 have changed my name from **SARITA KUSHAWAHA** to **SARITA SINGH KUSHWAHA** vide Affidavit dated:19-9-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 15814698A Hav Prahlad Jaswal of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my Mother name is Changed From **SANTI DEVI** to **SHANTI DEVI**.




# केटीआर ने कंगना रनौत के खिलाफ दानम नागेंद्र की टिप्पणी पर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए



**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव ने गुरुवार को कांग्रेस विधायक दानम नागेंद्र द्वारा भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा और कांग्रेस नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाया।

राम राव ने कहा कि नागेंद्र द्वारा इस्तेमाल की गई घृणित भाषा अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक लक्ष्य के लिए महिलाओं के प्रति सम्मान की रेखा को धुंधला नहीं करना चाहिए। बीआरएस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, मैं उनकी राय या उनकी पार्टी की विचारधारा से सहमत नहीं हो सकता, लेकिन विमर्श का स्तर कभी भी इतने निचले स्तर पर नहीं गिरना चाहिए। यह आश्चर्यजनक है कि दिल्ली और यहां तक कि तेलंगाना में भी कांग्रेस नेताओं ने इस मामले पर चुप रहने का विकल्प चुना है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा, क्या यह इस तरह की गंदगी के प्रति उनकी स्वीकृति को दर्शाता है? जब असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने आपकी मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। केटीआर रामा राव ने लिखा कि सोनिया गांधी जी, मैं आपको याद दिला दूं कि यह केसीआर गारू ही थे जिन्होंने सबसे पहले खड़े होकर उन टिप्पणियों की निंदा की थी, यहां तक कि तेलंगाना में आपकी पार्टी के सदस्यों, जिनमें वर्तमान सीएम रेवंत रेड्डी भी शामिल थे, ने भी प्रतिक्रिया देने का फैसला नहीं किया था।

हम नैतिकता और शालीनता को सबसे ऊपर रखते हैं। एक जघन्य अपराध एक जघन्य अपराध है, चाहे वह बलात्कार हो, हत्या हो या किसी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी हो। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप अपनी पार्टी के भीतर एक उच्च मानक स्थापित करें और अपने कैडर को वे मूल्य सिखाएं जो वे भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को राजनीतिक झुकाव से निर्धारित नहीं किया जा सकता है, यह शालीनता के बारे में है।

मार्च में बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हुए नागेंद्र ने बुधवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी की। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया था। गांधी भवन में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए, दानम नागेंद्र ने मांग की कि सरकार राहुल गांधी को हत्या की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे।

# टीजीईएपीसीईटी 2024 : बीफार्मा प्रवेश काउंसलिंग तीन महीने की देरी के बाद 24 से शुरू

TGEAPCET

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** करीब तीन महीने की देरी के बाद, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए बी-फार्मेसी और फार्मा-डी कार्यक्रमों के लिए तेलंगाना इंजीनियरिंग, कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजीईएपीसीईटी) 2024 प्रवेश काउंसलिंग 24 सितंबर से शुरू होने वाली है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने गुरुवार को प्रवेश काउंसलिंग के लिए विस्तृत कार्यक्रम अधिसूचित किया। टीजीईएपीसीईटी एमपीसी स्ट्रीम के उम्मीदवारों के लिए फार्मेसी प्रवेश इंजीनियरिंग प्रवेश के साथ-साथ किए जाने थे, जो जुलाई और अगस्त के महीनों में आयोजित किए गए थे। हालांकि, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से फार्मेसी कॉलेजों को मंजूरी मिलने में देरी के कारण इसे आयोजित नहीं किया जा सका।

शेड्यूल के अनुसार, जिन उम्मीदवारों ने एमपीसी स्ट्रीम में टीजीईएपीसीईटी 2024 उत्तीर्ण किया और जुलाई और अगस्त में आयोजित प्रमाणपत्र सत्यापन में भाग लिया, उन्हें 24 और 25 सितंबर को वेब विकल्पों का प्रयोग करना चाहिए। तकनीकी शिक्षा आयुक्त ए श्रीदेवसेना ने कहा कि काउंसलिंग का केवल एक चरण आयोजित किया जाएगा और उम्मीदवारों से वेब विकल्पों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार टीजीईएपीसीईटी 2024 प्रवेश के दौरान पहले से ही इंजीनियरिंग शाखाओं में शामिल हो चुके हैं, वे विकल्प का उपयोग करने के पात्र नहीं हैं।

अनंतिम सीट आवंटन 27 सितंबर के लिए निर्धारित है। सीट आवंटन प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 27 और 28 सितंबर को ऑनलाइन स्वयं रिपोर्ट करना होगा और ट्यूशन शुल्क का भुगतान करना होगा, और 28 या 29 सितंबर को आवंटित कॉलेज में रिपोर्ट करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट https://tgeapcetb.nic.in पर जाएं।

# हैदराबाद में गोदरेज हेयर डाई और गुड नाइट लिक्विड वेपोराइजर की नकली इकाई पर छापा

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और नकली गुड नाइट गोल्ड फ्लैश की एक नकली इकाई पर छापा मारा है।

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि कंपनी और तेलंगाना पुलिस ने हाल ही में हैदराबाद में नकली गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर की पैकेजिंग सामग्री का अवैध भंडारण और आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की है। नियमित गुणवत्ता जांच तंत्र के दौरान जीसीपीएल को तेलंगाना में नकली उत्पादों की बिक्री के बारे में लगातार कई शिकायतें मिलीं। इन रिपोर्टों के बाद जांच दल ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर आपूर्तिकर्ता की इकाई पर छापा मारा।

छापे में गुड नाइट गोल्ड फ्लैश पैकेजिंग की 2000 पीस, पैक किए गए गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर के 85 पीस और गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई के 180 पीस जब्त किये गये। पुलिस वर्तमान में इन नकली उत्पादों के लिए जिम्मेदार वितरण नेटवर्क की पहचान करने के लिए जांच कर रही है, जिसका उद्देश्य तेलंगाना के भीतर नकली उत्पादों की बिक्री को रोकना है।

# कौशल विश्वविद्यालय में अहम भूमिका निभाएं उद्योगपति : सीएम रेवंत

**हैदराबाद, 19 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार शाम उद्योगपतियों और ब्लू चिप कंपनियों से विश्वविद्यालय में भागीदार के रूप में शामिल होने और कौशल को निखारने और युवाओं को नौकरी पाने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने का आह्वान किया। रेड्डी ने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ तेलंगाना यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी बोर्ड के साथ बैठक की। कहा कि नव स्थापित तेलंगाना यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी को देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में प्रचारित किया जाएगा।सीएम ने घोषणा की कि यूनिवर्सिटी बोर्ड को स्किल यूनिवर्सिटी को देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में प्रचारित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले ही 150 एकड़ जमीन आवंटित कर दी है और विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं, उन्होंने उद्योगपतियों से भागीदार बनने और संस्थान के पूर्ण प्रबंधन के लिए एक कॉर्पस फंड बनाने की अपील की। उद्योगपतियों से अनुरोध है कि वे आगे आएं और विश्वविद्यालय परिसरों में भवनों का निर्माण करें, जिन कंपनियों और दानदाताओं ने भवनों के निर्माण में योगदान दिया है, उनका नाम उनके नाम पर रखा जाएगा।रेड्डी ने कहा कि सरकार ने कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के विचार को तेजी से क्रियान्वित किया और अब से



विश्वविद्यालय बोर्ड के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा को संस्थान के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को विश्वास है कि कौशल विकास के क्षेत्र में पहले ही अपनी पहचान बना चुके प्रसिद्ध उद्योगपति आनंद महिंद्रा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय को देश में अपनी ब्रांड छवि मिलेगी। डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क, मंत्री डी श्रीधर बाबू, यूनिवर्सिटी बोर्ड के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, सह-अध्यक्ष श्रीनि राजू, बोर्ड के सदस्य पी. देवैया, सुचित्रा एला, सतीश रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, सरकार के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन, प्रधान सचिव इस बैठक में सीएम शेषाद्रि, सीएम के विशेष सचिव अजित रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.